ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 09 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 275 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले ... पेज 10 पर



**आईसीसी वर्ल्ड कप 2023**

इंग्लैंड - 339/9 (50 ओवर)

नीदरलैंड्स - 179/10(37.2 ओवर)

**आज का मैच**

न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका से, बेंगलुरू में (2 बजे से)

## गागर में सागर

### पूर्व सीएम मधु कोड़ा के खिलाफ मनी लॉन्डरिंग केस में ट्रायल पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ धन-शोधन यानी मनी लॉन्डरिंग केस में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। मधु कोड़ा ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसपर हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने के साथ ही अदालत ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज (एलसीआर) भी हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। मधु कोड़ा की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और हाईकोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की।

### रांची में पूर्व मंत्री लुईस मरांडी अस्पताल में भर्ती

**रांची।** पूर्व मंत्री लुईस मरांडी मेडिका अस्पताल में भर्ती हैं। डॉ गौतम चंद्रा की देखरेख में उनके गॉलब्लाडर का ऑपरेशन किया गया। चिकित्सक के अनुसार, उनको गंभीर परिस्थितियों में भर्ती कराया गया था। उन्हें लिवर में जख्म,गॉल ब्लाडर में सूजन और डायबिटीज की समस्या है। दो दिन तक भर्ती कर उन्हें पहले स्टेबल किया गया। उसके बाद बुधवार को उनका ऑपरेशन किया गया है। फिलहाल स्थिति समान्य है। वो प्राइवेट वार्ड में भर्ती हैं।

### ईडी कार्यालय पहुंचे होटवार जेल के जेलर, पूछताछ शुरू

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर नसीम खान बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। ईडी ने समन भेजकर जेलर को पूछताछ के लिए बुधवार को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। सूत्रों ने बताया कि जेलर के ईडी कार्यालय पहुंचने के बाद उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद जमीन घोटाला के आरोपितों की ओर से ईडी के अफसरों को धमकी देने, उन्हें झूठे केस में फंसाने और साक्ष्य नष्ट करने के मामले में ईडी जेलर से पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सात नवम्बर को ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हेड क्लर्क मोहम्मद दानिश से पूछताछ की थी।

### विष्णु अग्रवाल व प्रेम प्रकाश की बेल अर्जी पर ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की ओर से दायर अलग-अलग जमानत अर्जी मामले की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की जमानत पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। साथ ही विष्णु अग्रवाल के जमानत पर कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। न्यायाधीश दीपक रोशन की कोर्ट में सुनवाई हुई। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को रात करीब दस बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

## 15 नवंबर से राशन कार्डधारियों को मिलेगा 1 रु. प्रति किलो चना दाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार राज्य के राशन कार्डधारियों को एक और तोहफा देनेवाली है। राज्य सरकार राशन कार्डधारी को 1 रु. प्रति किलो चना दाल देगी। झारखंड कैबिनेट की बैठक में ही इसी घोषणा की गई थी। साथ ही मुख्यमंत्री ने मेदिनीनगर में आयोजित रोजगार मेला के संबोधन के दौरान भी इसका जिक्र किया था। अब इस बारे में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का बयान आया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बताया कि इसकी शुरूआत झारखंड स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर से की जाएगी।

**किसे मिलेगा इसका लाभ :** सरकार द्वारा 1 प्रति किलो चना दाल वितरण की योजना का लाभ झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल लोगों को ही मिलेगा। इस स्कीम के तहत राज्य के 65 लाख कार्डधारी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि गत 11 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। बैठक में राज्य के सभी कार्डधारी को 1 प्रति किलो की दर से चना दाल देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। कैबिनेट ने फैसला लिया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के सभी लाभूक परिवारों को प्रति परिवार एक किलोग्राम चना दाल प्रतिमाह 1 रु. प्रति किलो की दर से दिया जाएगा।

**झारखंड सरकार का तोहफा**



### सीएम ने भ्रष्टाचार के आरोपित बीडीओ के विरुद्ध अभियोजन की दी स्वीकृति

• प्रखड विकास पदाधिकारी पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने बुधवार को लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना कांड संख्या-09/2016, छह जुलाई, 2016 के अभियुक्त अर्जुन राम तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ जिला लातेहार के विरुद्ध भारतीय दंड विधान 1880 की धारा 406/409/419/420/34 के तहत अभियोजन की स्वीकृत्यादेश दिया है। अभियुक्त के खिलाफ अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई है कि अभियुक्त द्वारा इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुंआ रहित चूल्हा एवं योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बिना किसी निविदा/कोटेशन के मेसर्स ए.के. ट्रेडर्स, रांची को दिया गया। आपूर्ति के विरुद्ध 41,69,880 रुपये का भुगतान किया गया, जो सरकारी प्रावधान का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार अर्जुन राम तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ पर सरकारी पद का दुरूपयोग, आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

### झारखंड एटीएस ने की कार्रवाई

# आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकी गिरफ्तार

### युवाओं को भड़का आईएसआईएस आए जोड़ने का काम कर रहे थे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एटीएस की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा जिले से दोनों आतंकियों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार आतंकियों में आरिज हसनैन और मोहम्द नसीम शामिल है।

गिरफ्तार दोनों आतंकी झारखंड के युवाओं को भड़काकर आईएसआईएस से जोड़ने की साजिश में शामिल है रहे हैं। गिरफ्तार आतंकियों के पास से एटीएस के द्वारा कई अहम दस्तावेज भी जप्त किए गए हैं। दोनों आतंकी डार्क वेब के जरिए आईएसआईएस के आतंकियों से जुड़े हुए थे।





#### सूचना पर नजर रख रही थी एटीएस

**मिली** जानकारी के अनुसार झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते को इनपुट मिला था कि झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा जिले आईएसआईएस मॉड्यूल को ऑपरेट किया जा रहा है। इसी सूचना पर झारखंड एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा में छापेमारी कर दो आतंकियो आरिज हसनैन और मोहम्द नसीम को गिरफ्तार किया है।

#### कौन कहा से पकड़ा गया

**गिरफ्तार** आतंकियों में मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से की गई है। वही दूसरा आतंकी मो. आरिज हसनैन है, आरिज झारखंड के गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है। आरिज की गिरफ्तारी गोड्डा से की गई है।

#### पूछताछ जारी

गिरफ्तारी के बाद दोनों आतंकियों को झारखंड एटीएस के मुख्यालय लाया गया है, जहां उनसे एटीएस की टीम पूछताछ कर ही रही है।

## डीजीपी ने झारखंड पुलिस का 'प्रतिबिंब ऐप' किया लॉन्च




### साइबर अपराध में झारखंड देश में दूसरे व राजस्थान पहले नंबर पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को झारखंड पुलिस का प्रतिबिंब एप लॉन्च किया। यह ऐप देशभर में साइबर ठगी में उपयोग किए मोबाइल नंबर जियोग्राफिकल लोकेशन बताएगा। जिसको लागू करने से वैसे सभी मोबाइल नंबरों की जियोग्राफिकल लोकेशन को देखा जा सकेगा, जो साइबर क्राइम में देश भर में उपयोग किये गये हैं। यह डेटा पूरे देश के नक्शे पर आएगा। जिससे किसी भी राज्य के क्षेत्र में अपराधियों द्वारा प्रयोग किए जा रहे मोबाइल नंबरों की फिजिकल या जियोग्राफिकल लोकेशन नजर आ सकेगी।

साइबर अपराध के मामले में राजस्थान के बाद झारखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है। झारखंड में पिछले साढ़े चार साल (साल 2019 से जुलाई 2023 तक) में साइबर अपराध के 5350 मामले सामने आये हैं। इसमें 1432 मामले सिर्फ रांची जिले में दर्ज हुए हैं। इसके अलावा धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384 और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज हुए। साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रांची में वर्कशॉप चल रहा है। इसमें वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और यूपी के अधिकारी के साथ ईडी, सीबीआई, डीओटी, डीआईबी और आरबीआई के अधिकारी भी शामिल हुए।

## लातेहार के एलआरडीसी का पेशकार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित एलआरडीसी ऑफिस के पेशकार विपिन किशोर एक्का को पलामू एसीबी की टीम ने बुधवार को 5000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्हें ऑफिस से ही गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार शंकर पासवान का जमीन से जुड़ा हुआ एक मामला एलआरडीसी ऑफिस में चल रहा था। जिसका फैसला भी काफी पहले ही हो गया था। लेकिन फैसला से संबंधित कागजात के नकल निकालने के लिए शंकर पासवान पिछले एक वर्ष से परेशान था। एलआरडीसी के पेशकार के द्वारा नकल के बदले 5000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। पूरी तरह थक हार शंकर पासवान ने इसकी शिकायत एसीबी की टीम पलामू से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के टीम के द्वारा मामले की जांच अपने स्तर की गई । जांच के बाद जब यह बात स्पष्ट हो गया कि रिश्वत की मांग की जा रही है तो एसीबी की टीम ने शंकर पासवान पैसे देकर पेशकार के पास भेजा। पेशकार विपिन किशोर एक्का ने शंकर पासवान को अपने कार्यालय में ही बुलाकर पैसे लेने लगा। एसीबी की टीम तत्काल वहां पहुंची और पेशकार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में छानबीन करने के बाद गिरफ्तार आरोपी पेशकार विपिन किशोर को एसीबी की टीम अपने साथ लेकर पलामू चली गई। इधर एलआरडीसी कार्यालय में छापामारी होने के बाद पूरे कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।



## चिटफंड मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर हुई सुनवाई

**राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में दायर करेगी एसएलपी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नॉन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 11 सितंबर के हाईकोर्ट के आदेश को लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करने का निर्णय लिया है, जिस पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली 6 दिसंबर निर्धारित की है।

11 सितंबर को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि छोटे निवेशकों के डूबे पैसे को उन्हें मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार 45 दिनों के भीतर हाई लेवल कमेटी बनाने का नोटिफिकेशन जारी करें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यह हाई लेवल कमेटी हाई कोर्ट के सेवानिवृत चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में तीन सदस्य होगी। इसमें सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस के अलावे सेक्रेटरी बोर्ड आफ ऑफ रेवेन्यू एवं सीबीआई की एक पदाधिकारी जो डीआईजी रैंक से कम का न हो, वह रहेंगे। यह हाई लेवल कमेटी चिटफंड कंपनियों द्वारा छोटे निवेशकों के गबन किए गए पैसे को वापस दिलाने का प्रयास करेगी।

पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपये की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे गए हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाया जा रहा हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए।




## धनतेरस 10 को, हस्त नक्षत्र का बन रहा योग



**रांची।** राजधानी रांची में इस बार धनतेरस 10 नवम्बर (शुक्रवार) को मनाया जाएगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि दिन में 11.47 बजे प्रारंभ होगी और 11 नवंबर को दिन में 1.13 बजे समाप्त होगी। धनतेरस की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है, इसलिए यह पूजा 10 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने बुधवार को बताया कि इस बार धनतेरस में शुभ संयोग बन रहे हैं। हस्त नक्षत्र योग होने से व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इस नक्षत्र में की गई खरीदारी स्थाई होगी। उन्होंने बताया कि धन त्रयोदशी के दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर, इलेक्ट्रिक सामान आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक है। इस दिन घर के दरवाजे पर स्वास्तिक का चिह्न अंकित करने से घर में सौभाग्य और खुशहाली आती है। इस दिन यम दीप दान करने का विधान है, इससे अकाल मृत्यु भय दूर होता है। संध्या काल में पुराने दीये में तेल डालकर घर के बाहर जलाया जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी वाट्स ऐप यूजर्स को चेतावनी

# फोन नंबर बदलना है तो डाटा डिलीट करें

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वाट्स ऐप्प से जुड़े एक मामले में व्हाट्सएप उपभोक्ताओं, विशेषकर प्रीपेड ग्राहकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अपना फोन नंबर डीएक्टिवेट करने से पहले सारा डेटा व्हाट्सएप से डिलीट कर दें।मालूम हो कि टेलीकॉम कंपनियां रिलायंस जियो , एअर टेल , वीआई ने सर्वोच्च न्यायालय से डीएक्टिवेट हो चुके मोबाइल नंबर को ट्रांसफर करने की छूट मांगी गई थी। इस याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने टेलीकॉम कंपनियों को डीएक्टिवेट मोबाइल नंबर, नए ग्राहकों को एलोकेट करने की मांग को मान लिया है। ऐसे में अब टेलिकॉम आपका बंद पड़ा मोबाइल नंबर किसी दूसरे ग्राहक को दे सकती हैं। यदि आपका भी कोई पुराना नंबर है , जो आपने बंद कर दिया है लेकिन उसके व्हाट्सएप डेटा को कभी डिलीट नहीं किया तो आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से व्हाट्सएप डेटा को लेकर यह एडवाइजरी जारी की गई। ऐसे में यदि आप भी अपना मोबाइल नंबर बदलना चाहते हैं तो न्यायालय की तरफ से दी गई सलाह के बारे में जान लें। मालूम हो कि वकील राजेश्वरी ने एक याचिका दायर कर मांग की थी कि टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी को डीएक्टिवेट हो चुके फोन नंबर किसी दूसरे यूजर को देने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी मांग को खारिज कर दिया। और फैसला सुनाया कि टेलिकॉम कंपनियां अब बंद हो चुके मोबाइल नंबर, दूसरे ग्राहकों को दे सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने व्हाट्सऐप उपभोक्ता को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप चाहते हैं कि आपके मोबाइल नंबर और डेटा का गलत इस्तेमाल ना हो तो जिम्मेदारी लीजिए। ग्राहकों को समय रहते हुए खुद इस डेटा को डिलीट कर देना चाहिए। अपने डेटा के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनी प्राइवेसी पर ध्यान देना होगा। अभी तो दूरसंचार विभाग के नियम के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर रिचार्ज ना होने के चलते डीएक्टिवेट हो जाता है तो कम से कम 90 दिनों तक वह नंबर किसी और को नहीं दिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि टेलिकॉम कंपनियों को कोई भी मोबाइल नंबर किसी दूसरे यूजर को तुरंत ट्रांसफर नहीं करना चाहिए। लेकिन एक बार कोर्ट ने नंबर दूसरे को देने का फैसला सुना दिया है तो कंपनियाँ उसकी आड़ में अपनी मनमानी करेंगी ही करेंगी।



## प्रधानमंत्री आगमन से पूर्व मुख्य सचिव और डीजीपी ने किया खूंटी का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झारखंड स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों का एक दल खूंटी पहुंचा। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी बिरसा कॉलेज स्थित फुटबॉल स्टेडियम निर्माण कार्य और अस्थायी हेलीपैड का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने खूंटी उपायुक्त को काम में तेजी लाने और कई मामलों में दिशा-निर्देश दिए। वहां से फिर अधिकारियों का काफिला उलिहातू के लिए निकला। वहां पर निर्माण कार्य चल रहे बिरसा कॉम्पलेक्स और बिरसा के प्रांगण का जायजा लिया। कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सुरक्षा के दृष्टिकोण से खूंटी एसपी अमन कुमार को भी कई दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनिल कुमार, सचिव अमिताभ कौशल के अलावा आईजी, डीआईजी अनूप बिरथरे समेत कई अधिकारी मौजूद थे।



## गागर में सागर

### छात्र से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल लूटकर ले भागे, केस दर्ज

**रांची।** लालपुर विराज नगर के रहने वाले छात्र से अमन गुप्ता से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में अमन ने लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अमन की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह शनिवार को अपने एक दोस्त को कांटाटोली बस स्टैंड छोड़ने के लिए जा रहे थे। कांटाटोली स्टैंड के समीप एक बाइक पर सवार दो लोग पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। हालांकि उन्होंने कुछ दूर तक पीछा भी किया। मगर दोनों आरोपी फरार हो गए। इसके बाद वह रविवार को थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवक से बीच सड़क पर रुपए समेत लूट लिया चेन, कार सवार पर केस

**रांची।** डंगरा टोली निवासी तानुट तुलिया तिग्गा के साथ बहुबाजार के समीप बदमाशों ने उनसे सोने का चेन व पांच हजार रुपए लूट कर ली है। इस संबंध में तानुट तुलिया तिग्गा ने वाहन संख्या जेएच01इएन5023 के मालिक व चालक के खिलाफ लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। तानुट तुलिया की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि चार नवंबर को वह बहुबाजार से सुजाता चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान कार सवार कुछ लोग बहुबाजार के समीप पहुंचे। उन्हें रोका और उनके गले से सोने का चेन और पांच हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। इस दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद वह सीधे लोअर बाजार थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सिचाई विभाग के भंडार से डेढ़ टन के लोहे की चोरी, तीन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में स्थित सिचाई यांत्रिक प्रमंडल के भंडार से डेढ़ टन के लोहे की सामग्री की चोरी हो गयी है। इस वारदात को गुड्डू यादव, सचिन यादव, बजरंग कुमार समेत अन्य अपराधियों मंगलवार को अहले सुबह अंजाम दिया है। इस संबंध में सिचाई विभाग के कनीय अभियंता जयदेव कुमार मोदी ने गुड्डू, सचिन, बजरंग समेत अन्य के खिलाफ धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। कनीय अभियंता की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह वर्तमान में नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में पदस्थापित है। चौकीदार मुकेश कुमार को भंडार की देखरेख की जिम्मेवारी दी गई है।

### छोटा मुरी में सिल्ली विधायक ने किया पीसीसी का शिलान्यास

**सिल्ली।** झारखंड सरकार, जिला परिषद रांची डीएमएफटी मद के अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के छोटा मुरी में टुगरी पार्क के पीछे पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने लोगों की जन समस्याओं को भी सुना व त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि अब सिल्ली विधानसभा सड़क, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य में काफी अग्रसर हो चुका है एवं हमारी अगली तैयारी शिक्षा और स्वास्थ्य को और बेहतर करने की है। मौके पर लक्ष्मण महतो, बृजेश प्रसाद, मुखिया कन्हैया लोहरा, सविता पोद्दार, शिशुपाल महतो, चंद्र मोहन महतो, पहलू महतो, मोहम्मद चांद हुसैन, हैदर अली, मोहम्मद फारूक समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### समाज कल्याण समिति की बैठक आज

**सिल्ली।** समाज कल्याण समिति मुरी सिल्ली की एक बैठक का आयोजन नया बाजार शिव मंदिर प्रांगन में गुरुवार को 11:00 बजे किया जाएगा यह बैठक छठ महापर्व को देखते हुए समाज के तरफ से लगातार 10 वर्षों से छठवर्तियों के लिए फल का वितरण एवं दूध का वितरण किया जाता है। इस बैठक को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। इसकी सूचना समाज के अध्यक्ष प्रविन्द पाण्डेय ने दिया।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा दो टर्बो को किया जब्त

**सिल्ली।** सिल्ली क्षेत्र में बालू माफियाओं पर नकेल कसने की कोशिश जारी है। बुधवार को सिल्ली पुलिस ने फिर से दो बालू लदे टर्बो को जप्त किया है। ये टर्बो अवैध बालू लेकर सिल्ली के जराडीह जंगल के रास्ते से बाहर जा रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लगातार छापेमारी के बाद भी कुछ बालू माफिया अब भी बालू की ढुलाई करने में लगे है। ज्ञात हो कि नए थाना प्रभारी लालजी ने अपने योगदान के बाद से ही बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभी तक कई बार छापेमारी कर के बालू ढुलाई करने वाले वाहनों को जप्त किया है।

### चार राज्यों के कार्यकारिणी सदस्यों की हुई समीक्षा बैठक

# खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्मा, लघु एवं मध्यलम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोग के पूर्वी क्षेत्र के चारों राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं झारखंड के राज्य निदेशकों खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारियों तथा पूर्वी क्षेत्र के आयोग के खादी भवनों एवं विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रमुख के साथ खादी और ग्रामोद्योग गतिविधियों की एक समीक्षा बैठक की गई। बीते अक्टूबर, 2023 माह में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2023 के दौरान खादी महोत्सव मनाया गया, जिसके अन्तहर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के चारों राज्यों में 20 स्थानों पर 'मिनी प्रदर्शनी सह बिक्री महोत्सगव' का आयोजन किया गया, जिसमें खादी के प्रचार-प्रसार के लिए 'वोकल फॉर लोकल', आत्मिनर्भर भारत, खादी यात्रा तथा खादी उत्पादन की जीवंत प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही साथ विभिन्नत प्रकार की गतिविधियों का आयोजन चारों राज्यों में विभिन्नग स्कूलों, कालेजों तथा खादी संस्थाओं द्वारा चलाई गईं, जिसमें बड़े पैमाने खादी यात्रा ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगर पालिका स्तर तक कुल 500 से ज्यादा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त समीक्षा के दौरान खादी विकास योजना के तहत सूती खादी, सिल्क खादी का उत्पादन संतोषजनक पाया गया एवं बिक्री के आंकड़े काफी उत्साहजनक पाए गए, विशेषकर अक्टूबर, 2023 माह में खादी के तहत अभूतपूर्व बिक्री हुई। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के आगामी नवम्बर, दिसम्बदर एवं जनवरी माह में पूर्वी क्षेत्र के सभी राज्यों में खादी बिक्री सह प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोग के विभागीय और गैर-विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से लगभग 10 प्रकार के ट्रेडों के तहत लगभग 9000 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे स्वावलंबन बन सकें। जिन प्रतिभागियों ने भाग लिया उनमें मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, एस.एस. सिल, उप-मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, कोलकाता, डॉ. एम.एच. मेवाती, निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, बिहार एवं झारखण्डो, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, प. बंगाल एवं उड़ीसा, श्रीनिवास मीणा, प्राचार्य, बहुद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र, कल्याणी, प्रेम कुमार सिंह, प्रबन्धरक, खादी ग्रामोद्योग भवन, कोलकाता (प.बंगाल), आर.सी. बेसरा आदि शामिल थे।




### प्रधानमंत्री ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया

# उनके आगमन से हर्षोल्लास : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 15 नवंबर को बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू में किसी प्रधानमंत्री के पहली बार आगमन को लेकर जनजाति समाज में हर्षोल्लास है। बाबूलाल बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक में बोल रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव ही आदिवासियों की चिंता करते रही है। अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासियों के लिए अलग राज्य दिया। उन्होंने आदिवासियों के लिए अलग जनजाति मंत्रालय का गठन किया। मरांडी ने कहा कि अटल के काम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समाज के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषणा कर देश के सभी जनजाति स्वतंत्रता सेनानी को सच्ची श्रद्धांजलि दिया है।। देश में पहली बार आदिवासी समाज की बेटी को देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन ने जल-जंगल-जमीन एवं आदिवासी के नाम पर राजनीति कर सत्ता में आये लेकिन पिछले चार वर्षों में उनके विकास कार्यक्रम में आदिवासी की कहीं कोई चर्चा नहीं हुई। इसके उलट हेमन्त सरकार में आदिवासी बच्चियों एवं महिलाओं की दुष्कर्म एवं हत्या की घटना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के रामेश्वर मुर्मू, रूपा तिर्की, संध्या टोपनो रुबिका पहाड़िया की हत्या यह बताता है कि हेमन्त सरकार में आदिवासी समाज सुरक्षित नहीं है। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू सहित जनजाति मोर्चा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### 16 व 17 नवंबर को देशभक्ति की धुन पर बैंड प्रस्तुति देंगे स्कूली छात्र

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से 16 नवंबर और 17 नवंबर को दिन के 11 बजे से रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में 'राज्यस्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता 2023-24' का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के जिलास्तरीय विजयी टीमें देशभक्ति की धुन पर मनमोहक बैंड प्रस्तुति देंगी। प्रत्येक जिले से एक-एक सर्वश्रेष्ठ बैंड दल (बालक एवं बालिका वर्ग से एक-एक) का चयन इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। एक टीम में 25 सदस्य होंगे। हर टीम को बैंड प्रस्तुति के लिए अधिकतम सात मिनट का समय मिलेगा। विजयी दल का चयन सशस्त्र सैन्य बल, केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस बल से जुड़ी निर्णायक मंडली करेगी। प्रतिभागियों के आवासन की व्यवस्था भी की जायेगी। आयोजन के संबंध में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि विभाग का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता कराने के पीछे का मकसद स्कूली बच्चों के हुनर को करियर अवसर के रूप में विकसित करने की सोच है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजयी दल का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसके पूर्व विजयी दल को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। राज्यस्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता 2023-24 में स्कूली बच्चों की प्रतिभा और देशभक्ति की धुनों से सुसज्जित बैंड दल की प्रस्तुति का आनंद लेने के लिए आम लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा।

## पूर्व भू अर्जन पदाधिकारी के खिलाफ एसीबी ने दर्ज की पीई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसीबी ने पूर्व भू अर्जन पदाधिकारी उदयकांत पाठक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पीई दर्ज किया है। एसीबी के द्वारा अनुसंधानरत 20 करोड़ के भू अर्जन के गड़बड़ी के केस में भी उदयकांत पाठक आरोपी रहे हैं। भू अर्जन विभाग में कार्यरत रहने के दौरान उदयकांत पाठक पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा। एसीबी ने पूर्व भू अर्जन पदाधिकारी के खिलाफ आईआर दर्ज कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच शुरू की थी। धनबाद, देवघर के नंदन पहाड़ के समीप अचल संपत्ति, रांची और बंगलुरू में फ्लैट होने की पुष्टि आरंभिक रिपोर्ट में हुई है। आईआर जांच में आए तथ्यों के आधार पर एसीबी ने केस में आय से अधिक संपत्ति का पीई दर्ज करने की अनुमति मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग से मांगी थी। विभागीय अनुमति के बाद एसीबी ने जांच शुरू कर दी है। उदयकांत पाठक के खिलाफ घोटालों के दो मामले दर्ज हैं। धनसार में दूहाटांड़ रिंग रोड मुआवजा मामले में 12 करोड़ रुपए के घोटाले की बात अनुसंधान में सामने आई थी। वहीं तिलाटांड़ आवास मुआवजा मामले में 20 करोड़ 23 लाख 94 हजार रुपए की गड़बड़ी का पता चला था। इस मामले में 13 अप्रैल 2015 को धनसार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आदिवासियों के नाम पर फर्जी तरीके से मुआवजे का भुगतान किया गया। वहीं तिलाटांड़ आवास योजना के नाम पर हुए घोटाले में 23 जून 2015 को धनबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में आदिवासियों और पिछड़ी जाति के 15 लोगों की जमीन ली गई थी और मुआवजे में करीब 24 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था।

### स्वामी सदानंद जी महाराज पहुंचे रांची, कहा

# आप सभी प्रेम और ज्ञान की दीपक जलायें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



**जहां प्रेम और संतोष होता है वहां लक्ष्मी जी खुद आती हैं और जहां दिलों में बैर होते हैं वहां लाख पूजन करे तो भी नहीं आती**

गुरु जी महाराज के सत्संग भवन में आगमन होने के साथ ही वहां का वातावरण सतगुरु महाराज की जय श्री प्राणनाथ प्यारे की जय जयकारो से गूंज उठा। सर्वप्रथम गुरूजी महाराज ने 108 दीपक जलाकर सभी सुन्दरसाथ भाईयों एवम बहनों को धनतेरस, रूप चौदस, दिपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं छठ महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। गुरूजी महाराज ने कहा की आप सभी प्रेम और ज्ञान की दीपक जलायें। दीपावली का अर्थ अक्सर सब यही लगाते हैं कि घर में खूब रोशनी करना घर की सफाई करना और खाना और खिलाना सच में क्या दिवाली का यही अर्थ है? माना जाता है कि भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास काटकर इस दिन अयोध्या वापस आए थे। तब सभी अयोध्यावासियों ने खूब खुशियां मनाई थी। घर-घर में दीपक जलाए गए थे और खूब आनंद का माहौल था परस्पर सभी में प्रेम भाव था। जितनी खुशियां वातावरण में थी उतनी उनके दिलों में भी थी क्योंकि उनके राज दुलारे उस दिन घर लौटे थे पर आज इस त्योहार का असली अर्थ आनंद उत्सव कहीं खो सा गया है। आज लोगों ने इस त्योहार को सिर्फ अर्थ उपार्जन का त्योहार बना दिया है। सभी की बस एक ही कामना रहती है खूब अच्छे से लक्ष्मी पूजन करें और लक्ष्मी जी के लक्ष्मी जी धन के रूप में हमारे घर आए पर लक्ष्मी स्वरूप क्या सिर्फ धन का है लक्ष्मी जी तो प्रेम और संतोष की मूरत है। जहां प्रेम और संतोष होता है वहां लक्ष्मी जी खुद आती हैं और जहां दिलों में बैर होते हैं वहां लाख पूजन करे तो भी नहीं आती। असली धन तो संतोष को प्रेम ही है जिसके पास या धन होता है उसको कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होती। हम सब अपने घर में लाइट और दीपक से खूब रोशनी करते हैं पर अपने अंदर जो क्रोध ईर्ष्या द्वेष रूपी अंधकार है उसे रोशन करना भूल जाते हैं। हमारे दिलों में सबके लिए प्यार हो किसी से बैर ना हो और भगवान श्री राम के जीवन से यह भी सीखे की कष्ट तो हर किसी के जीवन में आते ही हैं पर हमें उनका सामना किस प्रकार धीरज रख कर करना चाहिए। आजकल के लोग मिट्टी के दीपक के बदले चाइनीज लाइटों का प्रयोग ज्यादा करने लगे हैं पर जो शोभा और सुन्दरता मिट्टी के दीयों में है वह किसी चाइनीज लाइट मे नहीं है। मिट्टी के दीपक में हमारी संस्कृति की झलक मिलती है और दूसरी बात यह भी है कि हमारे ऐसा करने से जो लोग मिट्टी के दीपक बनाते हैं और साल भर इस त्योहार का इंतजार करते हैं उनकी आशा भी पूर्ण नहीं होती।

### झामुमो प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री से एचईसी को बचाने की मांग की

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड के एचईसी को प्रधानमंत्री से बचाने की मांग की है। साथ ही केंद्र के पास झारखंड की बकाया राशि देने की भी अपील की है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को झारखंड के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री के आगमन का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे मौके पर उन्हें चाहिए कि वह एचईसी को बचाने की पहल भी करें। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू और इस राज्य की माटी के लाल इंजीनियर कार्तिक उरांव ने जिस औद्योगिक संस्थान को खड़ा किया था, उसे भाजपा के शासन काल में पिछले 10 सालों में बर्बाद कर दिया गया। नतीजा यह है कि पिछले 2-3 सालों से एचईसी के कर्मी मरणासन्न स्थिति में हैं। एचईसी के उद्धार के अलावा झारखंड का जो केंद्र के पास 36 लाख करोड़ बकाया है, उसे भी वे दिलाएं।

### जन आकांक्षा के अनुरूप काम कर रही है हेमंत सरकार : जुबैर अहमद

**खूंटी।** झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को रनिया में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष और जिला बीससूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद उपस्थित थे। सम्मेलन में बूथ और पंचायत समितियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लेकिन जानकारी के अभाव में लोग उसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 10/2023-24 (7th Call)**
**P.R. No. 302018, 302958 , 304479, 306638, 308414 & 309509 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/Jyoti/ ABB/ Crompton Greaves/Mather & Platt make) having valid G.S.T .I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supply, installation and commissioning of Horizontal Split Casing Centrifugal pump set having discharge 682 $m^3$/hr, head 40 meters respectively with all accessories and lifting arrangement under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 16.11.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 17.11.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W.& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 311001 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

**कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**

**मनरेगा अन्तर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :–**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रारंभिक औपबंधिक सूची जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक/जाति/आवासीय/शपथ पत्र एवं आवेदन पत्र आदि की जाँच कर अपनी आपत्ति दिनांक 16.11.2023 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे अभिकरण कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
हजारीबाग

PR 311013 (Rural Development)23-24*D

**झारखंड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(सहकारिता प्रभाग)**
**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि० (झाम्फकोफेड)**
**(झारखंड सरकार का उपक्रम)**
**चतुर्थ तल, पशुपालन-सहकारिता भवन, हटिया, राँची- 834003, झारखंड**
E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com Ph No :0651-3510563/7004790869
Web Site: - www.jhamfcofed.com

**e-Auction के माध्यम से लघुवनोपज की बिक्री हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**

झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि० (झाम्फकोफेड) एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संघ है। वर्ष 2022 में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "Mechanism for Marketing of Minor Forest Produce (MFP) through Minimum Support Price (MSP) and Development of Value Chain for MFP" योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आहरित एवं रामराज शीतगृह राँची में भण्डारित 5000 Quintal (Aprox) बीज सहित इमली (Seeded Tamarind-Harvesting Season 2022) एवं 60 Quintal बीज रहित इमली (Deseeded tamarind- Harvesting Season 2022) की बिक्री **BSE e-Agriculture Markets Ltd., C1 India Private Limited,** तथा **Antares Systems Ltd.** के Online e-auction Platforms पर e-Auction (e-निविदा) के माध्यम से दिनांक 23.11.2023 को निष्पादित किया जाना है। e-Auction में भाग लेने हेतु इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों, फर्म आदि का निःशुल्क Registration दिनांक 11.11.2023 से दिनांक 22.11.2023 के अपराह्न 5 बजे तक e-Auction platforms (www.bsebeam.com, www.c1india.com, www.gerpegov.com/EAUCTION) पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए **BSE e-Agriculture Markets Ltd., C1 India Private Limited,** तथा **Antares Systems Ltd** अथवा झाम्फकोफेड कार्यालय (दूरभाष :– 06513510563/8825331461) से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण e-निविदा रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/– प्रबंध निदेशक
झाम्फकोफेड लि०, राँची

PR 310995 Co-opretive (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**
**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –13 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक:11.11.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.11.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: 11.11.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 04 nos Temporary Pucca Helipad at Anigara (Khunti) district khunti for the year 2023-24. | 49,80,000.00 | 5,000.00 | 99,600.00 | 14.11.2023 तक |
| 2. | Construction of 04 nos Temporary Pucca Helipad at Ulihatu (Khunti) district khunti for the year 2023-24. | 49,80,000.00 | 5,000.00 | 99,600.00 | 14.11.2023 तक |
| 3. | Construction of Approach Road, Barricading etc for the Helipad at Ulihatu at khunti, dist khunti for the year of 2023-24. | 11,20,000.00 | 2,500.00 | 22,500.00 | 14.11.2023 तक |
| 4. | Construction of Approach Road, Barricading etc for the Helipad at Anigara(Khunti), dist khunti for the year of 2023-24. | 7,50,000.00 | 1,250.00 | 15,000.00 | 14.11.2023 तक |
| 5. | E/R to Outer portion of Main Building occupied by SSB at Ulihatu in the Campus of Birsa Munda Complex for the Year 2023-24. | 8,45,600.00 | 1,250.00 | 17,000.00 | 14.11.2023 तक |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,खूँटी।

PR 311037 Building(23-24)D

## गागर में सागर

### राष्ट्रीय जनता दल का मिलन समारोह आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रदेश राजद कार्यालय रांची में समय दोपहर एक बजे से मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को मिलन समारोह में भाजपा एवं अन्य दल के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सामाजिक न्याय के प्रणेता और राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के नीति एवं सिद्धांत को मानने और चाहने वाले सैकड़ों नेता कार्यकर्ता पार्टी के दामन थामेंगे। इस मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के अनेकों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासियों ने दी चेतावनी, डिमांड पूरी करो वरना बंद होगा भारत

**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी अब उग्र आंदोलन के मूड में हैं। अपनी मांग के समर्थन में रांची के मोरहाबादी में आदिवासियों का महाजुटान हुआ है। आदिवासी सेंगेल अभियन के बैनर तले रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में झारखंड के अलावा कई राज्यों के आदिवासी जमा हुए हैं। आदिवासी सेंगेल अभियान ने केंद्र सरकार को दो महीने का समय दिया है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि अगर दो महीने में केंद्र सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो उग्र आंदोलन होगा। 30 दिसंबर की डेडलाइन देते हुए उन्होंने कहा है कि इसके बाद भारत बंद किया जाएगा। इनका साफ कहना है कि सरना धर्म कोड देने से इनकी पहचान बढ़ेगी। इसमें देरी नहीं होनी चाहिए।

### रांची के मोरहाबादी मैदान में नहीं सजेगा पटाखा बाजार

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने इस बार मोरहाबादी मैदान में पटाखा बाजार नहीं लगने देने का निर्णय लिया है। पटाखा बाजार के लिए पांच कलस्टर बनाए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी पटाखा दुकानदारों को निर्देश जारी किया है की तय समय पर आकर दुकान का लाइसेंस लें। जिला स्कूल, जयपाल सिंह स्टेडियम, हरमू मैदान, डोरंडा मैदान और चुटिया मैदान में पटाखा दुकान लगाए जाएंगे।

### बजरंग दल बना रहा केदारनाथ मंदिर का प्रारूप



**रांची।** श्री श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब इस वर्ष कोकर में केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बना रही है। पूरे पूजा में लगभग तीन से चार लाख रुपए के खर्च होंगे। पंडाल की चौड़ाई 30 फीट और ऊंचाई 40 फिट है। साथ ही परिसर में विद्युत सज्जा, रंगीन फव्वारे और आकर्षक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल के अंदर मां काली की भव्य मूर्ति के दर्शन होंगे। यह जानकारी बजरंग क्लब के रोहित सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को मध्य रात्रि में पूजा, 13 को प्रसाद वितरण संध्या 4:00 बजे, 14 को माता का जागरण संध्या 7:00 बजे, 15 को भंडारा संध्या 6:00 बजे और 16 को विसर्जन किया जायेगा। सहायता के लिए कमेटी के तमाम कार्यकर्ता जुटे हुए है। पिछले 11 वर्ष से यहां पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

### पुस्तैनी जमीन बचाने के लिए परिवार ने किया आमरण अनशन



**रांची।** आदिवासी पुस्तैनी जमीन पर कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद निर्माण कराया जा रहा है। इसके विरोध में परिवार ने राजभवन के समक्ष आमरण अनशन शुरू कर दिया। पीड़ित आदिवासी रैयत जोसेफ तिर्की ने कहा कि वह सिदरौल गांव, थाना नामकुम का रहने वाला है। वहां उसकी करीब 2 l30 एकड़ जमीन को गलत तरीका से जमीन दलाल कब्जा कर लिया है। सीएनटी एक्ट की जमीन है। जमीन माफिया फर्जी कागजात दिखा रहे हैं। और पुस्तैनी जमीन को अपना बताकर घेराबंदी कर गोदाम बनाकर जमीन पर काम कर रहे हैं। प्रशासन हमारी बात नहीं सुन रहा है।

## भाजपा गरीबों के लिए नहीं अमीरों के लिए है : आभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों के लिए नहीं बल्कि उद्योगपतियों के लिए काम करती है। भाजपा की सरकार गरीबों को नहीं देख रही है, केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देख रही। उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 4.5 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की, जिसमें वह गरीबों से मिले किसानों से मिले, महिलाओं से मिले, सभी को गले लगाकर चले। उन्होंने कहा कि आज वे हमसे पूछते हैं कि कांग्रेस ने देश के लिए क्या किया। कांग्रेस ने देश को एक रखने के लिए अपना खून पसीना दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लिए जान दी और राजीव गांधी ने आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र सरकार की उपलब्धि भ्रष्टाचार में नंबर वन, किसानों की आत्महत्या में नंबर वन, कुपोषण में नंबर वन, आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन और बेरोजगारी में नंबर वन है। इतना सब करके देश को बीमारू राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक कुशल प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## दीपावली महापर्व के अवसर पर दीपक की लौ से जगमगाया श्याम मंदिर

# आज से रंभा एकादशी दिवस प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीपावली महापर्व के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित श्री श्याम मंदिर में दीपक की लौ व विद्युत साज से जगमगा रहा है। दीपावली महापर्व का अनुष्ठान आज से रंभा एकादशी दिवस से प्रारंभ हो जाएगा। संपूर्ण मंदिर परिसर व सभी गर्भ गृहों को गंगाजल व स्वच्छ जल से साफ सुथरा किया गया है। सफाई का काम अंतिम चरण में है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 18 मीटर की 251 बिजली लड़ी से मंदिर का कोना कोना सजाया गया है। रंग बिरंगे फूलों से संपूर्ण मंदिर परिसर को सजाया जाएगा। सजावट का सभी कार्य मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनु की निगरानी में किया जा रहा है। विद्युत सज्जा से मंदिर परिसर जगमग जगमग कर रहा है। गुरुवार को सभी गर्भ गृहों को फूलों से विशेष रूप से सजाकर एकादशी कीर्तन किया जाएगा। दीपमाला प्रज्वलित की जाएगी। श्रवण जालान व नेहा जालान खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। शनिवार को 86 वां श्री श्याम भंडारा होगा। संतु भाई मानिक 86 वें श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के



अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि दीपावली महापर्व का मुख्य कार्यक्रम 12 नवंबर रविवार को प्रातः से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा। प्रातः खाटू नरेश का दीपावली महास्नान अनुष्ठान होगा ।नवीन पोशाक पहनाकर विशेष श्रृंगार करके गुलाब के विशेष इत्र रूह से बाबा की मसाज की जाएगी। पंचमेवा का भोग लगाकर श्रृंगार आरती की जाएगी। दोपहर से मुख्य समारोह की तैयारी प्रारंभ होगी इसी दिन महास्नान के बाद केसर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जाएगा। कोलकाता बेंगलुरु दिल्ली से विशेष फूल मंगाए गए हैं जिसे सभी गर्भ गृह तथा मंदिर की सजावट की जाएगी। दीपावली के अवसर पर मंदिर में शुद्ध घी के लड्डू बनाए जाएंगे जो भोग अर्पित कर भक्तों में वितरित किए जाएंगे सभी अनुष्ठान खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुरूप किए जाएंगे। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सायं काल मंदिर के पट दीपमालिका के साथ दर्शन हेतु खोल दिए जाएंगे जो रात 11:00 बजे तक खुले रहेंगे दीपावली के अवसर पर सभी भक्तजन बाबा के मंड की चौखट पर दीप जला सकते हैं। दीपक घी रुई बत्ती माचिस श्री श्याम मंदिर में भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगा। मंड में दीप जलाने वाले भक्तों को स्नान करके शुद्ध होकर आना चाहिए चमड़े की वस्तु मोजा मोबाइल आदि बाहर रखना होगा इनका प्रवेश वर्जित होगा। रामगोपाल साबू विजयश्री साबू अश्विनी साबू आकांक्षा मित्तल साबू दीपावली अनुष्ठान की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनोली ने सभी भक्तों को दीप मालिका-दीप प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया है।

## एएनएम-अनुबंध कर्मचारी संघ ने कार्यालय समक्ष दिया धरना

**रांची।** झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान रातू सीएचसी में अनुबंध पर काम करने वाली नर्स सायनी हेरेंज को बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया। इस घटना में वो गंभीर रूप से घयाल हो गयी। नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद गुरु नानक अस्पताल और फिर रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मीरा ने मांग की है कि मृतक के आश्रित को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुआवजा दिया जाए। साथ ही आश्रित को नौकरी दी जाए। वहीं वीणा कुमारी ने कहा कि हम सभी लोग पिछले 15 साल से भी ज्यादा समय से अनुबंध पर काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से लेकर वर्तमान सरकार ने स्थायी करने का सिर्फ आश्वासन दिया, लेकिन स्थायी किया नहीं गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की हुई बैठक

# लाभुकों को राशि की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में वित्तीय वर्ष-2023-24 के लिए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सम्बंधित पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी रांची, अनिल कुमार उपस्थित थे। जिला पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं के तहत प्रखंडों से प्राप्त आवेदकों की सूची को डीसी ने अनुमोदित किया। उपायुक्त ने जिला पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं के तहत प्रखंडों से प्राप्त आवेदकों की सूची को अनुमोदित करते हुए चयनित लाभुकों का जल्द से जल्द बैंक में खाता खोलते हुए डीबीटी के माध्यम अनुदान के साथ अनुदान





राशि स्थानांतरित किया जाए एवं परिसम्पति का वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया।

**किस- किस योजनाओं के लिए स्वीकृत की गई राशि :** बकरी पालन योजना-लक्ष्य-1100, स्वीकृत-939, सुकर विकास योजना- लक्ष्य 465, स्वीकृत-465, बैकयार्ड लेयर- लक्ष्य 219, स्वीकृत-143, बॉयलर कुकूट पालन- लक्ष्य-400, स्वीकृत-272, बतख चूजा पालन- लक्ष्य -4496, स्वीकृत-1842 राशि गई है।

गव्य प्रक्षेत्र : दो गाय योजना-लक्ष्य-440, स्वीकृत-373, पांच गाय योजना- लक्ष्य-95, स्वीकृत-95, दस गाय योजना- लक्ष्य-45, स्वीकृत-40 की गयी है। उपायुक्त ने हस्त चलित चारा मशीन, विद्युत चलीत चारा मशीन, मिलकिंग मशीन, डीप बोरिंग, काउ मैट आदि के अनुदान एवं प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली लेते हुए लक्ष्य के विरुद्ध स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने योजनाओं का लाभ सही पशुपालकों को मिले इसको लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिया।

## पीएम से मिले रांची सांसद संजय सेठ

# चुनाव की तैयारी को लेकर पीएम को अवगत कराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे प्रवास के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरजपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा संगठन की तरफ से इस जिले का प्रभार रांची के सांसद संजय सेठ को दिया गया है। इस जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास के क्रम में सांसद संजय सेठ ने भी उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री सेठ से विधानसभा चुनाव की स्थिति से संबंधित जायजा लिया। विशेष रूप से सूरजपुर जिला और इसके अधीन पढ़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जानकारी सांसद ने पीएम को दी। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति है। कार्यकताओं के साथ आम जनता में भी जबरदस्त उत्साह है। तीनों सीटों पर कमल फूल खिलेगा, इस बात का आशीर्वाद यहां की जनता ने दे दिया है। सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष स्थानीय कार्यकताओं के मेहनत और उत्साह की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सांसद श्री सेठ को कार्यकताओं के बीच रहने, उन्हें उत्साहित करने और ऊर्जनवित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को झारखंड आगमन को लेकर उन्हें जोहार कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि झारखंड की जनता उनका बेसब्री से इंतजार कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव की बात होगी।

# सरला बिरला स्कूल के छात्रों का मंथन रिडक्स में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मंथन रिडक्स के सातवें संस्करणः ऑनलाइन साहित्यिक संवाद-2023 के विभिन्न आयोजनों में बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में 7 राज्यों के 22 स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। कक्षा 8 की प्रत्युषा प्रेष्टि लकड़ा को व्हर्ल-ए योगा और डांस डायलॉग प्रतियोगिता के लिए सबसे होनहार कलाकार का पुरस्कार दिया गया। कक्षा 11 के अतिशय सिंह और कक्षा 10 की प्रज्ञाश्री होता ने अंग्रेजी रचनात्मक लेखन श्रेणी (ओवरऑल डेलिगेशन) में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रज्ञाश्री होता को उनके लेखन के लिए समीक्षक की पसंद का पुरस्कार भी मिला। कक्षा 10 के ऋतुराज रॉय और दीक्षा रानी को विजुअल आर्ट इंस्टालेशन के लिए जज च्वाइस अवार्ड मिला। सरला बिरला परिवार बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सभी को





ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जो एनईपी 2020 के सिद्धांतों पर आधारित हैं और कला-एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने की परिकल्पना करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना ऐसी शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक है। इस तरह की प्रतियोगिता होनी चाहिए ताकि बच्चों की शिक्षा में बढ़ावा मिलाता है और उन्हें करने का उत्साह मिलता है।

## खराब पड़ी एंबुलेंस को लेकर मरीजों को परेशानी

**रांची।** मैकलुस्कीगंज में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों व प्रसूता एवं अन्य गंभीर मरीजों की इलाज के लिए दो 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गयी थी। मगर मरम्मत के अभाव में मरीजों को परेशानी हो रही है। समय रहते गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस की अहम भूमिका होती है। मगर महज तीन हजार के सामान के अभाव में दोनों एंबुलेंस खराब पड़ी है। वहीं एक नया एम्बुलेंस जो एक माह पूर्व उपलब्ध कराया गया था, मोबिल ऑयल के अभाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी है। एंबुलेंस का संचालन करने वाली एजेंसी को उक्त स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर ईशानी सिंह ने मरम्मती को लेकर कई बार आग्रह किया, परन्तु अभी तक एजेंसी द्वारा एम्बुलेंस की मरम्मत नहीं करायी गई। जिसका खामियाजा गंभीर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

## लोकहित अधिकार पार्टी ने चलाया जागरूकता अभियान

# पिछड़ों को हक दिलाना ही पार्टी की पहली प्राथमिकता : हरिनाथ साहू

**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला के नेतृत्व में 01 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर 2023 तक चलने वाली निरंतर गांव-गांव जनसंपर्क जागरूकता अभियान सामाजिक न्याय यात्रा का आठवां दिन कांके विधानसभा अंतर्गत कांके, बोड़या पंचायत के संग्रामपुर गांव में जनसंपर्क जागरूकता अभियान के तहत एक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि पिछड़ों को हम दिलाना ही लोकहित अधिकार पार्टी द्वारा निकाली गई जागरूकत अभियान है। जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, रांची जिला के मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति, उपाध्यक्ष सुनीता मुंडा, रेनिता टोप्पो, महामंत्री सुनीता उरांव, मीडिया प्रभारी



दानेश्वर साहू, कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष रामानंद ठाकुर, उपाध्यक्ष गणेश लोहरा, मंत्री संजय लोहरा, सुंदरलाल, मनोज साहू, बबीता मुंडा, गंगा मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण भाई-बहन अभियान में शामिल हुए। ज्ञात हो 01 नवंबर 2023 से लगातार सामाजिक न्याय यात्रा रथ कांके, सुकुरहुटू, जयपुर, गागी, मनातू, रातू, होचर, बोड़या, अरसंडे पंचायत के दर्जनों का दौरा कर भारतीय संविधान व लोकतंत्र बचाने के संकल्प के साथ निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने, देश में जाति जनगणना कराकर जिसकी जितनी संख्या भारी मिले उसको उतनी राजनीतिक भागीदारी, स्थानीय नियोजन नीति सहित महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार और विभिन्न जन मुद्दों को लेकर संपर्क जागरूकता अभियान के तहत सैकड़ों लोग लोकहित अधिकार पार्टी का नीति सिद्धांतों के साथ जुड़ रहे हैं।

# हाई कोर्ट से आरोपी बिल्डर ज्ञान प्रकाश को मिली जमानत





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में 75 करोड़ रुपये का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने सरावगी के एक साल सात माह जेल में बिताने की अवधि को देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की। सरावगी के चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी। ज्ञान प्रकाश सरावगी को ईडी ने ईसीआईआर 1/2022 दर्ज करते हुए धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग) मामले में 29 मार्च, 2022 को गिरफ्तार किया था। बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही ईडी कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। अन्य आरोपितों में ज्ञान प्रकाश सरावगी का चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल, अमित सरावगी, अभिषेक अग्रवाल व उनकी छह कंपनियां शामिल हैं।

## बीएयू में फसल सुधार को लेकर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

# जलवायु अनुकूल कृषि पर ध्यान केन्द्रित करें : सचिव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति अबूबकर सिद्दीकी ने कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान किया है कि वे जलवायु अनुकूल कृषि पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि अपनी खाद्यान्न जरूरतों के मामले में भारत सरप्लस है किन्तु बायो सेफ्टी, पोषण सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से बिबटने के लिए अब भी बहुत काम करने की जरूरत है। वह भारतीय आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन सोसाइटी, नयी दिल्ली के रांची चैप्टर द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 'फसल सुधार के लिए पौधा विज्ञान की चुनौतियां, अवसर एवं रणनीतियां' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने ज्ञान को अद्यतन नहीं करते उनके





ज्ञान की कोई उपयोगिता नहीं रह जाती है, इसलिए वैज्ञानिकों को पढ़ना, सुनना, देखना, विश्लेषण करना और नवोन्मेष (इनोवेशन) करना सतत जारी रखना चाहिए क ज्ञान-कौशल की गति और गुणवत्ता दुनिया के साथ मिलाकर रखना होगा तभी हम प्रतिस्पर्धा और रोजगार बाजार में टिक पाएंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (खाद्य एवं चारा फसलें) डॉ एसके प्रधान ने कहा कि देश में इस वर्ष 330 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ जो वर्ष 2030 का लक्ष्य थाकयानी इस मोर्चे पर हम 7 वर्ष आगे हैं किन्तु इससे हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना है कमक्का और मिलेट्स उत्पादन का वर्तमान स्तर 37 और 15 मिलियन टन है जिसे वर्ष 2047 तक बढ़ाकर क्रमशः 100 मिलियन टन एवं 45 मिलियन टन करना हैकबायो फ्यूल के लिए भी मक्का फसल की जरुरत है। उत्पादन वृद्धि का भावी लक्ष्य भी हमें कम पानी, कम उर्वरक, कम रसायन और कम भूमि का प्रयोग करते हुए

**उत्पादन वृद्धि का भावी लक्ष्य भी हमें कम पानी, कम उर्वरक, कम रसायन और कम भूमि का प्रयोग करते हुए हासिल करना होगा**

हासिल करना होगा। सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ (उत्तर प्रदेश) के निदेशक डॉ संजय कुमार ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि भारत में दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी निवास करती है किन्तु इसके पास विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत भूमि संसाधन तथा 4 प्रतिशत जल संसाधन उपलब्ध है इसलिए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें अपनी फसल प्रजनन और बीज प्रजनन नीतियों, योजनाओं और रणनीतियों में बदलाव लाना होगा। आयोजन हाइब्रिड मोड में किया जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और कृषि उद्योगों से आनुवंशिकी, पौधा प्रजनन, पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल दैहिकी, बीज प्रौद्योगिकी, बागवानी एवं सब्जी विज्ञान से जुड़े डेढ़ सौ से अधिक अग्रणी कृषि वैज्ञानिक ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में भाग ले रहे हैं कऑनलाइन भाग लेनेवालों में बीएयू के पूर्व कुलपति डॉ एमपी पाण्डेय, डॉ ओंकार नाथ सिंह तथा बीएचयू के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के पूर्व प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह शामिल हैं। कृषि सचिव ने इस अवसर पर बीएयू के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जेडए हैदर एवं डॉ. वायलेट केरकेट्टा तथा पूर्व अनुसंधान निदेशक डॉ ए वदूद को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया क सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ नूतन वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नगर निगम टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इसी कड़ी में शहर के अल्बर्ट एक्का चौक पर फुटपाथ में लगे दुकानों को इंफोर्समेंट टीम ने हटवाया। वहीं ठेले-खोमचे को जब्त किया गया। ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव की अगुवाई में इंफोर्समेंट टीम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम की टीम की ओर से अतिक्रमण मुक्त अभियान शहर में दिनभर चलाया जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव ने कहा कि नगर निगम के साथ मिलकर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। लोगों से अनुरोध करते हैं कि ट्रैफिक को बाधित न करें। कार्रवाई चल रही है और आगे भी जारी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस के जवान व नगर निगम की टीम मिलकर अतिक्रमण हटाने में जुटी हुई है। जो लोग ट्रैफिक को बाधित करेंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी।

# बाल दिवस पर स्कूलों में मेले का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सीपी समिति मध्य विद्यालय और राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल केबुल बस्ती के द्वारा संयुक्त रूप से आज विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया. प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह ने बताया कि 14 नवंबर बाल दिवस के दिन पर्व त्योहार का समय है. अतः विद्यालय में आज ही बाल दिवस समारोह का आयोजन मेले के रूप में किया गया. बाल मेले का प्रारंभ विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने फीता काट कर और माता सरस्वती और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार और सम्मान करते थे, जिसके आलोक में उनके जन्मदिन के दिन ही बाल दिवस का आयोजन पूरे भारत वर्ष में होता है. बच्चे समाज के कर्णधार है उनके वर्तमान और भविष्य की चिंता करना विद्यालय, शिक्षक और विद्यालय समिति का कार्य है. इसलिए आवश्यकता अनुरूप उन्हें शिक्षा के साथ वर्तमान परिदृश्य की जानकारी देना और उनके मानसिक विकास की चिंता करना भी हम सभी की जिम्मेवारी है. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह व महासचिव परमानंद कौशल ने किया. कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सालिक दास देवांगन, सचिव रेमन कुमार और बिरेंद्र कुमार टीनू मुख्य रूप से उपस्थित थे.



# डीएवी में राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत के सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए साल 1977 में स्पिक मौके संस्था की स्थापना हुई थी. स्पिक मौके झारखंड में चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पायलट प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान की लोक संस्कृति को प्रमुख कलाकारों के माध्यम प्रस्तुत कर रहा है. इसी कड़ी में बुधवार को कलाकारों ने डीएवी बरकाकाना में लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी. मौके पर डीएवी बरकाकाना के मासूम बच्चों ने रोजे खान और उनकी टीम को हरित पौधा और पुष्प प्रदान कर स्वागत किया. रोजे खान ने बताया कि वह पिछले 28 वर्षों से स्पिक मौके संस्था से जुड़े हुए हैं. भारत की खूबसूरत संस्कृति को जन-जन तक पंहुचाने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं. राजस्थान के लोक नृत्य और वाद्य यंत्रों को प्रस्तुत करने के लिए रोजे खान की टीम में सारंगी पर हुसैन खान, ढोलक पर बूटा खान, मूरचंग एवं करताल पर देबू खान, हारमोनियम पर फकीर खान, मंजीरा पर रूपनाथ कालबेलिया और गायक के रूप में शाहरुख खान-रोजे खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. नृत्य की शानदार प्रस्तुति मोहिनी सीमा और प्रियंका कालबेलिया ने दी. सबसे पहले रोजे खान की टीम ने महाराज गजानन आओ जी गीत प्रस्तुत किया. इसके बाद केसरिया बालमा पधारो म्हारे देशड़ लोकगीत पर विद्यालय के सभी बच्चे थिरक उठे. मोहनी कालबेलिया ने सर के ऊपर बेलिया और मुंह में तलवार पकड़कर तेरा वाली नृत्य प्रस्तुत किया.



## गागर में सागर

### युवाओं को खेल से जोड़ना ही मुख्य उद्देश्य : मंत्री बेबी देवी

**बोकारो।** जिला के चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा पंचायत स्थित चमारीहीर में मनरेगा विभाग द्वारा निर्माण होने वाले वीर पोटोहो खेल मैदान के निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी, बीपीओ दीपक कुमार महतो, मुखिया निरंजन महतो, जेई अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर किया. मंत्री बेबी देवी ने कहा कि खेल मैदान का निर्माण होने जाने से यहां के युवाओं में खेल के प्रति ओर अधिक रुचि बढ़ेगी. साथ ही उन्होंने कहा कि हमलोगों का लक्ष्य है युवाओं को आगे लाकर खेल से जोड़ना. इस दौरान यदि किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती है तो हर संभव मदद करने के लिए तैयार है.

### बहरागोड़ा : 15 नवंबर को प्रधानमंत्री के खूंटी आगमन को लेकर बैठक

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर के अध्यक्षता में बहरागोड़ा नेताजी सुभाष शिशु उद्यान परिसर में आगामी दिनांक 15 नवंबर दिन बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी का खूंटी आगमन को लेकर एक बैठक किया गया.जिसमें बहरागोड़ा मंडल से भारी संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के बातों को सुनने खूंटी जाएंगे . इन कार्यकताओं को ले जाने को लेकर एक बैठक आयोजित हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी उपस्थित रहे. उन्होंने कार्यकताओं को ले जाने के लिए संसाधन, भोजन पेयजल आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की.

### मुसाबनी : हाथियों के झुंड ने पकी हुई फसल को रौंदा

**जमशेदपुर।** मुसाबनी प्रखंड के तेरेंगा पंचायत अंतर्गत कुमीरमुड़ी और चापड़ी में मंगलवार की रात लगभग 10 हाथियों के झुंड ने कई किसानों की पकी हुई धान को खा लिया. इसके बाद फसल को पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया. ग्रामीणों के मुताबिक लगभग 10 से 12 हाथियों का झुंड मंगलवार देर रात को गांव के पास स्थित डुंगरी से नीचे उतरा. झुंड में तीन बच्चे भी हैं. बुधवार सुबह 6:00 बजे चापड़ी के मेघराय सोरेन के खेत में लगे धान को खा गए. जब चापड़ी के ग्रामीण जंगल की ओर हाथियों को भगाया तो सीधे कुमीरमुड़ी के गुबूराम किस्कू, सिपल मार्डी, श्रीपति मुर्मू, दुर्गा चरण मार्डी, गुरबा मार्डी, हेपा मार्डी और भीमा किस्कू के फसल को हाथियों ने खाया और रौंद कर बर्बाद कर दिया.

### झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर दिया धरना

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. जिसमें जिले भर के हजारों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों, सहिया साथी, एनएचएम कर्मचारी, पोषण सखी सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों शामिल हुए. जिले में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे महासंघ की संघर्ष समिति के जिलाअध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने बताया कि 11 सूत्री मांगों को लेकर विशाल महाधारणा आयोजन किया गया. इस धारणा के माध्यम से कर्मचारियों के लिए हो रही समस्याओं से सरकार को अवगत कराने के लिए की जा रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में आने से पहले सभी सहिया साथियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से वादा किया था कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा.

# पुलिस के हत्थे चढ़ा जमीन की जालसाजी का 'नटवरलाल' सनाउल मुस्तफा, जेल

## पावर ऑफ अटॉर्नी बता कर करता था जमीन की बिक्री, लाखों रुपए की कर ली ठगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जमीन की जालसाजी का 'नटवरलाल' लेदाटांड निवासी सनाउल मुस्तफा को तोपचांची पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया. कई महीनों से तोपचांची पुलिस को भू-माफिया सनाउल मुस्तफा चकमा दे रहा था. इस शातिर के खिलाफ तोपचांची थाना में कई मामले दर्ज हैं. इनमें से ज्यादातर मामले एक-दो साल के अंदर में दर्ज हुआ है. दर्ज सभी मामले में भू-माफिया सनाउल मुस्तफा ने सभी लोगों से लाखों रुपए की ठगी की है. तोपचांची पुलिस ने बुधवार को भू-माफिया सनाउल मुस्तफा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि भू-माफिया सनाउल मुस्तफा लोगों की जमीन को अपने पास पावर ऑफ अटॉर्नी बता कर जमीन का एकरारनामा कर भारी रकम लेता था, जिसके बाद जमीन बिक्री नहीं होने पर लोगों के द्वारा पैसा वापस करने को कहता था. जिसमें भू-माफिया सनाउल मुस्तफा के द्वारा चेक दिया जाता था, जो बैंक में डालने के बाद बाउंस हो जाता था. पीड़ितों ने तोपचांची थाना में लिखित शिकायत की थी.जिसके बाद सनाउल मुस्तफा फरार हो गया था. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भू-माफिया सनाउल मुस्तफा पुलिस से बचने के लिए लगातार कई महीनों से हुलिया बदलकर पुलिस को चकमा देता रहा. पुलिस ट्रेस नहीं कर पाए इसलिए उसने अपना मोबाइल व फोन नंबर भी बदल रहा था.

### क्या है मामला

लोयाबाद धनबाद निवासी रियल स्टेट कारोबारी गुलाम अरशद पिता स्व. अब्दुल कुदुस से रियल स्टेट के कारोबार के लिए 2019 में जमीन देने के एवज में 76 लाख 1 हजार रुपए एडवांस लिए और जमीन देने के बजाए टाल मटोल करते रहे. सनाउल मुस्तफा ने कई जमीन के फर्जी कागजात और फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी दिखा कर झांसे में लिया और 76 लाख एक हजार रुपए नगद व बैंक चेक के माध्यम से और 32 लाख 50 हजार रुपए पंजाब नेशनल बैंक धनबाद व गोविंदपुर शाखा के माध्यम से लिया. बाद में जब गुलाम अरशद ने पैसे की मांग की तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि यह काफी लोगों से फ्रॉड करके किसी की भी जमीन दिखाकर उसके बदले पैसे की ठगी कर चुका है. मामले में संज्ञान लेते हुए गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया.

### मेघाहातुबुरु खदान से रोलर चोरी मामले में फरार चालक गिरफ्तार

**चाईबासा।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान से 24 अक्टूबर की रात 289 पीस रोलर चोरी की घटना में शामिल फरार कैम्फर वाहन चालक हरसिंह सरदार (23 वर्ष) को किरीबुरु थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है. वह जगन्नाथपुर थाना के कोदोरकोड़ा गांव के राउतु सरदार का बेटा है. घटना वाली रात सीआईएसएफ व पुलिस के जवानों ने जंगल में एम्बुस लगाकर रोलर लदे दो कैम्फर वाहनों को जब्त किया था. इस दौरान वाहन चालक व अन्य चोर जंगल का लाभ उठाकर भाग गये थे. सीआईएसएफ ने घटनास्थल स्थल से दो कैम्फर में लदा मेघाहातुबुरु खदान का चोरी किया हुआ 289 पीस रोलर, एक ड्राइविंग लाइसेंस व एक मोबाइल फोन बरामद किया था. रोलर चोरी की घटना में शामिल गिरफ्तार एक कैम्फर के चालक हरसिंह सरदार ने बताया कि वह बड़ाजामदा के हीराकुंड निवासी स्क्रैप माफिया रामजन का कैम्फर चालक है. चोरी की घटना में शामिल दूसरा कैम्फर बड़ाजामदा के चर्चित स्क्रैप कारोबारी दीपू सिंह का था.

# धनबाद:11 सूत्री मांगों के साथ अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार को 11 सूत्री मांगों के साथ रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया. धरना के पूर्व गोल्फ ग्राउंड में सैकड़ों की संख्या में सभी एकजुट हुए और इसके बाद बैनर के साथ रैली निकाली गई. रैली हीरापुर हटिया मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची और रैली धरना में परिवर्तित हो गई. धरना को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री संजूत सहाय ने बताया कि पूरे राज्य में यह धरना सफल रहा. 11 सूत्री मांगों के साथ सभी धरना पर बैठे थे. धरना के पश्चात संघ के महामंत्री संजूत सहाय व अन्य ने सिविल सर्जन डॉ. सीबी प्रतापन को एक ज्ञापन भी सौंपा. मौके पर समर्थन देने निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी पहुंचे. इस धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से अशोक सिंह नयन, रवीश कुमार, शंकर दसौंधी, सोमा गोराई, गौतम सिंह, नरेश राव, रमेश सिंह, अनूप कुमार, सोनी पासवान सहित हजारों की संख्या में शामिल हुए. तृतीय वर्ग के सभी राज्य कर्मियों (लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक व अन्य) का न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपये किया जाए. चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को तृतीय वर्ग के रिक्त कुल पदों के 50 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति दी जाये. सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल कर्मियों, एएनएम कर्मियों, संवर्गीय नियमावली बनाई जाये एवं पद अनुरुप वेतन, मानदेय में सम्मानजनक बढोतरी करते हुए प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाए और नियमित किया जाय. 2211 शीर्ष कर्मचारियों का बकाया वेतन सहित ससमय वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए. कोविड काल में मृत सहिया सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए एवं आश्रितों को सरकारी सेवा में लिया जाए. राज्य कर्मियों की सेवा निवृति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जाए. डेढ वर्ष का बकाया महंगाई भत्ता का भुगतान हो. उप समाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रेड पे की बाध्यता समाप्त करते हुए नियमित परीक्षा ली जाए. कंप्यूटर ऑपरेटरों को नियमित किया जाए.




### पांच सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**बोकारो।** जिला स्थित करगली में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के बैनर तले पांच सूत्री मांग को लेकर बी एंड केके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया. मजदूर समस्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद सीसीएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया. मोर्चा द्वारा यह बताया गया कि मजदूरों की इन ज्वलंत समस्याओं को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीरता से विचार करते हुए इसका निराकरण करें अन्यथा बाध्य होकर औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत क्षेत्र का उत्पादन और कोल डिस्पैच को ठप कर दिया जाएगा. जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी. मोर्चा द्वारा पांच सूत्री मांगों में मुख्यतः फरवरी 2021 के बाद सेवानिवृत हुए कर्मी जो कंपनी के आवास में रहना चाहते हैं, आवास जमा करने की बाध्यता को समाप्त कर ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के तहत ग्रेच्युटी भुगतान किया जाए. केंद्रीय अस्पताल ढोरी से मरीज को रेफर करने की प्रक्रिया को सरल किया जाए. वहीं क्षेत्रीय डिस्पेंसरी को पूर्व की तरह उपलब्धता सुनिश्चित की जाए.

# सब्जी में छिपाया था 1536 बोतल अवैध शराब, पकड़ाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र से एक सफेद रंग के बोलेरो पिकअप मैक्स वाहन से 1536 बोतल अवैध शराब, 500 किलो बैगन और 500 किलो बंदगोभी को पुलिस ने पकड़ा हैं. पुलिस ने सब्जी और शराब को बिहार की सीमा में प्रवेश करने से पूर्व पकड़ा. हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने इसकी पुष्टि की. उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब माफियाओं की ओर से एक सफेद रंग के बोलेरो पिकअप मैक्स वाहन से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लोड कर बोकारो जिला अंतर्गत पैकनारायण पुर थाना के बंशीगांव के तरफ से मड़मो सारुकुदर होते हुए नौबाडीह बाईपास पकड़कर कालाबाजारी के लिए बिहार ले जाने वाले हैं. सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. टीम ने डुमरियाटांड़ मोड़ के पास पहुंचकर कर वंशी की ओर से आने वाली एक सफेद रंग का बोलेरो पिकअप मैक्स वाहन को रोका. जिसके बाद चेकिंग के दौरान गाड़ी में लोड 500 किलो बैंगन एवं 500 किलो बंदागोभी के अंदर छुपा कर रखे हुए भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया. हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

## सैर-सपाटा

### दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी में जंगल सफारी की शुरूआत

# अलग-अलग राज्यों से पहुंच रहे पर्यटक

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी में जंगल सफारी की शुरूआत की गई है. इसके तहत सैलानियों को प्रकृति को बड़े ही करीब से जानने का मौका दिया जा रहा है साथ ही दलमा में बसने वाले जंगली जीव जंतुओं को नजदीक से देखने का मौका मिल रहा है. वहीं दलमा हिल टॉप में शिव मंदिर परिसर पर सैलानियों को लुभाने के लिए लकड़ी का कॉटेज बनाया जा रहा है जहां पर्यटकों के लिए खाने- पीने सुविधा उपलब्ध होगी. बता दें कि टाटा-रांची मुख्य मार्ग एनएच 33 से सटे जमशेदपुर जिला मुख्यालय और सरायकेला जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित चांडिल अनुमंडल में दलमा वाइल्ड लाईफ सेंचुरी 193.22 वर्ग में फैला हुआ है. पहले सैलानियों को अपने निजी वाहन से यहां की सैर करनी पड़ती थी, मगर अब प्रकृति को करीब से जानने के लिए सेंचुरी में सरकार की पहल पर वन विभाग ने सफारी की शुरूआत की है. सैलानी इस सफारी का जमकर लुप्त उठा रहे है. यहां मुख्य चेकनाका मकुलाकोचा गेट से ही सफारी की सुविधा उपलब्ध है. यहां घूमने आए लोग प्रति व्यक्ति 280 रुपए देकर सफारी का मजा ले सकते है. इसके अलावा पूरी सफारी बुक करने पर 2800 रुपए देना होता है. बता दें कि सफारी की शुरूआत मकुलाकोचा चेकनाका से होती है जहां से सैलानी मझलाबांध, बड़काबांध होते हुए दलमा हिल टॉप तक पहुंचते है. इस बीच प्रकृति की छटाएं देखने को मिलती है. इसे जेएसआर ऑन व्हील्स द्वारा चलाई जा रही है. जिसके संचालक राहुल सिंह है. इससे प्रतिवर्ष दो लाख रुपया वन विभाग को मिलेगा. यहां 79 कुदरती जलस्त्रोत है, जंगली वन्य जीवजंतु भरे हे, विभिन्न जलस्त्रोत में विभिन्न प्रजाति के पक्षियों के मधुर आवाज सुनने को मिलती है. जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए पर्यटक देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंच रहे हैं.



# दीपावली की तैयारी जोरों पर, मिट्टी के सामान बनाने में जुटे कुम्हार

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** दीपावली का त्योहार मिट्टी के दीयों के बिना अधूरा है. दीयों से न सिर्फ दीपावली रोशन होती है, बल्कि उनकी रोशनी से मन में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. जहां अभी से लोग अपने-अपने घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन कर दीपावली की तैयारी में जुट गए हैं. वहीं कुम्हार दीपक और पूजा-पाठ के लिए मिट्टी के कलश, खिलौने आदि बनाने में भी रात-दिन एक किए हुए हैं. वे शीघ्रता से अपने-अपने कार्य पूरा करना चाहते हैं ताकि अधिक से अधिक दीये बनाकर बाजार में बेच सके. कुम्हारों को इस बार दिए और खिलौने की बिक्री तेज होने की उम्मीद है. मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार दिनेश पंडित बताते है कि यह उनका पुश्तैनी धंधा है, इसी से जीविका चलती है, लेकिन अब बाजार में रंगीने लाइटें आ गई है, जिससे लोगों ने दीयों का उपयोग कम कर दिया है, फिर भी उन्हें इस दिपावली पर उनके दियों की बिक्री होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि रंगीन लाइटों से घर सजाया जा सकता है, लेकिन पूजा पाठ, धार्मिक अनुष्ठान के लिए मिट्टी के दीयों का ही उपयोग किया जाता है. इसे देखते हुए दीये बनाने के काम में तेजी आई है. सामान्य से लेकर रंग बिरंगे एवं आकर्षक डिजाइन के दीपक भी तैयार किये जा रहे है. जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे.



## गागर में सागर

### आपसी विवाद में सनकी पति ने की पत्नी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़।** जिले के भदानीनगर पाली नवा टोला स्थित घर के आपसी विवाद में सनकी पति मुखदेव बेदिया ने पत्नी कोतो देवी की हत्या कर फरार हो गया. घटना का पता तब चला जब बेटी पायल कुमारी स्कूल से पढ़ाई कर घर वापस लौटी तो उनके पिता ने झूठ बोलता है कि मम्मी घर से कहीं बाहर चली गई है. जब तक बेटी घर के अंदर की ओर गई हत्यारा मुखदेव बेदिया मौका देख नदी की तरफ से भागते हुए जंगल की तरफ भाग गया. घटना की सूचना मिलते ही भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किये और शव का पंचनामा करते हुए को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताते चलें कि लोगों के बीच चर्चा है कि इससे पुर्व भी सनकी मुखदेव बेदिया ने एक बेटी को जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी, लेकिन प्रमाण नहीं होने के कारण कानून के चंगुल से बच गया.

### कुजू स्वास्थ्य उप केन्द्र में महंगे उपकरण समेत अन्य सामान ले भागे चोर

**रामगढ़।** रामगढ़ के कुजू ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्वास्थ्य उप केंद्र के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोरों ने दवा व महंगे उपकरण सामग्री सहित अन्य सामान की चोरी कर ली. इसकी जानकारी सुबह मिली जब केंद्र खोला गया. इस संबंध में आयुष सीएचओ दीपिका मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन देकर पुलिस को जानकारी दी है. जिसमें कहा गया है कि मंगलवार को दस बजे केंद्र को खोलने के लिए जब मैं पहुंची तो देखा कि केंद्र के मुख्य द्वार का ताला टूटा है. कमरे में रखे अलमीरा से होम्योपैथी बैनर, दवा व कई महंगे उपकरण गायब है. साथ ही स्वास्थ्य उप केंद्र के बाथरूम के छह दरवाजे भी गायब है. उन्होंने कुजू पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की. वहीं सीएचओ द्वारा मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभार प्रभारी रश्मि सांगा को भी घटना की जानकारी दी गयी. सूचना मिलने के बाद मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभारी रश्मि सांगा समेत कई चिकित्सक उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे.

### दिव्यांग लड़की को डीसी की पहल पर मिला ई ट्राई साइकिल



**बरकट्ठा।** चलकुशा प्रखंड के सूदन गांव की नीतू कुमारी अपने पिता कृष्णा मोदी के सहयोग से डीसी के जनता दरबार में पहुंचकर मदद मांगी। डीसी नैंसी सहाय ने तत्काल ई ट्राई साइकिल देने का भरोसा दिया। दिवयांग नीतू कुमारी को बुधवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रमुख रेणु देवी और सीडीपीओ नीलू रानी ने संयुक्त रूप से ई ट्राई साइकिल दिया गया। नीतू कुमारी को ई ट्राई साइकिल मिलने से चेहरे खिल उठे। उसने कहा की चलने और परीक्षा देने जाने में सुविधा होगी। सीडीपीओ ने ई ट्राई साइकिल को चलाने, उसकी बैटरी को चार्ज करने की जानकारी दी। इस मौके पर कुमारी संयुक्ता, कुमारी अनुश्री, मातिंडा टोप्पो, कार्यालय सहायक रमेश रंजन, राजेंद्र प्रसाद, सेविका संजू कुमारी, सुनीता कुमारी, नीतू कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मुन्नी देवी, किरण कुमारी, तारा देवी, दिव्या देवी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### रजत पदक विजेता को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**बरही ।** रांची में आयोजित राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के रॉकी कुमार ने 600 मीटर (अंडर 14) में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है. इस प्रतियोगिता में इस विद्यार्थी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है. उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवकुमार राम ने सम्मान समारोह में कही. बुधवार को रजत पदक विजेता को विद्यालय परिवार की ओर से ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सहित विद्यालय के शिक्षक सुनील द्विवेदी, विकास दत्त मिश्रा, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, खेमलाल महतो, रामचन्द्र मंडल, रामचन्द्र गुप्ता, अतहर हसन, अनिल कुमार नीरज, ओम प्रकाश सिंह, अश्विनी श्रीवास्तव, संतराम सिंह, सनी पासवान, शम्सतबरेज आलम, हुस्ना आरा, प्रीति बाला, भारती रंजन, क्रि.बरखा, दीपक कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, संजय तिर्की, ममता रानी आदि सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे. सबों ने उक्त विजेता को प्रोत्साहित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया.

## रामगढ़ उपायुक्त ने दिवाली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर की बैठक

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार, गड़बड़ी करने पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान भी पूरी सतर्कता बरतने और हर गतिविधि पर नजर रखते हुए शांतिपूर्ण व सफल तरीके से पर्व संपन्न करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में बिना स्थाई अथवा अस्थाई लाइसेंस के किसी भी तरह के पटाखे की बिक्री न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पटाखे की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करते हुए मैदाने व खुले स्थानों में ही पटाखे की बिक्री होने देने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। उपयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर नियम अनुसार पटाखे की बिक्री सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस, स्टॉक आदि की जांच कर किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी सामने आने पर पटाखे को जप्त कर उन्हें नष्ट करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया।पर्व के दौरान मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ से जिले वासियों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में जांच अभियान चलाने एवं लोगों को मिलावटी पदार्थ से बचाव हेतु अपनाए जाने वाले उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों को मिठाई दुकानों से जांच सैंपल इकट्ठा कर राज्य स्तरीय लैब में उनकी जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आगामी छठ पर्व के सफल आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त ने नगर परिषद, छावनी परिषद सीसीएल सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में चिन्हित छठ घाट की सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में छठ पूजा समितियों के साथ पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु बैठक करने का निर्देश दिया। उपयुक्त ने विभिन्न घाटों पर आयोजित होने वाले छठ पूजा को लेकर संबंधित छठ पूजा समितियों से वॉलिंटियर्स की सूची लेकर आवश्यकता अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने वॉलिंटियर्स को किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति हेतु फर्स्ट एड एवं सीपीआर देने हेतु जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय द्वारा सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पर्व के दौरान जुआ खेलने वालों पर विशेष ध्यान देने, पर्व के दौरान साउंड सिस्टम के नियम अनुसार उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ घाट पर छठ पूजा समितियां को अनिवार्य रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रखने एवं उनके माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ घाटों पर अनिवार्य रूप से गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने, काली पूजा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विसर्जन के दौरान नियम अनुसार व निर्धारित रूट से ही विसर्जन संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर उषा ठाकुर ने किया जनसंपर्क




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह में झामुमो नेत्री उषा ठाकुर (गिरिडीह जिला अध्यक्ष) ने जनसंपर्क अभियान चलाकर 9 नवंबर को बरकट्ठा प्रखंड मैदान में कार्यक्रम सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी को आमंत्रित किया। वहीं उषा ठाकुर ने कहा कि हमारे द्वारा लगातार गरीब लोगों का मदद किया जा रहा है। बरकट्ठा, कोनहारा में कई लोगों का घर टूटने वाला था जिसे मैंने रोकवाया। यहां के जनप्रतिनिधियों का जनता के विकास से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, पैसे पर अपना बहुमूल्य वोट को ना बेचें।जो आपके दुख सुख में साथ दे उसी का सहयोग करें ।आपका वोट काफी बहुमूल्य है।अभी झामुमो की सरकार झारखंड में काफी सराहनीय कार्य कर रही है। अब कुछ ही दिनों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी चालू होने वाला है ।जिसमें तत्काल कार्यों का निपटारा किया जायेगा। मौके पर प्रताप सिंह, श्यामलाल पासवान, महेंद्र ठाकुर,छोटा पंडित, कौशल्या देवी,पार्वती देवी,बिना देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड बीस सूत्री की बैठक औयोजित

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने की। बैठक में 20 सूत्री कमेटी के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए । बैठक का संचालन दुलमी बीडीओ सुनील प्रजापति ने किया। मौके पर सभी विभाग प्रतिनिधियों ने एक-एक कर प्रखंड में चलाए जा रहे योजनाओं के संबंध में जानकारी बीस सूत्री कमेटी को दी। साथ ही कमेटी द्वारा दिए गए सुझाव को धरातल पर उतरने की बात कही। वहीं, बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की सरकार द्वारा जनता के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है।

### एवीएचएस शिलाडीह के शिक्षक-कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे

**बरकट्ठा।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आवाह्न पर आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाड़ीह के शिक्षक एवं कर्मी अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुजीब अंसारी ने कहा कि शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा और चौगुना अनुदान पर सरकारी अधिसूचना नहीं मिलता है तो अनुदान नहीं लेने की बात कही। हड़ताल पर रहने वालों में विद्यालय के सहायक अध्यापक लक्ष्मण प्रसाद, उपेंद्र कुमार पांडेय, बिंतोष कुमार, मनीष कुमार, विष्णुकांत पांडेय, रामकुमार मुर्मू, आदेशपाल जीवलाल बास्के समेत अन्य शामिल है।

### लेम्बुआ में दो वाहनों के बीच भिड़ंत में दो घायल

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लेम्बुआ के समीप दो वाहनों के बीच हुई भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। गोरहर थाना के पास वनवे रोड में बगोदर की ओर से आ रही ट्रक नंबर एचआर 55 भी 1814 और बरही की ओर से आ रही ट्रक नंबर एचआर 46 सी 2707 की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसें में ट्रक चालक अलीगढ उत्तर प्रदेश निवासी चंद्रकेश कुमार और बिहार निवासी प्रकाश कुमार घायल हो गये। घटना के बाद कुछ समय के लिए जीटी रोड जाम हो गई। जिसके पश्चात गोरहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ियों का आवागमन सुचारु रूप से चालू कराया।

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह जिप ने बिहार के सीएम के बयान की कड़ी निंदा की

**बरकट्ठा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को अपमानित करने और लाज शर्म धोकर पी जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को माफी नहीं बल्कि अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। वे किसी भी पद पर रहने के लायक नहीं हैं। अपने पद का नाजायज फायदा उठाकर अनाप-शनाप बयान बाजी करते हैं। कुमकुम ने नितीश कुमार के ब्यान की कडी निंदा की है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 17749 विद्यार्थियों को पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी हैं। वहीं, वर्तमान में 3978 अभ्यर्थियों को स्वीकृति दिए जाने हेतु आवेदन प्राप्त है। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 63570 विद्यार्थियों के द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन दिया गया है जिसमें 20236 विद्यार्थियों को पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है एवं शेष 37446 आवेदनों को स्वीकृति दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## राधा गोविंद विवि. में रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लोगों मन मोहा



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में 8 नवम्बर को दीपावली के शुभ अवसर पर विधि विभाग द्वारा ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया कान्सेप्ट, भूगोल एवं इतिहास विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधि विभाग में दीपावली महोत्सव ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया के कान्सेप्ट पर मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, दीये बनाना और पटाखे रहित दिवाली पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विधि विभाग के छात्र - छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया के कान्सेप्ट को समझाया। मौके पर विभागाध्यक्ष रुचिका कौशल ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। संचालन ज्योति मुखर्जी व धन्यवाद ज्ञापन मनीषा झा ने किया। भूगोल विभाग में दीपावली के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के छात्र - छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रुचि एवं प्रतिभा का विकास करना है। छात्रों ने विभिन्न विषयों पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा लकड़ा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री बुद्वदेव महतो ने किया। इतिहास विभाग द्वारा दीपावली महोत्सव के उपलक्ष्य पर रंगोली और दीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने प्रतिभा को दिखाते हुए विभिन्न विषयों पर रंगोली बनाकर अपने कला का प्रदर्शन किया।

### रामगढ़ : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने जन जागरूकता अभियान चलाया



**रामगढ़ ।** बीचा पंचायत के सालगो में 8 नवम्बर को जेबीकेएसएस द्वारा ग्राम स्तरीय जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल महतो एवम संचालन छोटेलाल उरांव ने किया। मौके पर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया । वक्ताओं ने कहा की संगठन के मजबूत होने वे 2024 के चुनाव में टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने में मदद मिलेगी। कहा की झारखंड में जिस तरह से लूट चल रही है उसपर विराम लगाने के लिए जयराम महतो को संवैधानिक पद पर पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाएँ और टाइगर जयराम महतो के विचारों का प्रचार प्रसार करें । मौके पर मुख्य रूप से जिला कमेटी के सदस्य गिरी शंकर महतो, राजेंद्र बेदिया आदि उपस्थित थे।

**जागरूक** | बरियट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, पाठ्य सामग्री का वितरण

# कल बिरहोर टोला केवाल में लगेगा स्वास्थ्य मेला



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ पी ज्ञानी की उपस्थिति में अस्पताल की ओर से बरियट्ठा आदिम जन जाति क्षेत्र परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. इस दौरान गोल्डेन कार्ड बनाने के साथ विभिन्न जांच भी किया गया. मेला के दौरान स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी सक्रिय रहे. अपनी निगरानी में सभी आदिम जन जाति परिवार को जांच और गोल्डेन कार्ड के लिए जागरूक करते दिखे. जानकारी देते हुए बीपीएम नारायण राम ने बताया कि इस दौरान एएनसी के तीन, एनिमा के पांच और एनसीडी के ग्यारह जांच किए गए. साथ ही छः आदिम जनजाति परिवार का गोल्डेन कार्ड भी बनाया गया. स्वास्थ्य मेला में एमओ डॉ अंकुर बिहान, सीएचओ सनौवार प्रवीन, एलटी प्रह्लाद कुमार, अनिता कुमारी, एमपीडब्लू उपेंद्र कुमार दास, एएनएम मालती कुमारी, बीटीसी रीना कुमारी, एसएस माया कुमारी,चालक मो अब्दुल्लाह, मो शमशाद और स्थानीय सहिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. इस दौरान आदिम जनजाति परिवार के बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया. डीएस ने बताया कि आगामी 10 नवंबर को केवाल विरहौर टोला में स्वाथ्य मेला का आयोजन किया जायेगा.

## सात पंचायतों के वार्ड सदस्यों को मिला प्रशिक्षण, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बीते सोमवार से प्रारंभ हुए वार्ड सदस्यो के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ. पहले प्रशिक्षण सत्र में दो बैच में कुल सात पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यो को पंचायती राज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. प्रथम बैच में बेंदगी, रसोईया धमना, बरही पूर्वी और पश्चिमी तथा दूसरे बैच में कोनरा, दुलमहा और कोल्हुआ कला के वार्ड सदस्य सम्मिलित हुए. इस दौरान सभी वार्ड सदस्यो को उनके कर्तव्य एवं दायित्व की जानकारी, पंचायत के योजना निर्माण में उनकी भूमिका आदि संबंधित जानकारियां दी गई. प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी वार्ड सदस्यों को बीडीओ सी आर इंदीवर ने शुभकामनाएं देते हुए पंचायत निर्माण में सकारात्मक भागीदारी निभाने की अपील किया. बीडीओ ने सभी वार्ड सदस्यों को पंचायत का रीढ़ बताया. मौके पर सभी वार्ड सदस्य, प्रशिक्षक इत्यादि शामिल थे. विदित हो कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत 6 से 18 नवंबर तक प्रखंड के सभी पंचायत के वार्ड सदस्यो को बैचवार तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है. गुरुवार से अगले बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा.

# कोडरमा में 'हर घर दिवाली, हर घर रौशन' अभियान चलाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सामाजिक संस्था एसएच यूथ फाउंडेशन दिवाली स्पेशल कार्यक्रम के तहत ह्लहर घर दिवाली, हर घर रौशनह्व अभियान चला रहा है. इसके तहत झरनाकुंड धाम स्थित मुंडा टोला और वृद्धाश्रम में रहने वालों के बीच गर्म कपड़े, जूते, जैकेट, साड़ी, मिठाई और पटाखे बांटे गये. 35 बच्चों, 30 महिलाओं और 40 पुरुषों को उपहार दिये गये. वहीं जंगल में रहने वाले लोगों में एलईडी लाइट का भी वितरण किया गया ताकि दीपावली में उनका घर भी रौशन रहे. मौके पर संस्था के संस्थापक सह निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि हमारी संस्था के एसएच यूथ फाउंडेशन हर वर्ष दिवाली से पहले आदिवासी समुदाय के बीच जा कर समाज कल्याण का कार्य करता है. इस वर्ष वृद्धाश्रम का भी कार्यक्रम भी सूचीबद्ध किया गया है. इनके चेहरों पर मुस्कान लाने की छोटी सी कोशिश है. वहीं उन्होंने वृद्धाश्रम के बारे में दुख जताते हुए कहा कि वृद्धाश्रम समाज के लिए कलंक है और यह मतलबी दुनिया को दशार्ता है. वृद्धाश्रम समाज में नहीं होना चाहिए. पर चंद बईमान लोगों की वजह से कुछ बुजुर्ग अपने ही घर से बेदखल कर दिए जाते हैं. मौके पर संस्था के संस्थापक सह निदेशक विशाल सिंह, रोहित बरनवाल कार्यकारी सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, विकास कुमार, जीतू थापा, रंजीत कुमार, संदीप कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र भगत, पूर्व वार्ड पार्षद मीता सिंह शैलेंद्र कुमार अभय, अरुण कुमार बौद्ध, पीयूष कुमार पारस, राहुल कुमार गुप्ता उर्फ आजाद श्री, धर्मेंद्र कुमार पंडित, संदीप कुमार, आदर्श कुमार, श्रेया कुमारी, रॉकी कुमार, गोपाल कुमार, रिकी कुमार, अभय कुमार समेत संस्था के कई अन्य सदस्य मौजूद थे.

## कोडरमा : पुनः बहाली की मांग को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग की जा रही है. पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) ने जिला समाहरणालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया. इससे पूर्व परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप अम्बेडकर पार्क से जिला मुख्यालय तक एक जुलूस निकाला गया. झारखंड सरकार होश में आओ, पोषण सखी को फिर से बहाल करना होगा, महिलाओं को नौकरी देना होगा, नौकरी नहीं तो वोट नहीं, जैसे नारे प्रदर्शनकारियों ने लगाये. इसकी अध्यक्षता पोषण सखी संघ की जिला सचिव जरीना खातून ने की जबकि संचालन रेशमी कुमारी ने किया. सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड के छह जिलों मे आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत 10,388 पोषण सखी को हटा दिया गया. केंद्र की मोदी सरकार ने फंड बंद कर दिया. इस कारण पिछले वर्ष अप्रैल में हेमंत सोरेन सरकार ने इन्हें हटा दिया. आज उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है.

## गागर में सागर

### कोडरमा : 'अबुआ आवास योजना' को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की ओर से गरीबों को अपना आशियाना मिलेगा. अबुआ आवास योजना को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज मौजूद थे. कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त ने अबुआ आवास योजना की मुख्य विशेषताओं को बताया. उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा. कैम्प में अलग स्टॉल लगाया जाएगा और उसी स्टॉल में लाभुकों से इस बाबत आवेदन प्राप्त किये जायेंगे. आवेदन के साथ लाभुक अपना जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति साथा संलग्न हो. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हो ताकि उनके आवेदन को एंट्री किया जा सके. वैसे लोगों को आवास योजना का लाभ मिलेगा जिसके कच्चे मकान हों, आवास विहीन एवं निराआश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो. आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपया प्रति ईकाई हैं. आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा.

### कनारोवां पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का किया गया आयोजन

**बानो।** प्रखण्ड के कनारोवां पंचायत भवन में बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे बानो अंचल से प्राप्त आदेशानुसार वन अधिकार समिति द्वारा दावों एवं त्रुटियों पर चर्चा हुई। और सूची में कुछ वन के प्लॉट अंकित नहीं थे। जिन्हे दावा करते हुए वन पट्टा में सम्मलित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वही बरबेड़ा नदी से अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने हेतु सहमति बनी। ग्रामीणों का कहना है हमरा राजस्व ग्राम पहाड़ी क्षेत्र पर स्तिथ है। इन क्षेत्रों में भू जलस्तर काफी नीचे है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल, मई, जून, माह में पानी के लिए चापाकाल में अतिरिक्त पाइप डाला गया तब पानी मिला। जिसका मुख कारण नदी से अधिकाधिक मात्रा में बालू का उठाव को ग्रामीण जिम्मेदार मन रहे है। बैठक में मुखिया मिंसी लीना तिर्की , उपमुखिया अमित डांग, अध्यक्ष प्रदीप सोरेंग, रेणु किड़ो, बीएफटी कुलदीप सिंदुरिया, विकास मघैया, कुलवंती, अनीता, किरण टोपनो, सनातन बरजो, रूपेश बड़ाइक, सुजीत सिंह, अनिल सिंह, जुनूल लुगुन, एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### बानो के सोय में बालक बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बानो।** प्रखण्ड के ग्राम सोय में बुधवार को बालक व बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीजेपी के नेता अजित तोपनो ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने ने कहा आज खेल के माध्यम से अपनी जीवन सवार सकते हैं सिमडेगा जिला खिलाडी का जिले का नाम से जाना जाता है ,खेल को आपसी मेल जोल से खेले बिशिष्ट अतिथि सोय मुखिया सोमारी कैथवार ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से लोगो मे खेल के प्रति जागरूकता आएगी ।कोनसोदे मुखिया सीता बड़ाईक ने कहा हर्ष के साथ कहना पड़ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी काफी संख्या में बालिका फुटबॉल टीम पहुंची।प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सिजांग ने सारूबाहर की एक गोल से हराया।बालिका वर्ग में जराकेल सबा टोली की टीम ने सोय की टीम को एक गोल से हरा कर विजेता बना प्रतियोगिता में विजेता व उप विजेता टीम पुरस्कृत किया गया।

# 15 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तृतीय चरण की आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 15 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक सभी पंचायतों में आयोजित किया जाना है। उन्होंने सभी पदाधिकारीयों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम लाभुक तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी पंचायत, सभी गांव-टोला में शिविर आयोजन के 5-6 दिनों पहले से व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया। शिविर में लगाए गए स्टॉल में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सेवा और कंप्यूटर ऑपरेटर आवश्यक रूप से हो। ग्रामीणों के लिए शिविर स्थल सुविधाजनक हो तथा ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो सकें इस हेतु शिविर का आयोजन पंचायत भवन या उसके आसपास करने का निर्देश दिया गया। शिविर में सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारियों को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। राजस्व से जुड़े मामले जैसे म्यूटेशन, भू-मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटियों को दूर करने, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सीएम पशुधन योजना के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। राशन कार्ड में संशोधन और बिजली बिल से संबंधित शिकायतों को भी शिविर में दूर किया जाएगा। आमलोगों की सामाजिक - आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन लेने की बात कहीं। उन्होंने ऑन द स्पॉट परिसम्पतियों, सरकारी लाभ का वितरण ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहर में मिठाई दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग में लिया सैंपल

**सिमडेगा।** अभिहित अधिकारी सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो के निदेर्शानुसार दिपावली पर्व को देखते हुए बुधवार को सिमडेगा शहर के विभिन्न होटलों से मिठाईयों के जाँच के साथ नमूना संग्रहण किया गया। सीएस डाँ अजित खलखो ने बताया कि त्योहार के आगमन होते ही मिठाई दुकानदारों द्वारा मिठाईयों में मिलावटखोरी करने की संभावना बढ़ जाती है। जिसके निमित विभिन्न प्रकार के मिठाईयों की गुणवत्ता जांच करना अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रायः ऐसा देखा जाता है कि कुच्छेक खाद्य सामग्रियों में जैसे- लड्डु, पेड़ा, रसगुल्ला में इंडस्ट्रीयल कलर कामधेनु जो कि खाद्य पदार्थो में प्रतिबंधित है उनका उपयोग खाद्य सामग्रियों में कलर लाने के लिए प्रयोग किया जाता है। जिससे आमजनों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है ।उन्होंने आमजनों से अपिल किया है कि खाद्य पदार्थो में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटियां या शिकायत पायी जाती है तो लिखित रूप से वें सिविल सर्जन कार्यालय को इसकी सूचना दे सकते है। उन्होंने कहा कि खाद्य नमूनों को जांच हेतु संबंधित खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है, जांच प्रतिवेदन आने पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

## नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेगा झारखंड पार्टीः एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** झारखंड पार्टी के द्वारा ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। जिले के दोनों विस सीट में पार्टी की जीत सुनिश्चत की जाएगी। पार्टी के द्वारा जिला मुख्यालय में विशाल नगाड़ा पिटावन रैली का भी आयोजन किया जाएगा। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का बुधवार को पार्टी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कार्यकर्ताओ से पूरे उत्साह और दमखम के साथ क्षेत्र में पार्टी का प्रचार प्रसार और लोगों की सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि झापा बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए कार्य कर रही है। स्थानीय विधायक के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिए जाने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि विधायक की कार्यशैली को जनता देख चुकी है। उन्होंने आगामी चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चत करने के लिए कार्य करने की बात कही। एनोस एक्का ने कहा कि झापा सिमडेगा जिला के अलावे गुमला, खूंटी, रांची, लातेहार, रामगढ़ आदि जिला में भी पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी। बैठक को जिलाध्यक्ष मतियस बागे, पिंटू सिन्हा, संदेश एक्का आदि ने भी संबोधित किया। बैठक का समापन ललित समद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक में ललन प्रसाद, ओलिवर लकड़ा, सुरसेन, बाबुराम लकड़ा, मेरतल खलखो, सिमोन कंडुलना, फबियन, एरेनियुस खेस, निकोलसन कोंगाड़ी, अभिषेक विश्वास आदि उपस्थित थे।

## सामुदायिक संगठन सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**जलडेगा।** प्रखंड के टीनगीना पंचायत भवन सभागार में लीड्स संस्था के द्वारा दो दिवसीय सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन ने बताया कि लीड्स संस्था जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में कार्य कर रही है और लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक कर रही है। जिससे सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाए धरातल पर पूर्ण होते दिखाई दे। और जरूरतमंद लोग कृषि एवं पशुपालन कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकें। प्रशिक्षण में उन्होंने ग्राम सभा के महत्व, कार्य एवं दायित्व, ग्राम सभा के शक्तियां एवं उद्देश्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब अपने गांव समाज के प्रतिनिधि है। हम सब एक साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।। कार्यशाला में मुख्य रूप से लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन टिनगिना पंचायत के मुखिया कल्याण गुड़िया, उप मुखिया प्रभा बा, लिली सुरीन,रोशालिया तोपनो,बसन्ती कुमारी,बिलासी देवी,रोशनी देवी, समेत टिनगिना पंचायत के वार्ड सदस्य, ग्राम संगठन के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## तीन साल से अधूरा पड़ा है पुलिया निर्माण ठेकेदार-अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत ढेंगुरपानी स्वास्थ्य उपकेंद्र से पपरापानी हैं को जोड़ने वाली कच्ची सड़क के बीच बना यह पुलिया यह साबित कर रहा है कि जब कोई देखने वाला और करवाई करने वाला न हो तो सरकारी पैसों का इसी तरह दुरुपयोग किया जाता है। गांव के लोगों ने बताया कि जलडेगा के ठेकदारों ने वर्ष 2020 में पुलिया का निर्माण कराया था। लेकिन अधिकारियों की मिलिभत के कारण तीन वर्ष बाद भी ठेकेदारों ने पुल निर्माण का कार्य पूरा नही किया। कार्य शुरू होने के बाद से कार्यस्थल में अभी तक बोर्ड नही लगने से ग्रामीणों को ये भी नही पता कि ये पुलिया किस विभाग से बनाया गया है, ग्रामीणों का आरोप है कि पुल जहां बनना था वहां नही बनाया गया, साथ ही निर्माण के बाद अभी तक उसमे मिट्टी तक नहीं भरा गया है। नतीजा आज यह पुल ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोगों को इस पुल से कोई फायदा नही हो रहा है। गलत जगह में पुल निर्माण करने और मिट्टी नही भरने से मरीजों को स्वास्थ्य उप केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो जा रहा है। उक्त रोड में एक मोटरसाइकिल भी बहुत मुश्किल से पार हो रही है। मामले की जानकारी के लिए जब हमने एनआरईपी के जेई ऋषभ कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि मीडिया के मामले से जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा की मिट्टी भराई का काम गुरुवार से शुरू हो जायेगा। वहीं उन्हीं बताया की अभिकर्ता ब्रजेश कुमार के माध्यम से जलडेगा के स्थानीय ठेकेदार द्वारा काम कराया गया था। तीन साल तक इस तरह अधूरा काम कर के छोड़ देना ठेकदार की लापरवाही को दर्शाता है।

## सम्मानित

## सिमडेगा एसपी ने किया मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 11 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ ने बुधवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया। क्राइम गोष्ठी में सिमडेगा के सभी थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे, मौके पर एसपी सिमडेगा द्वारा आगामी दीपावली छठ एवं अन्य त्योहारों को लेकर सभी थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पर्व त्यौहार के दौरान क्षेत्र में विशेष नजर एवं सतर्कता बरतने की बात कही, उन्होंने त्यौहार के दौरान लगातार क्षेत्र में गस्ती अभियान, वाहन चेकिंग ,अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारीअभियान, विधि व्यवस्था ,अनुसंधान नियंत्रण आदि चीजों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने थाना बार किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं कार्यों में तेजी लाने तथा छूते हुए अपराधियों पर नजर रखना लंबित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादन करने आदि चीजों को लेकर निर्देश दिए। वहीं उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया साथ उन्होंने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी इसी प्रकार अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें ताकि बेहतर पुलिसिंग लोगों के बीच किया जा सके। उन्होंने बताया कि सिमडेगा पुलिस आईटी एवं टेक्निकल सेल की मदद से और भी कार्यों को अनुसंधान में सरल बनाने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए लगातार टीम काम कर रही है और आने वाले दिनों इसका पूरा लाभ आम जनमानस को मिलेगा। सहायक लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न कांडों में किए गए कार्य एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जानकारी दी। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के उलिहातू खूंटी आगमन को लेकर भाजपा की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विगत 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू खूंटी हो रहा है ।जहाँ उलिहातू से लौट कर प्रधानमंत्री खूंटी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे,साथ ही झारखंड को करोड़ों की सौगात भी देंगे ।प्रधानमंत्री की जनसभा में भाग लेने हेतु उसकी तैयारी के निमित्त सिमडेगा जिले के सभी मंडलों में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। प्रधानमंत्री के खूंटी आगमन पर सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं, और सिमडेगा से हजारों की संख्या में जाकर प्रधानमंत्री जी के सभा में भाग लेना सुनिश्चित कर रहे हैं ।सिमडेगा में बैठक में भाग लेते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा की खूंटी में प्रधानमंत्री जी की जनसभा ऐतिहासिक होगी पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता उत्साहित हैं और जोर से तैयारी में लगे हुए हैं। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल पर आने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री मोदी हैं इससे यह साबित होता है की जनजाति लोगों के लिए प्रधानमंत्री के दिल में कितनी इज्जत है ।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव की बात है कि 70 सालों के बाद किसी प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल को याद किया है। यह दौरा अपने आप में ऐतिहासिक होने वाला है ,सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग ले। मौके पर एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंत मांझी ,श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा, केरसई में मंडल अध्यक्ष मानकी लाल आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### मुखिया ने की प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों के प्रतिनियोजन की मांग

**रमना।** मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा ने जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा को आवेदन देकर पंचायत के नव



प्राथमिक विद्यालय कोरगा एवं जुडवनिया में एक -एक सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन करने की मांग की है। आवेदन में मुखिया ने लिखा है कि उक्त दोनों विद्यालयों में केवल एक- एक सहायक अध्यापक कार्यरत है। विद्यालय प्रभार में होने के कारण उक्त सहायक अध्यापक भी प्रायःविभागीय कार्य से बाहर रहते हैं। इस कारण उक्त दोनों विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। विदित हो कि नव प्रावि कोरगा में 148 एवं जुडवनिया में 128 बच्चे नामांकित हैं। मुखिया ने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल उक्त दोनों विद्यालयों में एक- एक सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन करने की मांग की है। इस पर डीएसई ने विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि मुखिया ने मंगलवार को संपन्न हुई पंचायत समिति की बैठक में भी उक्त मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

### जल नल में अनियमितता की शिकायत

**केतार।** प्रखंड के लोहरगाड़ा पंचायत के मुखिया नीलम देवी ने बुधवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पीएचडी विभाग द्वारा नल जल योजना में अनियमितता बरतने और मनमानी करने की शिकायत की। मुखिया ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि लोहरगाड़ा, हुरका, मेरौनी और कोसडीहरा गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सर्वे कराकर स्थल का चयन किया गया था। ग्रामीणों से खेत का रसीद और आधार कार्ड छायाप्रति भी लिया गया था, लेकिन संवेदक की मिलीभगत से मनमानी करते हुए अपने करीबी के घर के पास जल मीनार लगाने के लिए बोरिंग कराई जा रही है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करने पर मुंशी द्वारा चयनित स्थल को रद्द बताया जाता है। मुखिया नीलम देवी ने जांच कर संवेदक पर कारवाई करने की मांग की है।

### हिंद भारती ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**बालूमाथ।** हिंद भारतीय स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में मुख्य छठ घाट का निरीक्षण किया। मौके पर संस्था अध्यक्ष ने बताया कि इस बार छठ घाट के सीडीओ की सफाई के साथ-साथ घाट के आसपास की समुचित सफाई एवं लाइट, साउंड के अलावा अन्य व्यवस्था की जाएगी। कहा कि कुछ लोग घर का गंदा पानी सड़कों पर बहाते हैं। ऐसे लोगों से आग्रह है कि कम से कम श्छठ पूजा तक सड़क पर पानी ना गिराएं। नालियों को साफ रखें और जहां नाली नहीं है वहां पानी गिराने के लिए सोखता बनाएं या कोई अन्य व्यवस्था करें। इस दौरान सिंह ने मां अंबे कोयला ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के व्यवस्थापक पर सामाजिक कार्य में सहयोग नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही साथ ग्रामीणों व प्रशासन से पूजा को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। मौके पर रवि रजक, लालदेव गंझू, अखिलेश भोक्ता, जितेंद्र कुमार, आशीष ओझा, सोनू सिंह, कैलाश यादव, संजू ओझा, नीरज गुप्ता, प्रदीप कुमार, विशेष कुमार, रंजय सिंह, पिंटु कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में दो युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** लातेहार बाईपास स्थित आराहरा ग्राम के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बालू ग्राम निवासी अनुज सिंह (20), पिता हीरा सिंह एवं दीपक कुमार (18), पिता तुलसी सिंह को गंभीर चोटें आईं। दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से निजी वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर आलिशा ने प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक दोनों युवकों को सिर, हाथ, पैर के अलावे शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं।

### आठ बकायेदारों का काटा कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरातरी व गड़के गांव में विद्युत विभाग ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाकर 8 बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया। छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर चलाया गया। 8 बकायेदारों पर दो लाख,सतासी हजार नौ सौ बतीस रुपये बकाया है। इस दौरान बगैर बिजली बिल जमा किये बिजली नहीं जलाने की चेतावनी दी गयी है। साथ ही कनीय ने बताया कि खम्भे में लगे एंगल व खम्भे में लगे तार को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी लगातार की जा रही है। चिन्हित कर जल्द ही कठोर करवाई की जायेगी। छापेमारी अभियान में संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज दांगी, विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### ड्रग एसोसिएशन ने पुराने अस्पताल की जगह पर नया भवन बनाने की मांग की

**बालूमाथ।** ड्रग एसोसिएशन बालूमाथ इकाई ने बुधवार को बीडीओ सोमा उरांव को पुराने अस्पताल भवन की जगह पर ही नए भवन बनाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। इससे पूर्व संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता लगभग एक दर्जन दवा विक्रेता संगठन के सदस्यों के साथ बैनर लिए मार्च करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता का कहना है कि पुराने अस्पताल भवन के इर्द-गिर दर्जनों दवा व्यवसाय हैं।

## मध्याह्न भोजन के लिए एक ही दुकान में की जा रही है बर्तनों की खरीदारी

# स्कूलों के लिए बर्तन की खरीदारी में चल रहा है कमीशनखोरी का 'खेल'

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने और खिलाने के लिए बर्तन क्रय के लिए राशि भेजी जाती है, जो कमीशनखोरी का भेंट चढ़ रही है। सूत्रों की मानें तो केतार, भवनाथपुर और खरौंधी प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बीआरसी भवन के ठीक सामने स्थित विनोद सोनी के बर्तन दुकान से ही बर्तन की खरीदारी कर रहे हैं। केतार प्रखंड के 32 विद्यालयों में बर्तन खरीदने के लिए विभाग द्वारा राशि प्राप्त हुई। इसमें प्राथमिक विद्यालय के लिए नामांकित बच्चों की संख्या के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में 10 हजार से 15 हजार रुपये और मध्य विद्यालय में 15 हजार से 25 हजार रुपये की राशि भेजी गई। शिक्षक भयवश दबी जुबान में बता रहे हैं कि इसी दुकान से बर्तन खरीदने का निर्देश प्राप्त हुआ है, लेकिन सोचनीय विषय है कि जब भवनाथपुर में बड़े-बड़े प्रतिष्ठान हैं, तो फिर एक ही दुकान से बर्तन की खरीदारी प्रधानाध्यापक क्यों कर रहे हैं। आखिर उन पर किसका दबाव है?



### भवनाथपुर प्रखंड के कई विद्यालयों में नहीं हो सकी है बर्तनों की खरीदारी

**भवनाथपुर।** संकुल संसाधन केंद्र अंतर्गत भवनाथपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने हेतु बर्तन का क्रय नहीं किया जा सका है, जबकि उक्त सामग्री की खरीदारी के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 में राशि का भुगतान विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंधन के खाते में किया जा चुका है। वहीं सूत्रो की मानें तो विद्यालय प्रबंधन समिति व विभाग के बीच खींचतान के चलते अभी तक दर्जनों विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग में आने वाले बर्तनों की क्रय में देरी हो रही है। जिन विद्यालयों में बर्तनों का क्रय नहीं हुआ है, उन विद्यालयों में अविलंब बर्तनों की क्रय हेतु 9 नवंबर को बीआरसी कार्यालय में संबंधित विद्यालयों के एचएम उपस्थित होकर जनसुनवाई में भाग लेंगे।

### बर्तन खरीदने का प्रावधान

सरकारी विद्यालयों में किसी भी तरह की समाग्री खरीदने के लिए प्रबंधन समिति द्वारा बैठक कर क्रय समिति का गठन होता है। इसके बाद क्रय समिति दुकानों में मूल्य के अनुसार गुणवत्ता की जांच करती है। इसके बाद सामग्री खरीदी जाती है। लेकिन यहां तो एक ही दुकान से समान खरीदने की होड़ मची है। अब खरीदे गए बर्तन गुणवत्ता अच्छी है या नहीं यह तो दुकानदार ही जाने। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडे ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है लेकिन अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जायेगी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि प्रबंधन समिति अपनी सहूलियत के अनुसार समाग्री खरीद सकती है।

# शराब के नशे में युवक ने पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



थाना अंतर्गत अरंगी दामर निवासी बिरेंद्र विश्वकर्मा (35) ने शराब के नशे में घर के पास स्थित बबूल के पेड़ में मंगलवार देर शाम फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है। वहीं मृतक की पत्नी सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक की पत्नी रोते रोते बार अचेत हो जा रही है।

मृतक बिरेंद्र विश्वकर्मा के दो पुत्र हैं। बड़ा अंकुश विश्वकर्मा 6 वर्ष का तथा छोटा लवकुश विश्वकर्मा 4 वर्ष का है। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। साथ ही शव को स्वजनों के घर सौंप दिया। स्वजन सुबह शव गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए ले गए। ग्रामीणों ने बताया मृतक बिरेंद्र विश्वकर्मा बचपन से ही अपनी मां के साथ ननिहाल में रहता था। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने बताया बिरेंद्र विश्वकर्मा अत्यधिक शराब का सेवन करता था। इसलिए उसका दिमाग सही नहीं रहता था। मंगलवार को सुबह से ही शराब का सेवन कर रहा था। उसने अत्यधिक नशे में होने के कारण पास के एक बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि शव को गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जेएसजेएमएम संगठन ने चौकीदार सदीक हत्याकांड की ली जिम्मेवारी

## हजारों नम आंखों ने दी चंदवा थाने के दिवंगत चौकीदार अंसारी को अंतिम विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

चौकीदार सदीक अंसारी को बुधवार को शहर के चंदवा तिलैयाटांड़ स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके आवास से हजारों लोग जनाजे में शामिल हुए। इस दौरान सबकी आंखें नम थीं। बता दें कि मंगलवार की दोपहर बाद चंदवा-माल्हन- मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर दुबी गांव के समीप अपराधियों ने सदीक को दो गोली मारी थी जिससे उनकी मौत हो गयी। वे चंदवा थाना में चौकीदार के पद पर पदस्थापित थे। इसी बीच, हत्याकांड से जुड़ा एक पर्चा सोशल मीडिया पर डाला गया है। शार्प शूटर नामक फेसबुक पेज पर डाले गए पर्चा के माध्यम से झारखंड संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा (जेएसजेएमएम) नामक अपराधिक संगठन के राहुल सिंह ने हत्या की जिम्मेवारी ली है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



**दोस्त ग्रामीण एसपी कहकर बुलाते थे :** चंदवा के सभी वर्गों में उनकी अच्छी पैठ थी। वे अपने मृदुभाषी व्यवहार के लिए जाने जाते थे। लोग उनसे संपर्क कर अपने वाद विवाद का अक्सर निपटारा करा लेते थे। सदीक समाज और कानून के बीच एक मजबूत कड़ी थे। सभी राजनितिक दलों, पंचायत प्रतिनिधियों समेत आम व खास लोगों ने उनकी हत्या की निंदा की है। लोगों ने जल्द से जल्द इस हत्याकांड के खुलासे की मांग लातेहार पुलिस अधीक्षक से की है। सदीक अंसारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी पैठ बना रखी थी। छोटे मोटे मामले को सुलझाने में वे काफी सक्रिय भूमिका निभाते रहते थे। छोटे मोटे मामले थाना में आने के बाद वे संबंधित पंचायत के मुखिया को फोन कर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की सलाह देते थे। इन्हीं कारणों से उनके दोस्त उन्हें ग्रामीण एसपी के नाम से भी पुकारते थे।

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

सूचना मिली थी कि सदर अस्पताल चतरा में डायलेसिस मशीन तकरीबन एक माह से खराब है। इसके कारण डायलेसिस कराने वाले मरीजों को काफी कठिनाई का समाना करना पर रहा है। इसको लेकर बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने सदर अस्पताल पहुंचे। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद को उन्होंने डायलेसिस मशीन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदर अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध दवा, अल्ट्रासाउंड, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड, साफ सफाई, चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति समेत अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ. मनीष लाल, डॉ. अरविंद केसरी, डॉ. एनके पांडेय अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार एवं नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख बोलीं-इसमें भवनाथपुर गोदाम के कुछ कर्मियों की मिलीभगत, डीसी से करेंगे शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के राज्य खाद्य निगम गोदाम में पिछले तीन माह से राशन नहीं आ रहा है। इस कारण प्रखंड के राशन डीलरों को फिर से भवनाथपुर के गोदाम से ही राशन का उठाव करना पड़ रहा है। वहीं पिछले तीन माह से खाद्यान्न गोदाम बंद रहने के कारण गोदाम के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी प्रखंड कार्यालय के दूसरे कार्यों में लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि केतार पंचायत सचिवालय परिसर में स्थित खाद्यान्न गोदाम की मरम्मत करायी गयी थी, जबकि पिछले 21 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने उक्त खाद्यान्न गोदाम का उद्घाटन किया था। इसके बाद सितंबर माह में गोदाम में



राशन आया लेकिन अक्टूबर और नवंबर माह का राशन भवनाथपुर गोदाम से हुआ है। इधर केतार गोदाम बंद पड़ा है। वहीं प्रखंड के पीडीएस डीलरों को 15 - 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर से राशन का उठाव करना पड़ रहा है। पीडीएस डीलर चंद्रदेव बैठा, श्याम सुंदर बैठा, आला देवी, सुनील कुमार, राम प्रवेश राम, अरूण कुमार ने कहा कि केतार गोदाम से राशन का उठाव करने में सहुलियत होती थी और वाहन खर्च भी कम पड़ता था, लेकिन पुनः भवनाथपुर से राशन का उठाव करने में बहुत परेशानी हो रहा है और वाहन खर्च भी अधिक पड़ता है। डीलरों को राशन लाने में होने वाले वाहन खर्च भी स्वयं देना पड़ता है। इधर केतार गोदाम बंद होने से दस मजदूर भी बेरोजगार हो गये। इस संबंध में प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि भवनाथपुर गोदाम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण ऐसा हो रहा है। जल्द ही उपायुक्त से इसकी शिकायत की जायेगी। जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि केतार गोदाम से ही राशन का आवंटन प्राप्त हो इसके लिए जिले में आवाज उठाऊंगा।

# डीसीएलआर रंका ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण भूमि सुधार उपसमहर्ता रंका प्रवेश कुशवाहा ने किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सभी ब्लॉक कमी व अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर उनका परिचय प्राप्त किया व क्षेत्र में चल रहे मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों पर भी बातें की।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा व अंचलाधिकारी निषाद अंजुम भी मौके पर मौजूद रहे। डीसीएलआर रंका ने अंचलाधिकारी को विभागीय कार्य में तेजी लाने एवं लंबित कार्यों को ससमय पूरा करने की हिदायत



दी। निरीक्षण के दौरान डीसीएलआर ने दाखिल खारिज व विभिन्न मामलों के प्रगति की समीक्षा की एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि, जेई अनिकेश कुमार, नाजीर अधिराज टोपो, विनोद प्रसाद, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक मिथिलेश कुमार, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, नवल किशोर यादव आदि मौजूद थे।

## बाजार | विक्रेता बोले-जीएसटी के कारण नहीं हो रहा है पहले जैसा मुनाफा

# डंडई हाट में दिवाली से पहले खूब हुई खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव में बुधवार को लगी साप्ताहिक हाट में दीपावली पर्व की घूम रही। हाट में मिट्टी का बना दीपक जहां थोक व खुदरा भाव में खूब बिका, वही रंग बिरंग के डिजाइनों में देवी-देवताओं की मूर्तियां व उनकी फोटो की भी खूब बिक्री हुई। इसके अलावा घरों को सजाने को लेकर अलग-अलग रंगों में झालर, फीता, ट्यूबलाइट के साथ-साथ रंग बिरंग के बल्ब की भी खूब बिक्री हुई।



इस दौरान सामग्रियों की खरीदारी कर रहे ग्राहकों के ऊपर महंगाई का भी कोई असर नहीं दिखा। वे सभी एक दुकान से दूसरे व तीसरे दुकान का भ्रमण कर सामग्री की खरीदारी करते रहे। साथ ही दुकानदारों के कहे अनुसार वे सभी उसकी कीमत भी चुकाते देखे गए। हाट में मिट्टी का बना दीपक बेचने आए दुकानदार जुगल प्रजापति, गणेश प्रजापति ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब बाजार में मिट्टी के दिए की बिक्री बहुत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि लागत और मेहनत के अनुसार दीपक की जो कीमत मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती है। बावजूद पूर्वजों के पेशे को हम किसी तरह आगे बढ़ा रहे हैं। हर वर्ष दीपावली के पूर्व में हम अपने-अपने घर के चाक पर दीपक का निर्माण करते हैं और फिर उसे बाजार में बेचने चले आते हैं। साथ ही कहा कि डंडई हाट में मिट्टी के दीपक की बिक्री करते हमको लगभग 20 वर्ष से भी अधिक दिनों का समय बीत गया। वहीं देवी देवताओं की मूर्तियां व फोटो की बिक्री कर रहे सुरेश राम, विनोद शाह ने कहा कि यह रोजगार महज सप्ताह दिन के लिए चलता है। उक्त अवधि के बीच काफी मात्रा में मूर्ति व फोटो बेचने का काम हम सभी करते हैं।

वहीं झालर फीता ट्यूबलाइट व बल्ब की बिक्री कर रहे समरेंद्र मेहता, सनी कुमार, गिरवर निरगी, सौरभ कुमार इत्यादि ने बताया कि उक्त सामग्रियों की बिक्री में पहले ज्यादा मुनाफा हो जा रहा था, लेकिन जब से जीएसटी लागू हुआ है तब से मुनाफा काफी कम हो गया है। बावजूद पूर्व के रोजगार समझ कर हम सभी इसमें लगे हुए हैं। डंडई हाट में झालर, ट्यूबलाइट, बल्ब इत्यादि सामग्रियों की बिक्री करते हम सभी को 5 से 7 वर्ष का समय बीत गया।

# कोयला तस्करों के लिये पुनः सेफ जोन बना मगध-आम्रपाली व पिपरवार क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मगध-आम्रपाली एवं पिपरवार कोल परियोजना क्षेत्र पुनः इन दिनों कोल माफियाओं व कोयला तस्करों का सेफ जोन बन गया है। सूत्रों की माने तो बरसात का मौसम समाप्त होते ही माफिया अपनी विसात बिछाना शुरू कर दिया है। इन दिनों कोयला तस्कर सीसीएल अधिकारियों, वन अधिकारी एवं पुलिस के इर्द-गिर्द विचरण करते हुए देखे जा रहे हैं। इतना ही नहीं तस्करों को कोयला डंप आर्ड में भी देखा जा रहा है। जंगल में कोयला भंडारण शुरू भी कर दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा-चमातु, पिपरवार के बचरा-सैरैया तथा टंडवा थाना क्षेत्र के सराढु, देवलगड़ा, टंडवा व कुमरांग गांव के कुछ कोयला तस्करी की खेल में अहम भूमिका देखी जा रही है। ये लोग लोकल स्तर पर कोल माफियाओं को मदद करने में खूब पसीना बहा रहे हैं। वही कुजू, मांडू व धनबाद के कोयला तस्कर टंडवा डेरा जमाए हुए हैं।

### दिनरात हो रही कोयला व बालू की तस्करी

**टंडवा।** प्रखंड की लाइफलाइन टंडवा-सिमरिया सड़क इन दिनों तस्करी जोन बन गया है। इस सड़क से प्रतिदिन बालू, कोयला एवं पत्थर की बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। आम्रपाली कोल परियोजना से मोटरसाइकिल गैंग हजारों की संख्या में चोरी का कोयला ले जाया जा रहा है और ईट भट्ठों समेत बिहार प्रदेश तक तस्करी कर ले जाया जा रहा है। टंडवा की विभिन्न नदियों से सैकड़ों ट्रैक्टर धनगड़ा घाटी के ऊपर आईएससी कंपनी समेत सिमरिया की ओर तस्करी किया जा रहा है। वहीं सिमरिया से पत्थर तस्करी कर टंडवा थाना क्षेत्र के मगध, आम्रपाली एवं एनटीपीसी समेत विभिन्न सड़क निर्माण कंपनियों में अवैध तरीके से हाइवा वाहन से सप्लाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक चलान से कई हाइवा पत्थर की सप्लाई की जाती है।



# हमारा देश, हमारा राज हो

***अबुआ*** बीर अबुआ दिशोम का मतलब होता है-हमारा देश हमारा राज। इसे सार्थक करने की दिशा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अभियान चल पड़ा है। ऐसे भी देखा जाये तो झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। झारखंड की संस्कृति, सभ्यता और शिष्टाचार की अलग पहचान है। यहां के आदिवासी समुदाय के लोग काफी सहनशील और सरल हैं। राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था कहीं न कहीं उस कार्य की शुरूआत हो रही है। यह खुशी की बात है। देखा जाये तो इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में विकास के द्वारा खुलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। शर्त यह होनी चाहिए कि वह पूरी ईमानदारी से की जाये। बहरहाल झारखंड में 30 प्रतिशत वन क्षेत्र हैं। जंगल-झाड़ मिलाकर देखें तो यह 50 प्रतिशत के करीब है। यहां के 80 प्रतिशत लोग खेती-बाड़ी पर ही निर्भर हैं। मात्र 20 प्रतिशत लोग जो बाजार और शहरों में हैं, बाकी सभी लोग खेती कार्य से ही जीवनयापन करते हैं। दूसरे राज्यों को देखें जहां आदिवासियों की बहुलता कम है लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों का वितरण निमित बेहतर कार्य हुआ है। ऐसे में अगर अधिकारी यह ठान लें कि इसे यहां भी कुशलता से करना है,तो कोई कठिन कार्य नहीं है। इसी मामले को गंभीरता से लेने पर इन दिनों सीएम जोर दे रहे हैं। इस राज्य के भौगोलिक और इस राज्य के अंदर चल रहे विकास की गतिविधियां आने वाले दिनों में एक दूसरे से परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न करेगा। वर्तमान में जो खेती योग्य जमीन है उसमें भी कोयला निकाला जा रहा है। आज नहीं तो कल वह खनिज संपदा समाप्त होगा। खनन कंपनियां खनिज संपदा निकालकर ऐसी स्थिति में छोड़ेंगे जिसकी व्याख्या करना मुश्किल है। जो किसान विस्थापित हो रहा है उसका अस्तित्व रहेगा कि नहीं। जहां आज धान की खेती हो रही है, क्या खनन कार्य के बाद उस जमीन पर फिर से वैसी ही खेती हो पायेगी क्या? यह महत्वपूर्ण विषय है। इस पर अविलंब ध्यान देने की जरूरत है। इसीलिए आज अबुआ राज की जरूरत महसूस की जा रही है। एक बात और कि आदिवासी समाज कभी भी पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। कारण उसे पता है यही उसका जीवन है। ऐसे में वृक्षारोपण पर जोर देने की जरूरत है। दूसरी तरफ वनपट्टा देने के अभियान को सैचुरेट करना जरूरी है कारण ऐसा नहीं किया गया तो माफिया किस्म के लोग फिर जंगलों में घुसकर पेड़ की धड़ल्ले से कटाई करेंगे। ऐसे में अगर राज्य सरकार एक मजबूत कार्ययोजना बनाते हुए अभियान के उद्देश्य को को पूरा कर लेती है तो आने वाले समय में जंगलों में जो लोग बसे हैं, जिन्हें अभी अतिक्रमणकारी के रूप में देखा जाता है वे इनक्रोचर नजर नहीं आयेंगे। नहीं तो यह परस्पर चलता रहेगा। दूसरी तरफ हम सब शहर में अतिक्रमण के दंश से जूझ रहे हैं। शहर में इसे रोकना संभव नहीं है लेकिन गांव में हम आज भी इस काम को रोक सकते हैं। लोगों को उनका हक और अधिकार देकर। ऐसे में यह सब कार्य सिस्टम के तहत जितनी जल्द हो पूरा होना चाहिए। ऐसे में इस कार्य के हाने जाने के बाद इसके परिणाम काफी सार्थक होगें,इस बात से कोई इंकार भी नहीं कर सकता है।

**राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था कहीं न कहीं उस कार्य की शुरूआत हो रही है। यह खुशी की बात है। देखा जाये तो इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।**

# गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस





ललित गर्ग

***दीपावली*** से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं। धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किये जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ी बूटियां भी धन हैं। जड़ी बूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं।

**आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो।**

**इन दिनों**

यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किये जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जायेगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिये। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धन वर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ। हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम रूस-यूक्रेन, हमास-इजरायल युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाये घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया।

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा धन्वंतरि देव की***

**यह** समुद्र मंथन से उत्पन्न धन्वंतरि का दूसरा जन्म था। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी वंश परंपरा में हमें दो वंशपरंपरा मिलती है। हरिवंश पुराण के अनुसार काश से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्व धन्वे से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ, भीमरथ से दिवोदास हुए जबकि विष्णु पुराण के अनुसार काश से काशेय, काशेय से राष्ट्र, राष्ट्र से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ और भीमरथ से दिवोदास हुए।

**वीरभद्रा के पुत्र धन्वंतरि**

**तृतीय :** गालव ऋषि जब प्यास से व्याकुल हो वन में भटकर रहे थे तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नाम की एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वे तो एक वेश्या है तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गये और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी वही धन्वंतरि कहलाये।

**विस्तार :** उपरोक्त में से प्रथम दो कथाएं ज्यादा मान्य है। प्रथम कथा के अनुसार देवता एवं दैत्यों के सम्मिलित प्रयास के शांत हो जाने पर समुद्र में स्वयं ही मंथन चल रहा था जिसके चलते भगवान धन्वंतरि हाथ में अमृत का स्वर्ण कलश लेकर प्रकट हुए। विद्वान कहते हैं कि इस दौरान दरअसल कई प्रकार की औषधियां उत्पन्न हुईं और उसके बाद अमृत निकला। हालांकि धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्व भर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव-गुण को प्रकट किया।

(क्रमशः)

# चुनाव में ही कांग्रेस को क्यों याद आते है मंदिर



मृत्युंजय दीक्षित

***भारतीय*** राजनीति में मुस्लिम तुष्टिकरण को चुनाव जीतने का मंत्र माना जाता रहा है किन्तु 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने और फिर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या पर मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय दिये जाने के बाद स्थितियों में बड़ा बदलाव आया है। कुछ वर्ष पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, 'रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनायेंगे' और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, 'रामलला हम आयेंगें मंदिर वहीं बनायेंगें किंतु तारीख नहीं बताएंगे'। अब सब कुछ परिवर्तित हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ जाने के बाद अयोध्या नगरी में दिव्य-भव्य गगनचुम्बी राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। रामलला के विराजमान होने की तिथि भी आ गई है। आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने अस्थायी मंदिर से नये मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा के सभी प्रचारक अयोध्या की बात कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में इस वजह से कांग्रेस असहज महसूस कर रही है। वजह यह है कि भाजपा की ओर से अब केवल यह कहा जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ी बाधक कांग्रेस ही रही है। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बड़े नेता चुनाव सभाओं में जनता-जनार्दन को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए शाह ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना शुरू की जायेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में रामराज्य का आरम्भ होगा, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। राजस्थान में भी भाजपा की ओर से समग्र हिन्दुत्व की विचारधारा व उसके विकास को समाहित करते हुए चुनाव प्रचार किया जा रहा है। राजस्थान में नाथ संप्रदाय का बहुत महत्व है और जनसंख्या के आधार पर कुछ सीटों पर वह असरकारी भी है। यही कारण है कि योगी अपना चुनाव अभियान अजमेर में उसी जगह से प्रारम्भ किया जहां पर प्रशासन ने 300 साल पुराने एक शिव मंदिर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख घोषित होने से सेक्युलर दलों में तनाव है और यही कारण है कि उनकी ओर से भी लगातार अजब-गजब बयान आ रहे हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कारण मुस्लिम समाज को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। हताश कांग्रेस ,सपा, बसपा सहित आदि के नेता कहने लगे हैं कि राम तो सभी के हैं। इस बीच भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिंदू बनाम हिंदुत्व और तपस्वी बनाम पुजारी में घृणित और विकृत मानसिकता के साथ भेद पैदा करने वाले राहुल गांधी अब अपने आप को उदार हिंदू के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान अचानक केदारनाथ जाना इसी ओर इशारा करता है। राहुल गांधी के बारे में सभी जानते हैं कि वह विदेशों में जाकर हिंदू धर्म का अपमान ही करते हैं। मंदिरों के विषय में विकृत बयानबाजी करते रहे हैं। राहुल गांधी यह तक कह चुके हैं कि हिंदू लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। अब राहुल गांधी हिंदू समाज को विभाजित करने के लिए जातिगत जनगणना का अभियान भी चला रहे हैं। जब ज्ञानवापी प्रकरण में हिंदू पक्षकारों ने शिवलिंग मिलने का दावा किया तब कांग्रेस उसे फव्वारा बता रही थी । तमिलनाडु के द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन हिंदू समाज के उन्मूलन की बात पर गांधी परिवार को सांप सूंघ गया था। अब अचानक ऐसा क्या हो गया कि राहुल गांधी अपना सारा काम छोड़कर केदारनाथ धाम पहुंच गये। छत्तीसगढ़ की राजनीति में महादेव ऐप का विवाद चल रहा है जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि घोटालेबाजों ने महादेव को भी नहीं छोड़ा।

**कुछ वर्ष पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, 'रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनायेंगे' और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, 'रामलला हम आयेंगें मंदिर वहीं बनायेंगें किंतु तारीख नहीं बतायेंगे'।**

**मंदिर**


## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने समावेशी व्यापार का महत्वपूर्ण योगदान



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तर पर पिछले कुछ वर्षों से ऐसे नकारात्मक कारक जैसे कोविड-19, रूस यूक्रेन युद्ध इजराइल हमास युद्ध जैसे अनेकों कारक हर साल आ रहे हैं जिससे दुनियां के व्यापार उद्योग क्षेत्र में मंदी का दौर चल पड़ा है। अनेक विकसित राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाएं कुछ ठीक नहीं चल रही है जिसका सापेक्ष उदाहरण अमेरिका ब्रिटेन जैसे कुछ देश हम देख सकते हैं, परंतु भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था इससे कहीं अधिक ठीक चल रही है, इसीलिए ही भारी कोविड परिस्थितियों में भी ब्रिटेन को पछाड़कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना जो अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। परंतु नीति निर्धारकों को इस बात को रेखांकित करना जरूरी है कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का महत्वपूर्ण पहिया या कारक भारतीय व्यापार उद्योग क्षेत्र है जिनकी पैठ देशी विदेशी व अंतराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र को समावेशी व्यापार के रूप में तेजी से विकसित करना होगा और व्यापार व्यवसाय उद्योग को आने वाली कठिनाइयों चुनौतियों शासकीय कठोरता का समाधान करना होगा क्योंकि व्यापार व्यवसाय उद्योग क्षेत्र भी विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की सीढ़ी पर चढ़ने के मुख्य पाहियों में से एक है। जैसे कि जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके और हर व्यापारी उद्योगपति भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और विकसित राष्ट्र की उपाधि दिलाने में का संकल्प कर माननीय पीएम के आह्वान आत्मनिर्भर भारत को साकार कर भारतीय उपयोगकर्ताओं पर इस विचार की तेजी से पैठ के लिए लोकल का लोकल की थीम पर आगे बढ़े। परंतु अगर यह क्षेत्र अपनी समस्याओं में ही उलझा रहा तो देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देरी होगी। हमने देखा है कि अनेक राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अपने-अपने क्षेत्र के मंत्रियों प्रशासकीयअधिकारियों से मिलकर समस्याये बताते हैं। हमारी गोंदिया नगरी में भी जिला व्यापारी संगठन अपनी असुविधाओं समस्याओं के समाधान के लिए अभी हाल ही में कुछ दिनों पूर्व प्रशासन व सांसद से मिला था। मेरा मानना है कि इस वर्ग की समस्याओं के समाधान में सरकारों को प्राथमिकता देना समय की मांग है, क्योंकि विजन 2047 और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनाना है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विकसित राष्ट्र भारत के लक्षों को प्राप्त करने समावेशी व्यापार की चुनौतियों कासमाधान केंद्र व राज्य सरकारों को देना जरूरी है। साथियों बात अगर हम इसी उपरोक्त विषय से संबंधित दिनांक 7 नवंबर 2023 को नीति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला की करें तो, विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार पर एक विषयगत कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्रों में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के परिणामों की घरेलू पहुंच, स्वामित्व और कार्यान्वयन को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस विषयगत कार्यशाला का आयोजन भारत की जी-20 अध्यक्षता वाले शिखर सम्मेलन के तहत नई दिल्ली लीडर्स घोषणा (एनडीएलडी) की अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में किया गया था। नीति आयोग के माननीय सदस्या ने मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन शीर्षक वाले पहले सत्र को संबोधित किया करते हुए श्रम-गहन आपूर्ति श्रृंखलाओं, नीति निर्धारण के लिए संस्थागत कारकों और कराधान प्रणाली को सरल बनाने तथा एमएसएमई के लिए एककृत भुगतान, रिफंड और निर्यात ऋण प्रणाली को विशेष रूप से मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके।**

**अर्थव्यवस्था**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# लक्ष्मी की कृपा वहीं होती जहां स्वच्छता रहती है

कुछ ही दिनों में दिवाली के पावन पर्व की शुरूआत होने जा रही है। दिवाली से पहले घर की अच्छी तरह से साफ- सफाई की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दिवाली में घर की साफ- सफाई करने से घर में मां लक्ष्मी का वास होता है। दिवाली शायद पूरे भारत में सबसे अधिक प्रतीक्षित त्योहार है। यह साल का वह समय है जब परिवार दूर-दूर से आनंद लेने के लिए एक साथ आते हैं। लेकिन, यह सब होने से पहले, घरों को अच्छी तरह से साफ किया जाना चाहिए। हर दिन झाड़ू-पोछा किया जाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हो सकता है।



दिवाली के लिए अपने घर को तैयार करने के लिए, आपको उन जगहों पर ध्यान देने की जरूरत है जिन पर आप आमतौर पर ध्यान नहीं देते हैं। अपने क्यूरियोस, वैक्यूम शेल्फों पर धूल छिड़कें, तस्वीरें लें और अपने सभी फ्रेमों के पिछले हिस्से को पोंछ दें। गीले या सूखे कपड़े का उपयोग करना बेहतर हो सकता है। यदि आप चाहते हैं कि कार्य आसान हो तो गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनर का उपयोग करें। इस तरह, आप छोटे कोनों और दरारों तक भी पहुंच सकते हैं। अपनी पेंट्री, अलमारी और दराजों को साफ करके शुरूआत करें। जब आप एक्सपायर हो चुकी दवाओं, मसालों, ऐसे कपड़ों आदि से छुटकारा पा लेते हैं जो अब आपको फिट नहीं आते, आदि, तो आप नई चीजों के लिए जगह बनाते हैं। उन चीजों की तलाश करें जिनका आप उपयोग नहीं करते हैं, लेकिन बस उन्हें पकड़े हुए हैं क्योंकि आप उन्हें बाहर फेंकने के लिए खुद को तैयार नहीं कर सकते हैं। ऐसी चीजें जिनकी आपको अब आवश्यकता नहीं है या उपयोग नहीं है लेकिन फिर भी दूसरों द्वारा उपयोग किया जा सकता है, उन्हें दान किया जा सकता है। दिवाली मां लक्ष्मी की कृपा पाने का पर्व है। लक्ष्मी की कृपा वहीं होती है जहां स्वच्छता रहती है। आपको इस पर्व से पहले अपने घर से कुछ अनावश्यक और बेकार वस्तुओं को बाहर निकाल देना चाहिए ताकि आप भी संपन्नाता के इस पर्व पर सौभाग्य पा सकें। माना जाता है कि देवी लक्ष्मी को साफ-सफाई और उजाला बहुत पसंद है। जो घर साफ-सुथरा रहता है उस घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है। धनतेरस और दिवाली से पहले घर की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर के कुछ हिस्से ऐसे होते हैं जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**दिवाली शायद पूरे भारत में सबसे अधिक प्रतीक्षित त्योहार है। यह साल का वह समय है जब परिवार दूर-दूर से आनंद लेने के लिए एक साथ आते हैं। लेकिन, यह सब होने से पहले, घरों को अच्छी तरह से साफ किया जाना चाहिए। हर दिन झाड़ू-पोछा किया जाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हो सकता है। दिवाली के लिए अपने घर को तैयार करने के लिए, आपको उन जगहों पर ध्यान देने की जरूरत है जिन पर आप आमतौर पर ध्यान नहीं देते हैं।**

❖ डा. राजेश कुमार

# सफाई के साथ अपने मन व विचारों को भी साफ करें

हिन्दुओं के सभी त्योहार ऋतुओं से संबंधित हैं। आप जानते हैं कि वर्षा ऋतु के बाद सबसे बड़ा त्योहार दीपावली ही आता है। वर्षा ऋतु में कितनी गंदगी होती है, सबको पता है। कीड़े-मकोड़े पनप जाते हैं। दीवारों पर काई जम जाती है। तो दीपावली वार्षिक साफ-सफाई का त्योहार है। सफाई भी कई तरह की होती है जैसे दैनिक, साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक। दीपावली वार्षिक सफाई का अवसर है जो वर्षा ऋतु के फौरन बाद जरूरी है। इसीलिए हम सब दीपावली आने से कुछ पहले ही घरों की गहन सफाई में जुट जाते हैं, साल भर का जमा कूड़ा-करकट और रद्दी निकाल कर कबाड़ी को बेच देते हैं। फिर उसके बाद आपको घर के सभी जगह को अच्छे से साफ करना होगा और एक एक समान को अच्छे से साफ करना होगा जिससे आपका घर बहुत ही अच्छे से दिखने लगेगी। दीपावली के नाम से भी जाना जाने वाला यह खूबसूरत त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। दिवाली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द दीपावली से हुई है जिसका अर्थ है रोशनी की पंक्ति। इसलिए, दिवाली के दौरान, लोग यह दिखाने के लिए अपने घरों को रोशनी, मोमबत्तियों और



दीयों से सजाते हैं कि कैसे रोशनी दुनिया से अंधेरे को मिटाने की शक्ति रखती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, दिवाली 14 साल के वनवास से भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। दिवाली की तारीख हिंदू कैलेंडर के अनुसार तय की जाती है और यह आम तौर पर अक्टूबर या नवंबर के महीने में आती है। दिवाली आमतौर पर दशहरे के 20 दिन बाद आती है। दिपावली पर्व में नयी उपयोगी चीजें लाते हैं। अपने घर को सजाते हैं, दीपों को रौशन कर अन्धाकर को खत्म करते हैं। इन सबके बीच हम कभी ऐसा क्यों नहीं करते कि घर की सफाई के साथ-साथ अपने मन को भी अपने वचारों को भी साफ करें। उनमे भी स्वच्छता और शुद्धता का प्रवाह करें। पुराने अनुपयोगी विचारों को बाहर करों और नए उर्जावान और सकारात्मक विचारों से अपने मन को अपने चिंतन को सजाएं। ऐसा करके तो देखें दीपावली का आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। जिस प्रकार इस भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में हमें रोज विधिवत सफाई का मौका नहीं मिलता वैसे ही हमें अपने विचारों को भी सकारात्मक बनाने का भी अलग से वक़्त नहीं मिलता। इसलिए दिवाली का ये समय ऐसा करने का सबसे अच्छा अवसर है। क्योंकि इस समय हर तरफ स्वच्छता पर जोर होता है। हमारा पूरा वातावरण, आस-पड़ोस हर एक चीज साफ-सुथरी और शुद्ध होने का प्रयास कर रही होती है। यह एक तथ्य भी है कि बाहरी वातावरण का प्रभाव हमारे अन्दर की सोच पर भी पड़ता है। अतः जब बाहरी वातावरण में सकारात्मकता हो तो यही समय अपने अन्दर की सफाई के लिए भी सबसे अच्छा-खासा दिन होता है।

❖ सुरेन्द्र कुमार

# वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है

दिवाली मनाने के लिए पांच दिन समर्पित हैं। ये पांच दिन हैं धनतेरस, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज। दिवाली एक ऐसा त्योहार है जहां लोग सरस्वती, लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सफलता और धन की प्राप्ति होती है। लोगों ने शाम की पूजा के बाद रोशनी फैलाने के लिए मोमबत्तियां और दीये जलाएं जाते हैं। इसके अतिरिक्त, कई लोग अपने घरों को सजाने के लिए रंगोली और जीवंत रोशनी का उपयोग करते हैं। साथ ही छुट्टियों की तैयारी के लिए दिवाली से कई दिन पहले घरों, दुकानों और कार्यस्थलों की सफाई शुरू हो जाती है। सफाई कई प्रकार ही होती है। दैनिक सफाई, साप्ताहिक सफाई, मासिक सफाई और वार्षिक सफाई। कुछ कारणों से वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है। ज्यादातर गंदगी आद्रता के कारण पैदा होती हें, इसलिए बरसात के बाद घर सफाई जरूरी हो जाती है। चूंकि बरसातों में घर दीवारें गंदी हो जाता हैं। आजकल तो कई बरसो तक चलने वाले पेंट आ गए लेकिन पुताई वाले जमाने में ऐसा होता था। इसलिए घर को रंग रोगन करवाया जाता है और इसी बहाने सारा समान इधर उधर किया जाता है। सामान को धूप आदि दिखाई जाती है जो सफाई के बहाने धूप हवा में रखने से किटाणुओं के नाश का कारण बनती है। फिर समेटते समय आगे काम आने वाला सामान घर में रख लिया जाता है। वहीं बेकार समान तो फेंक कर उसके बदले नया सामान लाया जाता है। दिवाली में तरह-तरह की घर की सजावट की जाती हैं। दीपावली में पकवानों का विशेष महत्त्व हैं। विशेष तरह के मीठे तथा नमकीन पकवान बनाये जाते हैं। जिसका विचार कई दिनों से कर लिया जाता है। दीपावली में नयें वस्त्रों का महत्व है परिवार का हर व्यक्ति नये कपडें पहनकर पूजा करता है। कई उपहार खरीदे जाते हैं। जिन्हें दोस्तों, रिश्तेदारों में प्रेम के साथ दिया जाता हैं। आज के आधुनिक वक्त में दीपावली भी आधुनिक तरीके से मनाई जाती हैं उच्च परिवार कई दिनों तक विशेष पार्टी करता हैं। जिसमे वे सभी से मुलाकात करते हैं जिनसे पारिवारिक, व्यापारिक एवम् अन्य संबंध बेहतर बनते हैं। दीपावली के बाद सभी अपने खास सम्बंधी एवं दोस्तों के घर जाते हैं बड़ो का आशीर्वाद लिया एवं छोटो को आशीष दिया जाता है। इसके पहले नवरात्रि के नौ दिन के उपवास के बाद शरीर पूरे तरीके से साफ हो जाता है जिससे ध्यान कर्म करने में आराम हो जाता है। उसके बाद के दिनों में अंतर्मन में रोशनी और मन की सफाई से परमात्मा के साथ जुड़ाव करना होता है।

**दिवाली एक ऐसा त्योहार है जहां लोग सरस्वती, लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सफलता और धन की प्राप्ति होती है। लोगों ने शाम की पूजा के बाद रोशनी फैलाने के लिए मोमबत्तियां और दीये जलाएं जाते हैं।**

❖ गुड्डू कुमार

# सफाई करने के साथ बेकार समानों को बाहर निकालें

दिवाली से पहले घर की अच्छी तरह से साफ- सफाई की जाती है। क्योंकि कुछ ही दिनों में दिवाली के पावन पर्व की शुरूआत होने जा रही है। सुनिश्चित करें कि आप अपने लिनेन को ताजा और महकदार बनाए रखने के लिए फैब्रिक सॉफ़्नर का उपयोग करें। दरवाजे या खिड़कियों के शीशे या कांच अगर धुंधले हो गए हों तो उन्हें बदलवा देना चाहिए। क्योंकि धुंधले कांच से घर में प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं हो पाता है। घर में बिस्तरपेटी के अंदर अगर पुराने कपड़े और पुराना बिस्तर हो तो उसे भी दिवाली के पहले साफ कर लेना चाहिए। इससे नकारात्मकता बीमारी पैदा होती है। कम से कम उन्हें धूप तो दिखा ही लें। साथ ही सफाई करने के साथ साथ बेकार समान को बाहर निकालें। आप घर पर पड़े बेकार कपड़ों को भी हटा दें। अगर पुराने कपड़े फेंकने लायक नहीं हैं तो उन कपड़ों को किसी बैग में पैक करके रख दें। सफाई के दौरान दो से तीन कपड़ों का इस्तेमाल करें। दो से तीन कपड़ों का इस्तेमाल करने से सफाई अच्छे तरह से होगी और आपका घर चमक उठेगा। इसके साथ ही सफाई के लिए ब्रेश, डिटर्जेंट का इस्तेमाल भी करें। घर में सफाई करने से पहले पर्दे, कुशन कवर, कार्पेट को हटा दें। अगर आप सफाई से पहले इन चीजों को नहीं हटाएंगे तो इन चीजों में धूल बैठ जाएगी। घर की सफाई करते समय सबसे पहले पंखों की सफाई करें। पंखों की सफाई करने के बाद घर के फर्नीचर और स्विच बोर्ड की सफाई करें। कोशिश कीजिए कि इस दिवाली से आप अपने घर में सभी चीजों को एक नियत स्थान पर रखेंगे। जिस व्यक्ति के घर में सामान बिखरा रहता है उसे कई प्रकार के मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इससे घर में नकारात्मक प्रभाव बढ़ता है और आपसी मनमुटाव भी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के ईशान कोण को सबसे अहम जगह माना गया है। इसे देवताओं का विशेष स्थान माना गया है। घर के किचन और पूजा घर इसी दिशा में बनाए जाते हैं। धनतेरस और दीपावली के दिन ईशान कोण की अच्छे से सफाई कर लेनी चाहिए। घर के ईशान कोण में कोई भी फालतू की चीज न रखें। माना जाता है कि घर का ईशान कोण साफ-सुथरा हो तो मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की कृपा बनी रहती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। घर का दूसरा सबसे अहम हिस्सा होता है। ब्रह्म स्थान घर के बीच का हिस्सा होता है। घर के इस हिस्से को हमेशा खुला और हवादार रखना चाहिए। ब्रह्म स्थान से भारी फर्नीचर हटा दें और कोई भी फालतू चीज यहां ना रखें। दिवाली की सफाई में घर की पूर्व दिशा का जरूर ध्यान रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा इसी दिशा से आती है। इसलिए धनतेरस और दिवाली के दिन सुबह-सुबह ही घर की पूर्व दिशा को साफ कर लेना चाहिए। घर की इन जगहों को साफ-सुथरा रखने से घर में माता लक्ष्मी का वास होता है।

**जिस व्यक्ति के घर में सामान बिखरा रहता है उसे कई प्रकार के मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक तनाव का सामना करना पड़ता है।**

❖ गोलू कुमार

# सजावटी वस्तुओं, आलमारी, किचन, बिस्तर-सोफे, सबसे अंत में फर्श साफ करें

दीपावली पर साफ-सफाई इसलिए की जाती है की लक्ष्मी घर में वास करें। दीपावली पर साफ सफाई करने से घर में सकारात्मकता भी आती है दीपावली पर लोग ना सिर्फ साफ सफाई करते हैं बल्कि अपने घरों को सजाते भी हैं। मान्यता है कि साफ-सुथरे घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है। इससे हमारी धार्मिक भावनाएं जुड़ी है। इसे न केवल राम के वनवास से लौटने की तयारी माना जाता है। इसके आगे पीछे कई संबन्धित त्योहार जुड़े रहते हें जैसे धनतेरस, लक्ष्मी पूजन, भाई दूज आदि। इसलिए इन सबका स्वागत करने के लिए घर की साफ सफाई की जाती है।
इसलिए लोग पूरे मन से दिवाली पर घर की साफ सफाई करते हैं। एक दिन में पूरे घर की सफाई थकाऊ काम होता है। इसलिए थोड़ा-थोड़ा करके रोज सफाई करें, तो यह काम आसान हो जाएगा। इसके लिए सबसे पहले बाहरी हिस्से और ऊपर की तरफ से सफाई करना शुरू करना चाहिए। फिर सजावटी वस्तुओं, आलमारी, किचन, बिस्तर-सोफे और फिर सबसे आखिरी में फर्श। अगर आपका घर भूतल पर है, तो सबसे पहले बाहर की घास काटें, कचरा आदि हटाएं। घर की दीवारों की भी सफाई प्रायः नहीं हो पाती। इसके लिए वाइपर में कपड़ा लपेट कर दीवारों की धूल हटाएं। अगर दीवारों पर प्लास्टिक पेंट कर रखा है, तो उन्हें गीले कपड़े से भी पोंछ सकते हैं। इसी तरह खिड़कियों के कांच, उनके फ्रेम को भी सावधानी से रगड़ कर साफ करें। बत्तियों के कवर को सावधानी से उतारें और सर्फ मिले गरम पानी से धोकर उन्हें सुखा लें। उनकी फिटिंग्स को भी सूखे और गीले कपड़े से पोंछ कर साफ कर के सजाएं की देखने में खूबसूरत लगने लगे। जिस प्रकार इस भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में हमें रोज विधिवत सफाई का मौका नहीं मिलता। वैसे ही हमें अपने



विचारों को भी सकारात्मक बनाने का भी अलग से वक़्त नहीं मिल पाता। इसलिए दिवाली का ये समय ऐसा करने का सबसे अच्छा अवसर है। क्योंकि इस समय हर तरफ स्वच्छता पर जोर होता है। हमारा पूरा वातावरण, आस-पड़ोस हर एक चीज साफ-सुथरी और शुद्ध होने का प्रयास कर रही होती है। यह एक तथ्य भी है कि बाहरी वातावरण का प्रभाव हमारे अन्दर की सोच पर भी पड़ता है। अतः जब बाहरी वातावरण में सकारात्मकता हो तो यही समय अपने अन्दर की सफाई के लिए भी सबसे अच्छा है।
इससे हम कोई इनकार नहीं कर सकते की बाहरी स्वच्छता ही नहीं आंतरिक स्वच्छता भी महात्वपूर्ण है। कमोबेश हमारे मन की स्थिति भी सामान जैसी ही रहती है। उसमें अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी असंख्य विचारों का तांता लगा रहता है। विचारों का प्रवाह इतना तीव्र होता है कि हमें पता ही नहीं चलता कि कौन सा विचार उपयोगी है और कौन सा नहीं। इसके कारण हमारे लक्ष्य हमेशा अस्पष्ट रहते हैं जीवन में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती।

❖ उर्मिला कुमारी

## दिवाली पर सफाई की परंपरा काफी पुरानी

दिवाली आ रही है। इस त्योहार में घर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। माना जाता है कि इस त्योहार में पवित्रता न रखी जाए तो सुख-समृद्धि नहीं आती। इसलिए लोग महीने भर पहले से घर-दुकान आदि की सफाई में लग जाते हैं। कुछ लोग पूरे घर की रंगाई-पुताई कराते हैं, तो कुछ सिर्फ धुलाई-सफाई करते हैं। घर के फर्श और गुसलखाने की सफाइयों तो रोज होती है, पर देखा जाता है कि कोनों में और बाथरूम की दीवारों, कांच वगैरह पर साबुन की चिकनाई वाली परत चढ़ जाती है। इसे साफ करने के लिए थोड़ी मेहनत की जरूरत होती है। बाल्टी भर गरम पानी में डिटर्जेंट डालें, कुछ नीबू का रस भी मिला लें। फिर बर्तन धोने वाले स्क्रबर की मदद से फर्श के कोनों और बाथरूम की दीवारों, टाइलों पर मलते हुए जमी हुई मैल को छुड़ाएं। फिर पानी डाल कर वाइपर की मदद से पानी हटाएं और पोंछा लगा कर सुखा लें। फर्श की सफाई करते समय बिस्तर, सोफे, डाइनिंग टेबल और खिसकाई जा सकने वाली आलमारियों, कुर्सी-मेज आदि को हटा कर ही सफाई करें। क्योंकि इनके नीचे रोज ठीक से सफाई नहीं हो पाती, जिससे गंदगी जमती रहती है। दिवाली पर सफाई की परंपरा काफी पुरानी है जो भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है। इसके पीछे भी एक वाजिब कारण है। दिवाली के कुछ दिन बाद ही देवउठनी ग्यारस से शुभ कार्यों के मुहूर्त भी शुरू हो जाते हैं। उसके लिए भी घर की सजावट जरूरी है इसलिए दिवाली का वक्त अधिक उपयुक्त है घर की साफ सफाई के लिए दिवाली की सफाई आपके घर के साईज पर निर्भर करती है। यदि आपने कई महिनो से या साल भर से नहीं किया है तो आप अभी से लग जाईए। क्यों की सबसे पहले आप एक- एक रुम का चयन कर उसे साफ करें।

❖ डौली कुमारी

## काव्य कोना

### मर्माहत

स्त्रीत्व की व्यथा
रेणुका की व्यथा
रेणुका की कथा
भार्गव के परशु की कथा
जमदग्नि का कोप
भार्गव का अन्तर्द्वन्द्व
या त्रासदी भार्गव की।

स्त्रीत्व की व्यथा
कुन्ती का असमंजस
रंगशाला में कौन्तेय की धूम
विघ्न- राधेय का आगमन
वाक-युद्ध , मर्मांतक वाक-युद्ध
मुर्छित कुन्ती
ज्येष्ठ कौन्तेय राधेय की व्यथा
त्रासदी की शुरूआत राधेय की
कुन्ती की व्यथा
स्त्रीत्व की व्यथा

❖ नाग मणि

# कहते हैं लक्ष्मी साफ सुथरे स्थान में ही वास करती हैं

दीपावली सुख-समृद्धि के आहवान का पर्व है। लक्ष्मी की पूजा की जाती है। कहते हैं दीपावली के दिन लक्ष्मी साफ-सुथरे घरों में ही प्रवेश करती हैं गंदे घरों में नहीं। घर साफ-सुथरा और स्वच्छ है तो उसमें रहने वाले भी स्वस्थ और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होते हैं। दिवाली से कई हफ्ते पहले से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। तैयारी शुरू करने के लिए, लोग अपने घर और कार्यस्थल की सफाई करना शुरू कर देते हैं। जिसकी शुरूवात घर की साफ सफाई से की जाती हैं। त्योहार की खुशी में साल भर का कूड़ा घर से बाहर कर दिया जाता हैं। कहते हैं लक्ष्मी साफ सुथरे स्थान में ही रहती है, इसलिए लोग अपने पूरे घर की विशेष सफाई करवाते हैं। यदि आपको साफ सफाई रंग रोगन करवाना है तो वो सबसे पहले कीजिये। जैसे आपको ज्यादा टाईम है तो जहां ज्यादा जरूरत है वहां कीजिये। जरूरी नहीं एक ही दिन में एक रुम साफ हो जाए। जैसे बेडरूम करते समय आप बेड या अलमारियों के फाल्तू समान निकाल कर साफ सफाई करनी चाहिए। किसी दिन सारे पर्दे और कवर, चादर धो डालिए। कभी घर के कांच के समान को समय दीजिये। बाथरूम के समान के साथ सभी टाईल्स को चमका दीजिये। घर के अंदर और बाहर भी जाले निकाल दीजिये। फर्श की सफाई तो रोज होती है, पर छत की कभी नहीं होती, जिसकी वजह से उस पर गंदगी जम जाती है। खासकर बरसात की नमी में गंदा कुछ ज्यादा जमती है। छत के कोनों में मकड़ियां आदि जाले बना लेती हैं। इसलिए छत की सफाई पहले करें। इसके लिए लंबे डंडे के वाइपर में कपड़ा लपेट कर सफाई करें। फिर पंखों की पत्तियों को साफ करें। सबसे अधिक धूल-मिट्टी-कालिख उन्हीं पर जमा होती है। इसलिए बेहतर हो कि पंखों की पत्तियों को खोल कर गुनगुने पानी में सर्फ डाल कर इनकी सफाई करें। कई लोग टंगे हुए पंखे पर ही पत्तियों को साफ करते हैं। इससे पत्तियों के टेढ़ा होने का खतरा रहता है, सफाई भी ठीक से नहीं हो पाती। इसी तरह एसी के फिल्टर को निकाल कर धोएं और सर्फ वाले पानी भीगे गीले कपड़े से पूरे एसी को साफ करें। इस मौसम में कूलर का पानी सुखा कर उसकी जालियों की घास फेंक दें और उसे पूरी तरह सुखा कर ढक दें।

❖ बजरंगी कुमार

# दिवाली के दौरान व्यक्ति को स्वास्थ्य व नैतिक बदलाव की प्रेरणा मिलती है

दिवाली का त्योहार आने वाला है, दिवाली से पहले ही आकाश में प्रदूषण के धुंध की चादर फैली हुई है। दिवाली के त्योहार पर बढ़ते प्रदूषण का स्तर आपकी सेहत के लिए खतरा ना बन जाए इसलिए दिपावली पर्व आने से पहले फॉलो कर के आप पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएं बिना ही दिवाली का त्योहार साफ सफाई करने को तैयार रहीए। सफाई के साथ साथ घर में पेंट का भी कार्य हो रहा है। उन कमरों का सामान उसमें रखकर जमाने की प्रक्रिया चलती जा रही है। क्यों की दिवाली एक प्रमुख हिन्दू त्योहार है। जो हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। इसे दीपावली भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें दीपों की रात्रि में जगमगाहट होती है। दिवाली का मतलब होता है अच्छाई की विजय और बुराई के प्रति जीत। इसे लक्ष्मी माता की पूजा के साथ मनाया जाता है, जिससे संपत्ति और धन की कामना की जाती है। यह



त्योहार आपसी सदभावना, धार्मिकता, और परिवारिक एकता का प्रतीक है। दिवाली के दिन, हम दीपों को जलाते हैं, मिठाइयों का सेवन करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। इस त्योहार का महत्व हमारे सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा होता है और खुशियों का संदेश लेकर आता है। सभी पर्व एवं उत्सवों के अपने सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक महत्व होते हैं दिवाली को मनाने का भी आर्थिक महत्व हैं। कार्तिक अमावस्या की लक्ष्मी पूजा के बाद ही व्यापारी लोग अपने नये बही खाते की शुरूआत करते हैं। सेठ साहूकारों द्वारा इस दिन तक अपने वर्ष भर के उधारी हिसाब किताब को पूरा करने का यत्न किया जाता हैं। धनतेरस से ही बाजार की सभी दुकाने पटाखे, मिठाइयों तथा कपड़ों से सज धज जाती हैं। दुकानदार तथा कम्पनियां ग्राहकों को आकर्षक ऑफर देती हैं। इस तरह से सोने चांदी, वाहनों, कपड़े तथा मिठाई में साल भर की सबसे अधिक बाजार में तेजी दीवाली के उत्सव पर ही होती हैं। दिवाली इस बात पर प्रकाश डालती है कि हम वास्तव में कौन हैं। दिवाली की रोशनी हमारे सभी बुरे इरादों और विचारों को मिटाने और अधिक गहन, आंतरिक रोशनी के लिए आगे बढ़ने का समय भी दर्शाती है। दिवाली का त्योहार आत्मा के पुनर्जन्म का प्रतिनिधित्व करता है। दिवाली के दौरान, व्यक्ति को एक स्वस्थ और नैतिक व्यक्ति बनने के लिए बदलाव करने की प्रेरणा मिलती है, जो काम में अधिक आध्यात्मिक और उत्पादक होता है। इस लिए वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है। ज्यादातर गंदगी घर को साफ-सफाई जरूरी हो जाती है। चूंकि वर्षा के चलते घर दीवारें गंदी हो जाती हैं। इसलिए घर को रंग रोगन करवाया जाता है और इसी बहाने सारा समान इधर-उधर कर दिया जाता है।

❖ अंकित कुमार

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# कांग्रेस के विकास मॉडल में हर चीज थी लापता : मोदी

## नीतीश कुमार के बयान पर प्रधानमंत्री बोले- कितना नीचे गिरेंगे



**एजेंसी। गुना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में विकास का जो मॉडल विकसित किया था, वो था लापता मॉडल। बिजली-लापता, सड़क-लापता, पानी-लापता, रोजगार-लापता, गरीबों का घर लापता। कांग्रेस के लापता मॉडल में विकास भी लापता था। कांग्रेस राज में नौजवानों के भविष्य लापता था। कांग्रेस राज में किसानों का कल्याण लापता था।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुना में तीन जिलों-गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश कुमार के बयान को भद्दा बताते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन के बड़े नेता कितना नीचे गिरेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने मंच पर आते ही अपने चिरपरिचित अंदाज में जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि ग्वालियर-चंबल का मूड ऊर्जा से भरा हुआ है। आपको यह याद रखना है कि जहां-जहां कांग्रेस सरकार होती है, वहां वो हर योजना पर रोड़े अटकाती है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब मप्र की भाजपा सरकार के साथ भेदभाव किया जाता था। लेकिन 2014 में आपने हमें सेवा का मौका दिया।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद मप्र के विकास ने असली तेजी पकड़ी है। आज मध्य प्रदेश में एक तरफ डबल इंजन की सरकार है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं : पीएम

**दमोह।** प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने कांग्रेस को मौका दिया था। जनता को पता ही नहीं था कि प्रधानमंत्री कर क्या रहे हैं, क्योंकि वह रिमोट से चला करते थे। कांग्रेस की रिमोट कंट्रोल करने की आदत नहीं गई है। आजकल कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं। जब कभी रिमोट की बैटरी खत्म हो जाती है, उनके मुंह से कुछ अच्छी बातें निकल जाती है। कल ही उन्होंने अपने भाषण में पांडव को याद किया। मतलब सनातन को याद किया। जब रिमोट चलता है तो सनातन को गाली देते हैं। रिमोट बंद हो गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा में पांच पांडव हैं। जब सच बोलते हैं तो ऐसे ही बातें मुंह से निकलती हैं। हमें गर्व है हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दमोह में क्षेत्र के आठ भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनना तय है। गांव हो या शहर, पुरुष हो य स्त्री सभी कहते हैं एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के मन में मोदी के लिए स्नेह है।

# जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमें देश में जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत है। आज हम खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर हैं लेकिन अब समय है कि हम जैविक उत्पाद को देश-दुनिया तक पहुंचाएं। इस दिशा में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) किसानों को मदद करेगी। यह संस्था किसानों के उत्पाद को खरीदने से लेकर पैकेजिंग, मार्केटिंग, भंडारण, वितरण आदि में मदद करेगी। किसानों के उत्पाद के प्रमाणन में भी एनसीओएल सहयोग करेगी।

शाह ने बुधवार को एनएएससी कॉम्प्लेक्स, आईसीएआर कन्वेंशन केन्द्र, पूसा में आयोजित राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के माध्यम से 'जैविक उत्पाद को बढ़ावा' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि जैविक खेती को लेकर एक भ्रम था कि इससे उपज कम होती है लेकिन आज कई किसानों ने यह भ्रम तोड़ा है। जैविक खेती कर किसानों ने उपज के साथ आय भी बढ़ाई है। देश में इसके अनेक सफल मॉडल हैं। केन्द्र सरकार भी जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। इसीलिए मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का गठन किया था। इसके माध्यम से देश-दुनिया में भारतीय जैविक उत्पादों को पहुंचाया जाएगा। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में जैविक उत्पाद के क्षेत्र में एनसीओएल एक भरोसेमंद ब्रांड बनेगा। आज इसके 06 जैविक उत्पाद लांच हुए हैं। आने वाले दिनों में एनसीओएल भारतीय जैविक उत्पादों को पूरी दुनिया में पहुंचाएगी। यह एक भरोसेमंद ब्रांड बनेगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता को मजबूत करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। देश के लगभग 90 फीसदी लोग किसी न किसी तरह सहकारी आंदोलन से जुड़े हैं। हमें मिलकर जैविक खेती के लिए माहौल तैयार करना है। सरकार की ओर से इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। शाह ने किसानों से अनुरोध किया कि वह जैविक खेती की ओर रुख करें। रासायनिक खादों का उपयोग कम करें।



शाह ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का लोगो, वेबसाइट और ब्रोसर का शुभारंभ किया। इस दौरान शाह ने एनसीओएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस एकदिवसीय संगोष्ठी के दौरान एनसीओएल के उद्देश्यों, जैविक उत्पादों के महत्व के साथ-साथ छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुरूप भारत को जैविक उत्पादों में विश्व में अग्रणी बनाने के लिए एनसीओएल की स्थापना एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति के रूप में की गई है। सहकारिता मंत्रालय ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए पिछले 27 महीनों में 54 महत्वपूर्ण पहल की हैं।

## गागर में सागर

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में आईईडी विस्फोट, युवक घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार सुबह नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर युवक घायल हो गया है। घटना जिले के डब्बा-मरका इलाके में छोटे केड़वाल जाने वाले मार्ग पर हुई जहां नक्सलियों ने चुनाव के दौरान सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के मकसद से आईईडी लगाई थी। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि घायल युवक को इलाज के लिए सुरक्षाबलों के कैम्प लाया गया है।

### पंजाब में एक ही परिवार के तीन की गला घोंटकर हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले के एक गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की उनके घर में कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना का खुलासा बुधवार को हुआ। मृतकों की पहचान इकबाल सिंह (55), पत्नी लखविंदर कौर (53) और भाभी सीता कौर (60) के रूप में हुई है। एक अधिकारी के मुताबिक, हत्या के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिवार के साथ 20 साल से काम कर रहे घरेलू सहायक ने कहा कि हमलावरों ने उसका अपहरण कर लिया और पिटाई करने के बाद सतलुज नदी में फेंक दिया।

### महाराष्ट्र में संगमनेर जेल से चार कैदी खिड़की तोड़कर फरार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के संगमनेर जेल से बुधवार सुबह चार कैदी फरार हो गए। चारों के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या, डकैती जैसे गंभीर अपराध के मामले कई पुलिस स्टेशनों में दर्ज हैं। जेल प्रशासन ने इसकी शिकायत संगमनेर तहसील पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह संगमनेर जेल परिसर में चारों कैदियों ने पहले हंगामा किया। इसके बाद जेल सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर खिड़की तोड़कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि फरार कैदियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें रवाना की गई हैं। इस घटना से जिले में सनसनी फैल गई है।

## अयोध्या दीपोत्सव : 51 घाटों पर दीपों को सजाने का कार्य शुरू

**एजेंसी। अयोध्या**

दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25,000 से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुनः विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। विवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन से जारी पहचान-पत्र के साथ ही दीपोत्सव स्थल पर वालंटियर्स एवं अन्य का प्रवेश होगा। कुलपति ने बताया कि 9 नवंबर तक वालंटियर्स द्वारा घाट प्रभारी की देखरेख में सभी घाटों पर दीपों को बिछाने का कार्य संपन्न हो जाएगा। वहीं, 10 नवंबर को दीपों के सजाने व लक्ष्य प्राप्ति के बाद घाटों की साफ-सफाई व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा दीयों की गणना की जायेगी।

## साझेदारी : भारत में खोले जाएंगे दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के कैंपस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के वॉलोन्गॉन्ग और डीकिन विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने जा रहे हैं। ये दोनों ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय, गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने कैंपस खोलेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ गांधीनगर में वॉलोन्गॉन्ग और डीकिन विश्वविद्यालयों के भविष्य में बनने वाले परिसरों के स्थान का दौरा किया। मंत्रियों ने आरंभ (द बिगिनिंग) नामक एक कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें गिफ्ट सिटी में परिसरों के उद्घाटन की औपचारिक रूप से घोषणा की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय धरती पर विदेशी विश्वविद्यालयों का खुलना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की परिकल्पना के अनुरूप है। डीकिन विश्वविद्यालय और वॉलोन्गॉन्ग विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी पर प्रकाश डालते हुए दो देशों के बीच साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत में परिसरों के खुलने के साथ शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों सहित भविष्य की योजनाओं को साझा किया। प्रधान ने छात्र और शैक्षणिक समुदाय को नए 'आरंभ' के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में विदेशी विश्वविद्यालय परिसर भारत में अध्ययन की सुविधा प्रदान करेंगे और एनईपी 2020 में की गई परिकल्पना के अनुसार एक जीवंत, विविध और समावेशी शैक्षिक वातावरण भी बनाएंगे।



## संसद का शीतकालीनन सत्र दिसंबर के दूसरे सप्ताह से आरंभ हो सकता है: सूत्र

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर के दूसरे सप्ताह में आरंभ हो सकता है और क्रिसमस से पहले इसके समापन की संभावना है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के कुछ दिनों बाद यह सत्र शुरू हो सकता है। प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है। शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है और क्रिसमस (25 दिसंबर) से पहले समाप्त हो जाता है। संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है।

# भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन करने पर विरोध करूंगा : जयंत चौधरी

### ओलंपिक खेलों पर जितना खर्च होगा उतने से तो देश में ढाई लाख ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनवाकर उनमें कोच नियुक्त किए जा सकते हैं



**आरएनएम। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खेकड़ा के गांधी इंटर कॉलेज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया और पैरा ओलंपिक खिलाड़ी अंकुर धामा के परिजनों को बधाई देकर मोमेंटो भेंट किया' इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहते हैं। मैं इसका विरोध करता हूं, क्योंकि कॉमनवेल्थ गेम इंडिया में मोटा पैसा खर्च किया गया था, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार भी हुआ था। प्रधानमंत्री जितना पैसा ओलंपिक खेलों पर खर्च करना चाहते हैं, उससे देश में ढाई लाख ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनवाकर उनमें कोच नियुक्त किए जा सकते हैं। इससे युवा पीढ़ियों का रुझान खेलों की ओर बढ़ेगा। युवा मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। युवा पीढ़ी का रुझान खेलों की ओर बढ़ने से युवा नशाखोरी और अन्य गलत लतों से भी बच सकेगा। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा मिलने पर अपराधों पर भी अंकुश लग जाएगा, मेरे दादाजी ने भी इसलिए ऐसे खेलों का विरोध किया था। खिलाड़ी बजरंग पूनिया ने कहा कि एक सांसद बृजभूषण है जो खिलाड़ियों का अपमान करते हैं। दूसरे सांसद चौधरी जयंत सिंह हैं, जो खिलाड़ियों के लिए समर्पित हैं। सांसद निधि से खेकड़ा के गांधी इंटर कॉलेज में खिलाड़ियों के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण करा रहे हैं। स्टेडियम निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की पहली किस्त आ चुकी है। चौधरी जयंत सिंह खिलाड़ियों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## FILMY हलचल

### एल्विश यादव से नोएडा पुलिस ने की 3 घंटे तक पूछताछ, दूसरा समन भी जारी



**नोएडा** के सेक्टर-20 पुलिस स्टेशन में मंगलवार देर रात को यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव से तीन घंटे तक पूछताछ की गयी। यह पूछताछ रेव पार्टी व सांपों के जहर के इस्तेमाल के मामले में की गई। नोएडा पुलिस ने उन्हें मंगलवार को ही समन भी जारी किया था। देर रात पूछताछ के बाद दूसरा समन भी जारी किया गया है। नोएडा के पुलिस उपायुक्त हरिश्चन्द्र ने बुधवार को बताया कि एल्विश यादव को दोबारा पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए राहुल समेत पांच आरोपितों की कोर्ट से पुलिस हिरासत मिलने की स्थिति में राहुल और एल्विश यादव को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ हो सकती है। पांचों आरोपितों की हिरासत आज खत्म हो रही है इसलिए उनको कोर्ट में पेश किया गया है। फिलहाल सुनवाई जारी है। इससे पहले मंगलवार रात करीब दो बजे एल्विस यादव नोएडा के सेक्टर 20 पुलिस स्टेशन पहुंचा था, जहां उससे पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों ने तीन घंटे तक गहन पूछताछ की। इस दौरान सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में कई सवाल पूछे गए। अब दोबारा समन भेजकर एल्विश यादव से फिर पूछताछ की जाएगी।

### सुशांत सिंह राजपूत को याद कर भावुक हुई अंकिता लोखंडे

**टीवी** का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 17वां सीजन इन दिनों खूब चर्चा में है। शुरूआत के बाद से प्रतियोगियों की हरकतों से इस साल के बिग बॉस एपिसोड को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। ऐसे ही हिंदी टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत की याद में इमोशनल होती नजर आईं। उनका वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि अंकिता लोखंडे और अभिषेक गार्डन में बैठे हैं। इसके बाद अंकिता अभिषेक से कहती हैं, जब तुम शर्टलेस होकर घूमते हो तो मुझे ऐसा लगता है जैसे तुम सुशांत हो। क्योंकि उनका शरीर भी वैसा ही था। इस पर अभिषेक कहते हैं, मुझे लगता है कि हम दोनों की जर्नी एक जैसी है। दोनों की पृष्ठभूमि एक जैसी है। इसके बाद अंकिता कहती हैं, वह इतना गुस्सा नहीं था। वह बहुत शांत था।

### सलमान की फिल्म टाइगर-3 को एक फैन ने बेहद खास अंदाज में दिया ट्रिब्यूट

**टाइगर-3** की रिलीज से पहले ही फैन्स का उत्साह और प्यार दिखने लगा है। सलमान के आर्टिस्ट फैन संजू निवांगुने ने टाइगर फ्रेंचाइजी से एक्टर के टाइगर लुक का एक इल्यूजन ऑर्ट इंस्टॉलेशन क्रिएट किया है। उन्होंने मिनिएचर, कॉस्ट्यूम्स, फिल्म रिकॉर्ड्स और रील्स आदि का इस्तेमाल करके इल्यूजन ऑर्ट इंस्टॉलेशन बनाया। संजू ने पहले भी उनके लिए सैंड आर्ट और पेपर कोलाज आर्ट जैसी कई दूसरी आर्ट्स बनाई हैं, जिसमें यह इल्यूजन इंस्टॉलेशन सबसे खास बन गया है। इससे वाकई सलमान खान भी हैरान रह गए, क्योंकि संजू की क्रिएटिव आर्ट देखकर उनकी आंखें उस पर से हटी ही नहीं। फिल्म के लिए दर्शकों के बीच इस तरह के जबरदस्त क्रेज को देखते हुए कह सकते हैं कि सुपरस्टार इस दिवाली टाइगर-3 की रिलीज के साथ एक रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं।



फिल्म की शानदार एडवांस बुकिंग पहले ही सलमान खान के जबरदस्त स्टारडम का सबूत पेश कर चुका है। बहुप्रतीक्षित टाइगर-3 में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## संभावना : वायु सेना ने रूसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा

# भारतीय सेना ने चीन सीमा पर किया युद्धाभ्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस से मिले एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 को भारतीय वायु सेना ने भगवान कृष्ण के हथियार 'सुदर्शन चक्र' के नाम पर 'सुदर्शन' रखा है। अब तक 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुकी है और बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। वायु सेना ने भारतीय सेना के साथ चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में हुए 'आकाश पूर्वी' अभ्यास में पहली बार एस-400 को शामिल किया। यूक्रेन से युद्ध के चलते बाकी दो एस-400 की आपूर्ति में देरी होने की संभावना है, इसलिए भारत ने खुद एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 बनाने का फैसला लिया है।

चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को ताकतवर रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। इसलिए पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के कार्यकाल में भारत और रूस के बीच हुए पांच स्क्वाड्रन एस-400 मिसाइल सिस्टम का सौदा 35 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस अब तक भारत को 3 एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। तीनों एस-400 को देश की पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है। बाकी दो स्क्वाड्रन की डिलीवरी 2024 तक होनी है, लेकिन यूक्रेन से युद्ध के चलते इनकी आपूर्ति में देरी होने की संभावना है। वायु सेना और भारतीय सेना ने पिछले माह चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में 'आकाश पूर्वी' अभ्यास किया, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी के रूसी एस-400 को भी शामिल किया गया। इसके अलावा इस मेगा हवाई अभ्यास में सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस और अटैक हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड के साथ-साथ जमीनी सैनिक भी शामिल थे। इस अभ्यास ने भारतीय वायु सेना की परिचालन तत्परता को प्रदर्शित किया। वायु सेना ने भगवान श्रीकृष्ण के हथियार ह्यसुदर्शन चक्रह्ण के नाम पर रूसी एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा है।



भारत के पास पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की निगरानी के लिहाज से मिसाइल डिफेंस सिस्टम कम हैं, इसलिए भारत ने रूस से पांचों एस-400 की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किये जाने की योजना है। भारत सिर्फ चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। ये सीमा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। ये सरहद तीन सेक्टरों में बंटी हुई है, जिसमें पश्चिमी सेक्टर यानी जम्मू-कश्मीर, मध्य सेक्टर यानी हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड और पूर्वी सेक्टर यानी सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश है।

## गागर में सागर

### तुर्किए की संसद ने कोका-कोला और नेस्ले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास जंग के बीच तुर्किए की संसद ने अपने रेस्त्रां से कई ऐसे उत्पादों के इस्तेमाल का बाहिष्कार किया है जो कथित 'इजरायली आक्रमकता' का समर्थन करते हैं। तुर्किए की संसद के अध्यक्ष नोमान कर्तुलमस ने कहा है कि संसद उन उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा जो इजरायली आक्रमकता का समर्थन करती हो। उन्होंने तुर्किए के उत्तरी प्रांत ओरदू के एक समारोह में कहा, ₹तुर्की ग्रैंड नेशनल असेंबली में हम उन कंपनियों के किसी भी उत्पाद का इस्तेमाल नहीं करेंगे जो इजरायल की आक्रामकता का समर्थन करती हों। टीआरटी न्यूज के मुताबिक, नोमान कर्तुलमस ने कहा है कि अब से हम उन कंपनियों से कुछ नहीं खरीदेंगे और जो खरीद लिया है उसे फेंक देंगे। हालांकि नोमान ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि संसद की रेस्त्रां से कौन सी कंपनी के उत्पादों पर रोक लगाई गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, तुर्किए की संसद ने कोका-कोला और नेस्ले के उत्पादों का बहिष्कार किया है। समाचार एजेंसी ने सूत्र के हवाले से बताया है कि कोका-कोला और नेस्ले को संसद की रेस्त्रां की मेन्यू से हटाया गया है।

### 65,000 सहकारी समितियों को डिजिटल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के चेयरमैन शाजी के. वी. ने बुधवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य सहकारी समितियों की पारदर्शिता तथा दक्षता में सुधार के लिए अगले साल मार्च तक करीब 65,000 सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत करने का है। नाबार्ड को राष्ट्रीय स्तर की निगरानी तथा कार्यान्वयन समिति और सहकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शन व निदेशों के तहत सहकारी समितियों को डिजिटल करने के लिए परियोजना प्रबंधक के रूप में नामित किया गया है। सा-धन द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में उन्होंने कहा, करीब 10,000 सहकारी समितियों को पहले ही डिजिटल किया जा चुका है। हम मार्च, 2024 तक 65,000 समितियों को डिजिटल करने का लक्ष्य बना रहे हैं।'' सहकारी समितियों में दक्षता के स्तर पर पिछले कुछ वर्षों में आई खामियों पर उन्होंने कहा, हम पारदर्शिता में सुधार करके और इन संस्थाओं के कंप्यूटरीकरण के जरिए उन्हें महत्वपूर्ण मूल्य श्रृंखला का खिलाड़ी बनाने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि नाबार्ड सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक डेटा वेयरहाउस भी बना रहा है। यह करीब छह महीने में तैयार हो जाना चाहिए। सूक्ष्म वित्त पहुंच के संबंध में क्षेत्रीय असमानता की ओर इशारा करते हुए शाजी ने कहा कि पूर्व और दक्षिण की ओर इसका झुकाव अधिक है। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में सूक्ष्म वित्त पहुंच करीब दो-तिहाई है, जबकि उत्तर, मध्य तथा पश्चिम सहित शेष भारत में केवल एक-तिहाई है।

### इस साल के शुरूआती 9 महीनों में दोगुने बिके लग्जरी घर

**नई दिल्ली।** बुधवार को जारी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी सीबीआरई की एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में 4 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2023 के पहले नौ महीनों में 97 प्रतिशत बढ़ी है। भारत के शीर्ष सात शहरों में इस साल 9,200 लक्जरी घर बेचे गए, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 4,700 था। कंसल्टेंसी ने अपने इंडिया मार्केट मॉनिटर द3 2023ह्व में कहा कि इस साल त्योहारी सीजन में घरों की बिक्री तीन साल में सबसे ज्यादा होने की उम्मीद है। 2021 में 114,500 इकाइयों और 2022 में 147,300 इकाइयों की तुलना में, इस साल घरेलू बिक्री 150,000 इकाइयों से अधिक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद बिक्री पर हावी होने वाले शीर्ष तीन बाजारों के रूप में उभरे हैं, जो शीर्ष सात शहरों में कुल लक्जरी आवास बिक्री का लगभग 90 प्रतिशत है। दिल्ली-एनसीआर 37 प्रतिशत (3,409 यूनिट) की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद मुंबई, हैदराबाद और पुणे का स्थान रहा, जिनकी हिस्सेदारी क्रमशः 35 प्रतिशत (3,252 इकाई), 18 प्रतिशत (1,660 इकाई) और 4 प्रतिशत (332 इकाई) थी। जनवरी-सितंबर के दौरान सभी मूल्य श्रेणियों में घरों की कुल बिक्री 230,000 इकाइयों से अधिक हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है। घरों की बिक्री में मध्य-अंत परियोजनाओं का वर्चस्व रहा, जो कुल बिक्री का लगभग आधा हिस्सा था, इसके बाद उच्च-अंत और किफायती परियोजनाएं थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि घर खरीदने वालों के लिए सामर्थ्य अब एकमात्र निर्णायक कारक नहीं रह गया है क्योंकि स्वास्थ्य और सुरक्षा, स्थिरता और स्मार्ट होम प्रौद्योगिकियों का एकीकरण भी घर खरीद निर्णयों की कुंजी के रूप में उभरने लगा है। हमें उम्मीद है कि 2023 के आने वाले महीनों में चल रहे त्योहारी सीजन से समग्र आवास बाजार को और बढ़ावा मिलेगा। ब्याज दर चक्र में ठहराव के साथ, त्योहारी सीजन में डेवलपर्स द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन और योजनाओं से बिक्री में और वृद्धि होने की संभावना है।

## देसी कंपनियों ने एमएनसी की नाक में किया दम

# लोकल ब्रांड कर रहे तरक्की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स सेक्टर में रोचक स्थिति बनती जा रही है। देसी कंपनियों ने हिन्दुस्तान यूनिलिवर, आईटीसी, नेस्ले और ब्रिटानिया जैसे एमएनसी कंपनियों की नाक में दम कर दिया है। ये बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाती जा रही हैं। कम कीमत में अच्छे प्रोडक्ट बाजार में उतारकर इन देसी कंपनियों ने एफएमसीजी सेक्टर में जंग तेज कर दी है। ग्लोबल कंपनियों पर महंगाई का बुरा असर पड़ा है। सितंबर में समाप्त हुई तिमाही में लगभग सभी एमएनसी की ग्रोथ कमजोर ही रही है। महंगाई की मार झेल रहे खरीदारों द्वारा कम खर्च करने को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। फूड और पर्सनल केयर केटेगरी में देसी कंपनियों ने दखल दिया है। लोकल ब्रांड हर सेगमेंट में अच्छी सफलता हासिल कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में स्थित साबुन बनाने वाली कंपनी सरगम ने 35 फीसद और दक्षिण भारत की कंपनी डिटर्जेंट ने 34 फीसद की दर से



वृद्धि की। उधर, इस सेगमेंट में वृद्धि दर मात्र एक फीसद रही है। ठीक इसी तरह मसालों के सेगमेंट में भारत मसाला ने 17 और शक्ति मसाला ने 18 फीसद की वृद्धि दर हासिल की, जबकि सेगमेंट की वृद्धि दर सिर्फ 4 फीसद ही रही। प्रिया गोल्ड, जया बिस्किट, बिकानो, बालाजी और येलो डायमंड जैसी नमकीन-बिस्किट बनाने वाली कंपनियों ने भी बाजार पर ऐसी ही छाप छोड़ी है। लोकल और रीजनल ब्रांडों को कोविड-19 महामारी के दौरान हुए लॉकडाउन से बहुत फायदा पहुंचा। इन कंपनियों ने लोगों के बीच में अपनी जगह बना ली और अब वो ग्लोबल ब्रांडों से टक्कर लेने लगे हैं। राजकोट स्थित कंपनी बालाजी वेफर्स उत्तर भारत में अपना पहला प्लांट लगाने जा रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अब स्वीकारने लगी हैं कि इन देसी कंपनियों ने चाय और साबुन जैसे सेगमेंट में तगड़ी पकड़ बना ली है। ये कंपनियां अच्छी बिक्री कर रही हैं। हूल और ब्रिटानिया जैसी कंपनियों को साबुन से लेकर बिस्किट तक की कीमतों में 1.5 फीसद कटौती करनी पड़ी है। इन कंपनियों ने महंगाई के चलते अपने उत्पादों के दाम 22 प्रतिशत तक बढ़ा दिए थे। हालांकि, इन कंपनियों ने आशंका जताई है कि इस कटौती के बावजूद बहुत ज्यादा असर नहीं दिखने वाला। उन्हें लगता है कि खपत बढ़ने के साथ ही वह आगे बढ़ने लगेंगे।

## धनतेरस से पहले सस्ता हुआ सोना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। त्योहारों के सीजन में भारत में जमकर और दिवाली के खास मौके पर ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के ऑफर्स लेकर आते रहते हैं। अगर आप भी बुधवार को सोना खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। वायदा बाजार में सोना और चांदी आज दोनों लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। आज 8 नवंबर 2023 को गोल्ड 60,396 रुपये के स्तर पर खुला है। इसके बाद इसकी कीमत में गिरावट आई है और यह फिर कल के मुकाबले 12 रुपये यानी 0.02 फीसदी सस्ता होकर 60,335 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है। कल सोना 60,347 के स्तर पर बंद हुआ था। सोने के अलावा आज चांदी के दाम में भी गिरावट देखी जा रही है। वायदा बाजार में चांदी कल के मुकाबले 214 रुपये यानी 0.30 फीसदी सस्ती होकर 70,420 रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी हुई। वहीं शुरूआती दौर में चांदी 70,729 के स्तर पर खुली थी। इसके बाद से भी इसके दाम में गिरावट का सिलसिला जारी है। मंगलवार को चांदी 70,634 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की कीमत की बात करें तो यहां भी दोनों घरेलू बाजार की तरह लाल निशान पर कारोबार कर रहा है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज करेगी देश की सबसे बड़ी बॉन्ड सेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश की सबसे बड़ी बॉन्ड सेल लाने का फैसला किया है। इस बॉन्ड सेल के जरिए कंपनी बाजार से लगभग 20 हजार करोड़ रुपये जुटाएगी। किसी नॉन इत्रक प्राइवेट कंपनी की तरफ से आने वाला यह सबसे बड़ा ऑफर है। रिलायंस द्वारा 2020 के बाद पहली बार ऐसा कदम उठाया जा रहा है। बीएसई (इरए) के बॉन्ड प्लेटफॉर्म पर 09 नवंबर को 10.30 से लेकर 11.30 बजे तक इलक्ट्रोनिक बुक मैकेनिज्म के अंतर्गत इन नॉन कनवर्टिबल डिबेंचर्स की सेल होगी। इकोनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक, इस इश्यू का बेस साइज 10 हजार करोड़ रुपये और ग्रीन शू ऑप्शन 10 हजार करोड़ रुपये होगा। इन बॉन्ड्स की मैच्योरिटी अवधि 10 वर्ष की होगी। इन्हें क्रिसिल और केयर रेटिंग्स ने अअअ रेटिंग दी है। यह बॉन्ड आंशिक रूप से भुगतान योग्य, सुरक्षित, प्रतिदेय और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर हैं। इन्हें रिलायंस द्वारा जारी या जारी किए जाने वाले मौजूदा या भविष्य के



सुरक्षित ऋण या एनसीडी के बराबर रैंक दी गई है। यदि इस बॉन्ड सेल के जरिए रिलायंस ने 20 हजार करोड़ रुपये जुटा लिए तो यह किसी गैर बैंकिंग एवं वित्तीय भारतीय कॉरपोरेट द्वारा सबसे बड़ी सफलता होगी। इससे पहले एचडीएफसी ने एचडीएफसी बैंक में मर्जर से पूर्व बॉन्ड्स के जरिए 25 हजार करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले रिलायंस से अप्रैल 2020 में 05 साल के बॉन्ड जारी कर 2795 करोड़ रुपये जुटाए थे। नए बॉन्ड्स से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल हालिया कर्ज को रीस्ट्रक्चर करने पर किया जाएगा। बॉन्ड इश्यू करने का यह फैसला उस समय लिया गया है, जब रिलायंस जियो देशभर में 5 जी सर्विस के विस्तार पर काम कर रही है।

### वोल्टास का होम अप्लायंस बिजनेस नहीं बेचेगा टाटा ग्रुप

**नई दिल्ली।** वोल्टास लिमिटेड ने मंगलवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया है कि उसकी मूल कंपनी टाटा समूह अपने घरेलू उपकरण कारोबार को बेचने पर विचार कर रही है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ये खबरें पूरी तरह गलत हैं, जिनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट ने शेयरधारकों/निवेशकों के लिए चिंताओं के अलावा शर्मिंदगी पैदा की है। कंपनी ने कहा है कि वह आवश्यक स्पष्टीकरण जारी करने के लिए इस मामले को समाचार साइट के साथ बात की है। वोल्टास ने कहा है कि कंपनी रूम एयर कंडीशनर के मामले में मार्केट लीडर है और वोल्टास का आर्सेलिक के साथ उसका संयुक्त उद्यम है। बेको प्रोडक्ट्स अप्लायंसेज बिजनेस में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रैंड्स में से एक है। कंपनी ने कहा कि कंपनी बाजार से बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

## जीएसटी का दायरा बढ़ाने की तैयारी में केन्द्र सरकार : वित्तमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार का फोकस जीएसटी की चोरी रोकने और जीएसटी से कमाई बढ़ाने पर है। साथ ही सरकार की कोशिश है कि सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इसके दायरे में लाया जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुद ये बातें कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्रालय का ध्यान ना केवल जीएसटी कलेक्शन के जरिए राजस्व बढ़ाने पर है, बल्कि सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इसके दायरे में लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने गुजरात के वापी में 12 जीएसटी सुविधा केंद्र खोलने के दौरान अपने संबोधन में ये बाते कही। वित्त मंत्री ने कहा कि इन जीएसटी केंद्रों के जरिए कारोबारियों को बिना गलती किए जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने में मदद मिलेगी और साथ ही इस सेंटर्स के जरिए उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी कलेक्शन में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। पहले की तुलना में कई गुड्स पर जीएसटी रेट्स में कमी की गई है। वित्त मंत्री ने कहा




कि व्यापारियों पर दोहरा कर नहीं लगाया जा रहा इसीलिए जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि अभी भी कई कारोबारी जीएसटी के दायरे में आना नहीं चाहते और वे संगठित अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि, 'उन्हें जीएसटी के दायरे में केवल इसलिए नहीं आना चाहिए क्योंकि वे टैक्स देंगे, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की असली ताकत के लिए आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें केवल कुछ लोग मिल रहे हैं, सभी नहीं। और अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से संगठित तभी हो सकती है, जब सभी लोग इसके दायरे में आ जाएं। उन्होंने कहा कि संगठित अर्थव्यवस्था से बाहर रहना न तो देश के लिए अच्छा है और न ही उन व्यक्तियों के लिए। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर कारोबारी जीएसटी के दायरे में नहीं आते हैं, तो इसका मतलब है कि आप संभावित खरीदारों को खो रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा, 'अब मैं टैक्स कलेक्शन पर तो ध्यान देना चाहूंगी, जिसके आंकड़े हर साल और महीने बढ़ रहे है। पर साथ ही हमारा ध्यान इस बात पर भी होना चाहिए कि अधिक से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठान और व्यवसाय इसमें शामिल हों। पारदर्शी कर व्यवस्था से देश के साथ सभी को फायदा होना चाहिए।

## विदेश

### बाइडेन-शी की मुलाकात की तैयारियां जोरों पर

# रिश्तों में बदलाव की उम्मीद नहीं

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के शीर्ष नेता शी जिनपिंग के बीच अगले सप्ताह होने वाली अपेक्षित मुलाकात की तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं लेकिन व्हाइट हाउस को इस मुलाकात से दोनों देशों के बीच संबंधों में किसी प्रकार के बड़े बदलाव के आने की उम्मीद नहीं है। बैठक की योजना से जुड़े एक परिचित ने यह जानकारी दी। बाइडेन और शी के बीच यह मुलाकात, सैन फ्रांसिस्को में अगले सप्ताह होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर होनी है। व्हाइट हाउस ने पिछले महीने के अंत में घोषणा की थी कि अमेरिका और चीन इस समझौते पर पहुंचे हैं कि बाइडेन और शी, शिखर सम्मेलन से इतर एक-दूसरे से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात ऐसे वक्त में हो रही है जब विश्व की दो सबसे बड़ी आर्थिक



शक्तियों के बीच पूरा वर्ष तनावपूर्ण रहा है। हालांकि शिखर सम्मेलन के लिए बाइडेन एक सप्ताह में सैन फ्रांसिस्को पहुंचने वाले हैं इसलिए मुलाकात का सटीक समय और अन्य विवरण अभी तक औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है। सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के लिए गैर-अधिकृत व्यक्ति ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका का मानना है कि दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कुछ मामूली घोषणाएं की जा सकती हैं लेकिन संबंधों में किसी प्रकार का बड़ा बदलाव आने की उम्मीद नहीं है।

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)**

निविदा सूचना संख्या - STATE_PLAN/HZB/DT/14/2023-24 (1st Call) दिनांक – 08.11.2023

A Name of Work:- Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023-24.

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HZB/70 M/DT/01 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | HZB/70 M/DT/02 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | HZB/70 M/DT/03 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 4 | HZB/70 M/DT/04 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 5 | HZB/70 M/DT/05 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 6 | HZB/70 M/DT/06 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 7 | HZB/70 M/DT/07 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 8 | HZB/70 M/DT/08 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 9 | HZB/70 M/DT/09 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 10 | HZB/70 M/DT/10 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 11 | HZB/70 M/DT/11 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 12 | HZB/70 M/DT/12 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 13 | HZB/70 M/DT/13 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 14 | HZB/70 M/DT/14 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 15 | HZB/70 M/DT/15 | 35 Nos. | 31.40109 | 0.63 | 5,000/- | 65 Days |
| 16 | HZB/90 M/DT/16 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 17 | HZB/90 M/DT/17 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 18 | HZB/90 M/DT/18 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 19 | HZB/90 M/DT/19 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 20 | HZB/90 M/DT/20 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 21 | HZB/90 M/DT/21 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 22 | HZB/90 M/DT/22 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 23 | HZB/90 M/DT/23 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 24 | HZB/90 M/DT/24 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 25 | HZB/90 M/DT/25 | 85 Nos. | 86.00781 | 1.33 | 10,000/- | 155 Days |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 26 | HZB/120 M/DT/26 | 63 | 81.86842 | 1.64 | 10,000/- | 115 |
| 27 | HZB/120 M/DT/27 | 63 | 81.86842 | 1.64 | 10,000/- | 115 |
| 28 | HZB/120 M/DT/28 | 64 | 83.16792 | 1.67 | 10,000/- | 120 |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि:– | 16.11.2023 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिं0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि व्दसपदम जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:– | 02.12.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् |
| F | तकनीकी बीड खोलने का स्थान:– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम:– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0:– | 06546-262291 |
| I | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0:– | 0651-2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग

PR 311012 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

### इजराइल-हमास जंग के बीच गाजा बच्चों की कब्रगाह बनता जा रहा

# गाजा के बिड़ते हालात पर यूएन सचिव ने दी चेतावनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इजराइल-हमास जंग के बीच जारी जंग को एक महीना हो गया है। सात अक्टूबर से जारी युद्ध अभी भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस जंग में अभी तक दोनों पक्षों की ओर से 11 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के हमलों के बाद गाजा पट्टी की हालत बहुत खराब हो गई है। संयुक्त राष्ट्र सचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा पट्टी की हालत पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि गाजा बच्चों की कब्रगाह बनता जा रहा है। गुतारेस ने न्यूयॉर्क में पत्रकारों से कहा कि गाजा बच्चों की कब्रगाह बनता जा रहा है। गाजा के हालात मानवीय संकट से कहीं ऊपर हैं। यह मानवता का संकट है। उन्होंने कहा कि हर गुजरते घंटे के साथ संघर्ष विराम की आवश्यकता अधिक जरूरी होती जा रही है।



उन्होंने कहा कि संघर्ष के पक्ष और वास्तव में, अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक तत्काल और मौलिक जिम्मेदारी का सामना कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदायों पर इस अमानवीय पीड़ा को रोकने और गाजा में मानवीय सहायता का विस्तार करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ₹जंग में दोनों पक्षों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मौलिक जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने कहा कि जंग की शुरूआत से फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के 89 कर्मचारी मारे गए हैं। एंटोनियो गुटेरेस ने एक्स पर पोस्ट किया, हाल के हफ्तों में हमारे संगठन के इतिहास में किसी भी अवधि की तुलना से अधिक संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मी मारे गए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने मंगलवार को

**हम इस दुख को एक-दूसरे के साथ और परिवारों के साथ साझा करते हैं, जो बहुत दुख की बात है**

कहा कि कम से कम 26 सदस्य घायल हुए हैं। एजेंसी ने एक्स पर कहा, हम बेहद सदमे में हैं। हमारे सहयोगियों की बहुत याद आएगी और उन्हें भुलाया नहीं जाएगा। हम इस दुख को एक-दूसरे के साथ और परिवारों के साथ साझा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की टिप्पणियाँ इजराइल द्वारा हमास पर युद्ध की घोषणा के चार सप्ताह बाद आई हैं, आतंकवादी संगठन के 7 अक्टूबर के हमले के बाद जिसमें इजराइल में 1,400 लोग मारे गए थे और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया था।




## स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 15 | 17 | 2 | 0 |
| डाविड मलान | 87 | 74 | 10 | 2 |
| जो रूट | 28 | 35 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स | 108 | 84 | 6 | 6 |
| हैरी ब्रूक | 11 | 16 | 2 | 0 |
| जॉस बटलर | 5 | 11 | 0 | 0 |
| मोईन अली | 4 | 15 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स | 51 | 45 | 5 | 1 |
| डेविड विली | 6 | 2 | 0 | 1 |
| गस ऐटकिंसन | 2 | 1 | 0 | 0 |
| आदिल रशीद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 21, **कुल :** 339/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-48, 2-133, 3-139, 4-164, 5-178, 6-192, 7-321, 8-327, 9-334 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 10-0-67-2, लोगन वैन बीक 10-0-88-2, पॉल वैन मीकरेन 10-0-57-1, बास डलीडे 10-0-74-3, रुलॉफ वैन डर मर्व 3-0-22-0, कॉलिन ऐकरमैन 7-0-31-0

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली बरेसी | 37 | 62 | 3 | 1 |
| मैक्स ओ'डाउड | 5 | 11 | 1 | 0 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 0 | 2 | 0 | 0 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 33 | 49 | 3 | 1 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 38 | 42 | 3 | 1 |
| बास डलीडे | 10 | 12 | 2 | 0 |
| एन अनिल तेजा | 41 | 34 | 2 | 3 |
| लोगन वैन बीक | 2 | 2 | 0 | 0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 0 | 4 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त | 1 | 3 | 0 | 0 |
| पॉल वैन मीकरेन | 4 | 3 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :**08, **कुल :** 179/10(37.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-12, 2-13, 3-68, 4-90, 5-104, 6-163, 7-166, 8-167, 9-174, 10-179 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 7-0-19-1, डेविड विली 7-2-19-2, गस ऐटकिंसन 7-0-41-0, मोईन अली 8.2-0-42-3, आदिल रशीद 8-0-54-3

# 5 हार के बाद इंग्लैंड ने चखा जीत का स्वाद, नीदरलैंड को 160 रन से हराया



**एजेंसी। पुणे**
इंग्लैंड ने आखिरकार क्रिकेट विश्व कप 2023 में मिली लगातार पांच हार के बाद जीत का स्वाद चख ही लिया। पुणे के मैदान पर इंग्लैंड टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ पहले खेलते हुए बेन स्टोक्स के शतक की बदौलत 339 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम 179 रन ही बना पाई और 160 रन से मैच गंवा दिया। इंग्लैंड अब 8 मैचों में दो जीत और 6 हार के साथ टिका हुआ है। अगर वह 11 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी मैच भी जीत लेता है तो वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान भी सेमीफाइनल में जाने के लिए इंग्लैंड को हराना चाहेगी।

चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के इरादे से इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए अच्छी शुरूआत की। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरूआत दिलाई जबकि 83 गेंद में 108 रन बनाने वाले स्टोक्स ने मध्यक्रम में टीम को स्थिरता दिलाने के बाद आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाए।

स्टोक्स को आखिरी ओवरों में वोक्स का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 45 गेंद में 51 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को जॉनी बेयरस्टो और मलान ने तेज शुरूआत दिलाई। मलान ने दूसरे ओवर में लोगान वान बीक को फ्लिक करके लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने स्पिनर आर्यन दत्त (2/67) के खिलाफ अपना आक्रमण जारी रखा और अगले ओवर में कवर और गली में दो और चौके लगाए।

नीदरलैंड को 7वें ओवर में पहली सफलता मिली जब पॉल वान मीकेरेन ने दत्त की गेंद पर बेयरस्टो का शानदार कैच लपका। इस विकेट का इंग्लैंड की बल्लेबाजी पर हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा। मलान ने वैन बीक के ओवर में तीन चौके जड़कर इंग्लैंड के स्कोर को 10 ओवर में 70 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने इस दौरान 37 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

रूट और मलान की साझेदारी में पूर्व कप्तान जहां संभल कर बल्लेबाजी कर रहे थे तो वही मलान ने रोलोफ वैन डर मर्व के खिलाफ पारी का पहला छक्का लगाया। दोनों की 85 रन की साझेदारी को वैन बीक ने रूट को आउट कर तोड़ा। इसके अगले ओवर में मलान भी रन आउट हो गए।

हैरी ब्रुक (11 रन), कप्तान जोस बटलर (पांच) और मोईन अली (4) एक बार फिर प्रभावित करने में नाकाम रहे। इंग्लैंड का स्कोर 36 ओवर में छह विकेट पर 192 रन हो गया। इसके बाद स्टोक्स और वोक्स ने 129 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 300 रन के पार पहुंचाया। स्टोक्स को वैन बीक ने आउट किया तो वहीं वोक्स डी लीडे का शिकार बने।

जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की शुरूआत नहीं रही। मैक्स 5 रन बनाकर क्रिस वोक्स का शिकार हो गए तो कॉलिन एकरमैन दूसरी ही गेंद पर डेविड विली की गेंद पर जोस बटलर को कैच थमा बैठे। नीदरलैंड ने जब 13 रन पर ही दो विकेट गंवा लिए थे तो वेसले के साथ साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने पारी को आगे बढ़ाया। इसी बीच ओपनर वेसले 62 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाकर आऊट हो गए। नीदरलैंड का तब स्कोर 68 रन था।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | +2.456 |
| सा. अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 12 | +1.376 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.861 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.398 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.036 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.338 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.885 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.142 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.160 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.635 |

## बाबर की जगह शुभमन गिल बने नए नंबर एक पुरुष वनडे बल्लेबाज



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की जगह नए शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष वनडे बल्लेबाज बन गए हैं।
वह अब सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और विराट कोहली के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के पास अब पुरुषों की वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में गिल और मोहम्मद सिराज के रूप में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं।
डेंगू के कारण विश्व कप के पहले दो मैच न खेलने के बाद, गिल ने छह पारियों में 219 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हालिया स्कोर मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 92 और कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन है।
बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में 282 रन बनाए हैं और वह गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, क्योंकि दुनिया में शीर्ष क्रम के पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाज का दो साल से अधिक का शासन समाप्त हो गया है। करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में कोलकाता में पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी की, तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक के भीतर हैं, जिन्होंने विश्व कप में अब तक 543 रन बनाए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में प्रभावशाली 17 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान (तीन पायदान ऊपर 11वें) और अफगानिस्तान के समकक्ष इब्राहिम जादरान (छह पायदान ऊपर 12वें) भी प्रगति कर रहे हैं।

## संगीता, सलीमा व निक्की ने मजबूत समर्थन के लिए रांची के प्रशंसकों का जताया आभार



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खचाखच भरी रांची की भीड़ के सामने जापान को 4-0 से हराकर झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। झारखंड की संगीता कुमारी (17'), नेहा (46'), लालरेम्सियामी (57') और वंदना कटारिया (60') ने गोल कर भारत को दूसरी बार प्रतिष्ठित खिताब दिलाया। घरेलू प्रशंसकों के सामने टूर्नामेंट के फाइनल में गोल करना संगीता कुमारी के लिए एक अविस्मरणीय क्षण था, जिन्होंने इसे अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक बताया। संगीता ने कहा, मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं सहयोगी स्टाफ, अपने साथियों और कोचों की आभारी हूं और मुझे गर्व है कि मैं उनके भरोसे पर खरा उतर सकी। फाइनल में, शुरूआती लक्ष्य हासिल करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है और मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए ऐसा करने में सफल रही। टूर्नामेंट में 6 गोल के साथ भारत के लिए सर्वाधिक गोल करने वाली संगीता कुमारी ने राइजिंग स्टार ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी जीता।

संगीता ने कहा, यह मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक है। मैं बहुत खुश हूं। मैं अपनी टीम की जीत में योगदान देने में सक्षम थी और मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में भी इसी तरह की फॉर्म जारी रखूंगी। टूर्नामेंट में भारत का दबदबा रहा और उसने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहकर ट्रॉफी जीती। मेजबान भारत ने टूर्नामेंट की शुरूआत थाईलैंड पर 7-1 से जीत के साथ की, इसके बाद मलेशिया पर 5-0 से जीत दर्ज की। भारत ने चीन और जापान पर 2-1 से जीत के साथ अपनी आक्रमणकारी और रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। भारत ने कोरिया को 5-0 से हराकर राउंड-रॉबिन चरण 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहकर समाप्त किया। भारत ने सेमीफाइनल में कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम के लिए एक और स्टार खिलाड़ी झारखंड की सलीमा टेटे थीं, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए झारखंड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। सलीमा ने टूर्नामेंट में न सिर्फ 5 गोल किए बल्कि सर्कल के अंदर भारत के लिए अहम मौके भी बनाए। सलीमा ने कहा, पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में घरेलू प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करना सम्मान की बात थी।

## एआईएफएफ ने शाजी प्रभाकरन को तत्काल प्रभाव से किया बर्खास्त



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने महासचिव शाजी प्रभाकरन को 'विश्वास तोड़ने' के कारण तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। राष्ट्रीय शासी निकाय ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआईएफएफ के उप सचिव एम सत्यनारायण तत्काल प्रभाव से एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव का कार्यभार संभालेंगे। प्रभाकरन को पिछले सितंबर में एआईएफएफ का महासचिव नियुक्त किया गया था। कल्याण चौबे की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक में उनके नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगायी गयी थी। हाल ही में, एआईएफएफ कार्यकारी समिति के भीतर प्रभाकरन के कामकाज और उनके उच्च मासिक वेतन को लेकर चिंताएं उभर रही थीं। प्रभाकरन ने वीडियो असिस्टेंट रेफरल (वीएआर) प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए महासंघ के भीतर धन की कमी के बारे में शिकायत की थी।

## अपनी पेरिस ओलंपिक योग्यता को हल्के में नहीं लूंगा : प्रणय

**एजेंसी। मुंबई**
एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने जोर देकर कहा कि भारत में पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर होने के बावजूद वह अपनी पेरिस ओलंपिक योग्यता को हल्के में नहीं ले रहे हैं। प्रणय वर्तमान में रोड टू पेरिस रैंकिंग में 7वें स्थान पर हैं, हमवतन लक्ष्य सेन 17वें और किदांबी श्रीकांत 20वें स्थान पर हैं। क्वालिफिकेशन नियमों के अनुसार, एक देश दो खिलाड़ियों को ओलंपिक में तभी भेज सकता है, जब दोनों 28 अप्रैल, 2024 को योग्यता अवधि के अंत में रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष -16 में शामिल हों।

प्रणय ने अपने विशेष सहयोग की घोषणा करने के लिए बुधवार को यहां फेडरल बैंक के साथ एक कार्यक्रम के इतर कहा, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना अभी प्राथमिक लक्ष्य है। क्वालीफिकेशन समाप्त होने से पहले 10-12 टूर्नामेंट बाकी हैं और मैं कुछ भी हल्के में नहीं ले सकता। पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है। 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन ने कहा, मुझे



लगातार बने रहने और अपने प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत जारी रखने की जरूरत है।

प्रणय, जो पिछले महीने हांगझोउ में 1982 के बाद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे, पीठ दर्द के कारण एक्शन से बाहर हैं और इस महीने उन्हें जापान ओपन सुपर 500 और चीन ओपन वर्ल्ड सुपर 750 टूर्नामेंट में भाग लेना है। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी भी पीठ दर्द से उबर रहा हूं और मैंने फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। मैं फिर से टूर पर जाने के लिए उत्सुक हूं लेकिन मैं अपनी फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं लेने जा रहा हूं।

अपने एशियाई खेलों के अभियान के बारे में बोलते हुए, प्रणय ने कहा कि वह पुरुष एकल में पदक के लिए खुद को आगे बढ़ाने में सक्षम थे, लेकिन निराश थे कि उनकी चोट ने उन्हें पुरुष टीम फाइनल खेलने की अनुमति नहीं दी। टीम रजत बहुत बड़ा है क्योंकि एशियाई खेल एक कठिन टूर्नामेंट है। हर कोई अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार था और इसीलिए हमें पदक मिला। काश मैं (फाइनल के लिए) पूरी तरह फिट होता।
प्रणय ने कहा, बहुत सी चीजें गलत हो सकती थीं। मैं घायल हो गया था, लोग बीमार थे लेकिन चीजें अपनी जगह पर महसूस होती हैं। लेकिन मैंने उस (व्यक्तिगत) पदक के लिए कड़ी मेहनत की। क्वार्टरफाइनल के दिन, यह इस बारे में था कि मैं खुद को कितना आगे बढ़ा सकता हूं। उन्होंने कहा कि वह उस मैच में सब कुछ करने को तैयार थे। दुनिया नं. 8 ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशिक्षण, टूनामेंट और यहां तक ??कि खेल विज्ञान समर्थन के लिए सरकारी समर्थन से लाभान्वित हो रहे हैं।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट की पहली महिला अध्यक्ष बनी डायना



**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)।** डायना पुकेतापु-लिंडन न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष के रूप में मार्टिन स्नेडेन की जगह लेंगी, जो संगठन के इतिहास में यह भूमिका निभाने वाली पहली महिला होंगी। यह बदलाव स्नेडन के फैसले के बाद हुआ है, जिनके पास बोर्ड पर निदेशक के रूप में काम करने के लिए अभी भी एक साल का समय है। वह डिप्टी चेयरमैन पुकेतापु-लिंडन को अपने नए पद पर आसानी से बदलाव की अनुमति देने के लिए अध्यक्ष पद से हट जाएंगे। एनजेडसी के पूर्व सीईओ स्नेडेन, जिन्होंने इसके बोर्ड में निदेशक के रूप में तीन कार्यकाल दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक नई कुर्सी को समायोजित करने के लिए पद छोड़ना बिल्कुल सही काम था। स्नेडेन ने कहा कि एनजेडसी बोर्ड के सदस्य रोजर टूसे इस महीने के अंत से आईसीसी में एनजेडसी के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## श्रीलंका क्रिकेट ने अंडर-19 विश्व कप के संबंध में 'झूठे आरोपों' का खंडन किया

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने संसदीय विशेषाधिकारों की आड़ में खेल मंत्री द्वारा प्रसारित झूठी, दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक जानकारी को मंगलवार को संबोधित किया है। बुधवार को जारी एसएलसी के बयान में कहा गया, एसएलसी 2024 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के लिए चल रही तैयारियों के बारे में जनता को सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए इस अवसर का उपयोग कर रही है। सबसे पहले, यह ध्यान रखना जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका को 2024 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी का सम्मान सौंपा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन जनवरी 2024 में शुरू होने वाला है, और श्रीलंका क्रिकेट इसके सफल क्रियान्वयन के लिए लगन से काम कर रहे हैं।"

प्रतिक्रिया

### खेलों के आयोजन पर गोवा की नजर

# राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार

**एजेंसी। पणजी**
जब राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार गोवा को दिया गया था, तो छोटे से तटीय राज्य की क्षमता के बारे में सभी लोगों की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं थीं कि क्या गोवा बिना किसी अड़चन और परेशानी के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को अंजाम दे पाएगा। हालाँकि, 37वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में केवल अब बस दो दिन बचे हैं, गोवा ने न केवल भागीदारी और खेल अनुशासन के मामले में अब तक के सबसे बड़े खेलों की मेजबानी करने की अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की है। 42 प्रकार के खेलों में 10,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने राष्ट्रीय खेलों के इस संस्करण में पदार्पण किया, आयोजकों की राय है कि यह गोवा



के पूरे खेल इतिहास में सबसे अच्छा क्षण है और राज्य भविष्य में ऐसे कई खेलों की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। गोवा टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (तकनीकी कंडक्ट समिति) के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने कहा, ह्लराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना गोवा के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत गर्व की बात रही है। आखिरकार, राष्ट्रीय खेलों जैसा आयोजन देश भर के कई उभरते एथलीटों के लिए एक आदर्श लॉन्च पैड है। इस तरह के आयोजन से एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने का पूरा मौका मिलता है। इसलिए, मेजबान के रूप में, हमने इस हिस्से को अत्यंत महत्वपूर्ण माना और सुनिश्चित किया कि हम इस साल के राष्ट्रीय खेलों को सहजता से जीतें।

शर्मा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे राज्य भर में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे (स्टेट ऑफ दा आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण ने उन्हें पांच शहरों में फैले कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा, हमने पिछले साल गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों से प्रेरणा ली और गोवा में भी इसी तरह के बहु-शहर कार्यक्रम की मेजबानी के लिए एक रोडमैप तैयार किया। अब, इसकी कुंजी एक अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा (स्टेट ऑफ दा आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर) था, जिसके लिए सभी ने बहुत मेहनत से काम किया और हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा, पेंचाक सिलाट, लागोरी, गतका, मिनी गोल्फ और सबसे महत्वपूर्ण, बीच फुटबॉल, जो गोवा का पर्याय है, जैसे कुछ नए खेल इस संस्करण में पदार्पण किए। इसलिए, इन खेल आयोजनों के लिए पूर्ण-प्रूफ बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बहुत सारे काम की आवश्यकता थी। लेकिन हमने सब कुछ कुशलतापूर्वक और शुरूआत से किया, और हर कोई अंतिम परिणाम देख सकता है। गोवा की खेल सचिव स्वेतिका सचान ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि कैसे 10,000 से अधिक एथलीटों की मेजबानी करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है, लेकिन गोवा के खेल प्राधिकरण ने इस चुनौती को स्वीकार किया और अब आने वाले दिनों में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

विश्व कप टिकट कालाबाजारी मामला

## बीसीसीआई ने मांगी एफआईआर की कॉपी



**एजेंसी। कोलकाता**
बीसीसीआई ने शहर में क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के टिकट कालाबाजारी मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की प्रति मांगी है। बीसीसीआई ने 5 नवंबर को बोर्ड को कोलकाता पुलिस के नोटिस के जवाब में एफआईआर की प्रति मांगी है, जिसमें टिकटों की ऑनलाइन मार्केटिंग में अपनाई गई प्रक्रिया की जानकारी मांगी गई थी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने मंगलवार शाम को हमारे नोटिस का जवाब दिया और मामले में दर्ज एफआईआर की प्रति मांगी। बोर्ड अधिकारियों ने दावा किया है कि एफआईआर की सामग्री को पढ़ने से उनके लिए इस मामले में हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना आसान हो जाएगा। हमने उन्हें बुधवार सुबह मामले में एफआईआर की एक प्रति भेजी है। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी), जिसके अधिकारियों से पिछले हफ्ते मैदान पुलिस स्टेशन में अधिकारियों ने पूछताछ की थी, ने इस मामले में किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार कर दिया, क्योंकि एसोसिएशन किसी भी तरह से टिकटों के विपणन में शामिल नहीं है। शहर पुलिस ने ऑनलाइन टिकट विपणन इकाई के अधिकारियों से भी पूछताछ की और उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रश्नों का विस्तार से जवाब देने के लिए उन्हें और समय की आवश्यकता होगी।